

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 005 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 20 अक्टूबर 2022 http://samajjagran.in पेज:12 मूल्य 05 रुपया


## किसान दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनी किसानों की समस्याएं

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को किसान दिवस का आयोजन होता है। इस संदर्भ में जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में किसानों और संबंधित अधिकारियों की सम्मिलित बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य किसानों की समस्याओं को सुनना और उसका निराकरण करना था। किसानों ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी बात रखी और कहा कि उन्हें समय से सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए जिससे कि वह अधिक से अधिक मुनाफा कमा सकें। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों के यहां जो भी मीटर लगे हैं उनकी जांच कराई जाए अगर वह सही है तो उनसे किसी भी प्रकार का दबाव डालकर बिल न वसूला जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि 17 ब्लॉकों के कर्मचारियों को ट्रेंड करके विद्युत रीडिंग के लिए भेजा जाए। उन्होंने कहा कि जो भी फार्म गलत तरीके से किसानों से बिल वसूली करेगी उसे ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकों द्वारा जो भी लोन दिया



जाता है उनका सर्च चार्ज समाचार पत्रों में निकाला जाए जिससे कि किसानों को इसकी जानकारी हो सके। जनपद में इस समय 44 क्रय केंद्र है जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी क्रय केंद्र ठीक से और इमानदारी पूर्वक कार्य करें जिससे कि किसानों को बिचौलियों से बचाया जा सके। जिलाधिकारी ने मंडी सचिव को फटकार लगाते हुए कहा कि किसानों को कूपन इमानदारी पूर्वक वितरित किए जाएं। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारी और सभी अग्रणी किसान उपस्थित थे।

## 21 अक्टूबर को नगर पंचायत रतसर में भी होगी नेताजी की श्रद्धांजलि सभा : अमित

### –पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने कहा बीका भगत के पोखरे पर होगा आयोजन

**जुनेद अहमद,**
**दैनिक समाज जागरण**

रतसर (बलिया) : उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के सम्मान में सपा रतसर में भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करेगी। उक्त जानकारी वरिष्ठ सपा नेता और पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमित यादव ने दी है।

कहा इसको लेकर प्रदेश भर के पदाधिकारियों को एक निर्देश भी जारी किया गया है। बता दें, गुरुग्राम के मेंदांता अस्पताल में सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव का बीते दिनों निधन हो गया था। इस सम्बंध में सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल



की ओर से सभी जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक समेत सभी नेता-कार्यकताओं को पत्र लिखा गया है। जिसमें कहा गया है कि समाजवादी पार्टी के संरक्षक एवं पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन से हम सभी दुखी है। इसी क्रम में स्थानीय नगर पंचायत स्थित बीका भगत के पोखरे पर 21 अक्टूबर को सायं चार बजे नेता जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। अमित यादव ने बताया कि 'श्रद्धेय नेता जी के निधन पर पूरे देश के सभी दलों के नेताओं,उच्च पदासीन लोगों,जनता, विभिन्न दलों के कार्यकताओं द्वारा जो संवेदनाएं और भावनाएं प्रकट की गई वो नेता जी के विराट और महान व्यक्तित्व को दशार्ती हैं। नेता जी,गांधी और डा० लोहिया की विचारधारा के सच्चे अनुयायी थे।

## श्रीमद भागवत कथा में गोवर्धन पूजा के आध्यात्मिक पक्ष का वर्णन किया गया

**दैनिक समाज जागरण**

नोएडा दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा सेक्टर-43, छलेरा, नोएडा, उत्तर प्रदेश में श्रीमद्भागवत कथा में गोवर्धन पूजा प्रसंग का वर्णन करते हुए साध्वी कांलिदी भारती जी ने कहा कि गो शब्द का अर्थ है गाय और वर्धन का तात्पर्य है बढ़ाना अर्थात गाय का संवर्धन करना। गोवर्धन पूजा से सम्बंधित साध्वी जी ने गौ का रक्षक एवं वर्धन के मर्म को समझाते हुए आध्यात्मिक पक्ष में गोवर्धन गाथा को सबके समक्ष रखा। इसी के अंतर्गत उन्होंने संस्थान के प्रकृति संरक्षण कार्यक्रम ह्यसंरक्षणह्ण की चर्चा करते हुए बताया कि आज अनेक आयोजनों द्वारा समाज में



प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता लाई जा रही है।

श्री नीरज शेखर,मा.साँसद राज्यसभा, एवं श्री सुरेन्द्र सिहँ नागर ,मा.साँसद राज्यसभा ने दीप प्रज्वलित कर कथा का शुभारंभ कराया, साथ मे मुख्य यजमान डा.वी.एस.चौहान चैयरमैन प्रकाश हास्पिटल नौएडा,कथा सँयोजक करतार सिहँ चौहान एवं मानसिहँ चौहान, पू. मँत्री श्री मदन चौहान, मिडिया प्रभारी मुकुल वाजपेयी ठा.एन.पी.सिहँ, अध्यक्ष डी.डी.आ र.डब्ल्यू,नौएडा, श्री विनोद शर्मा जी सम्पादक, नौएडा खबर,महेश अवाना, राजकुमार चौधरी,चेतन चौहान,लायन विनय सिसोदिया आदि काफी सँख्या मे भक्तगण उपस्थित रहे।

## पटाखे मत चलाना रे! बाबा! जेल और जुमार्ना पावा!

(हरेश उपाध्याय) दिल्ली:-दिल्ली में पटाखों पर बैन तो लगा ही हुआ है।आज पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एक कदम और आगे बढ़ कर प्रेस कांफ्रेंस कर,एक तरह से पटाखों की मनाही की मुनादी बजा दी। वहीं अगर राजधानी में पटाखे फोड़े गए तो 6 महीने तक की सजा का भी ऐलान कर दिया गया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उक्त जानकारी दी है।उन्होंने बताया है कि नियम टूटने पर 200 रुपये तक का जुमार्ना भरना पड़ सकता है।दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध तो पहले ही लगा दिया गया था।अब सरकार ने एक और फरमान जारी कर जुमार्ने का भी ऐलान कर दिया है। अगर राजधानी में कोई भी शख्स पटाखे फोड़ता पाया गया तो उस पर 200 रुपये का जुमार्ना लगेगा। वहीं उसे 6 महीने जेल में भी काटने पड़ सकते हैं।उन्होंने कहा है कि पटाखों को खरीदना और उन्हें फोड़ने पर 200 रुपये का जुमार्ना लगेगा। 6 महीने की जेल की सजा भी होगी।वहीं जो भी



पटाखों की स्टोरेज करेगा या उनकी बिक्री में शामिल होगा। उन पर भी 5000 रुपये तक का जुमार्ना और तीन साल की जेल होगी।यह प्रतिबंध` प्रभावी रूप से काम कर सके। इसलिए 408 टीमें बना दी गई हैं। असिस्टेंट कमिश्नर की अध्यक्षता में, दिल्ली पुलिस ने 210 टीमें बना दी हैं। आयकर विभाग ने भी 165 टीमें बनाई हैं और` दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति की भी 33 टीमें तैनात रहेंगी।गोपाल राय ने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली में लोगों के बीच जागरूकता बढ़े। इसलिए 'दिये जलाओ पटाखे नहीं' मुहिम छेड़ी जाएगी।सरकार खुद कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में 51 हजार दिये प्रज्वलित करने वाली है। राय ने यह भी बताया कि अभी तक दिल्ली पुलिस द्वारा 2,917 किलो पटाखे जब्त किए जा चुके हैं।




# रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा रुपया, आज आई पैसे की सबसे बड़ी गिरावट

**हाल ही देश की वित्त मंत्री ने रुपये में आ रही गिरावट को लेकर कहा था कि वे इसे डॉलर की मजबूती के रूप में देखती हैं. इस साल में अब तक भारतीय रुपया 9 फीसदी से अधिक गिर चुका है. दरअसल, रुपये के कमजोर होने से भारत विदेशी मुद्रा भंडार पर असर होता है.**

भारतीय बाजार से विदेशी पूंजी के लगातार बाहर निकलने और डॉलर की मजबूती के कारण रुपया बुधवार को 61 पैसे टूटकर 83 रुपये के स्तर पर पहुंच गया. आपको बता दें कि रुपये में हुई ये सबसे बड़ी गिरावट है. डॉलर के मुकाबले रुपया आज 83.01 के स्तर पर बंद हुआ है. इससे पहले मंगलवार को भी रुपये में गिरावट आई थी और 10 पैसे की गिरावट के साथ ये 82.40 के स्तर पर बंद हुआ था. वहीं, डॉलर और मजूबत होकर 112.48 के स्तर पर पहुंच गया है.

### आम जनता पर पड़ता है असर

गौरतलब है कि हाल ही देश की वित्त मंत्री ने रुपये में आ रही गिरावट को लेकर कहा था कि वे इसे डॉलर की मजबूती के रूप में देखती हैं. इस साल में अब तक भारतीय रुपया 9 फीसदी से अधिक गिर चुका है. दरअसल, रुपये के कमजोर होने से भारत विदेशी मुद्रा भंडार पर असर होता है. ऐसे में, आरबीआई को जब लगता है कि रुपया नीचे जा रहा है तो वह डॉलर बेचना शुरू कर देता है जिसमें हमारा फॉरेक्स रिजर्व घटता है. दरअसल, इतना अधिकांश आयात डॉलर में ही किया जाता है और रुपये के कमजोर होने से एक्सचेंज रेट पर फर्क पड़ता है. और यही वजह है कि इसका सीधा असर आम जनता पर होता है.



### भारतीय बाजार में तेजी

रुपये में हो रही लगातार गिरावट के बावजूद भारतीय शेयर बाजार में लगातार कई सत्रों से तेजी बनी हुई है. आज के बाजार की बात करें तो सेंसेक्स 146 अंक चढ़कर 59107 के स्तर पर और निफ्टी 25 अंक की तेजी के साथ 17512 के स्तर पर बंद हुआ. यह लगातार चौथा सत्र है जब शेयर मार्केट बढ़त के साथ बंद हुआ. एक्सपर्ट्स की मानें तो बेहतर कॉर्पोरेट आंकड़ों के चलते आई मजबूती का लाभ घरेलू मार्केट को भी मिल रहा है.

## ओमप्रकाश राजभर ने कहा जबतक लोकतंत्र है तबतक लड़ाई जारी रहेगी

**शशि कान्त तिवारी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर।ओमप्रकाश राजभर का सावधान यात्रा गाजीपुर के सादात ब्लाक के कटया गांव में पहुंचा। जहां पर एक जनसभा किया। जनसभा के दौरान कार्यकताओं को अपने हक हक हकुक की लड़ाई के लिए एकजुट होने का आह्वान किया । इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि जातीयवार जनगणना, जातीय गिनती एक समान शिक्षा रोजगार परक शिक्षा कक्षा 4 से लागू कराना बिजली बिल माफ कराना बिहार गुजरात की तरह शराबबंदी गरीबों का इलाज फ्री में इस तरह के मुद्दे को लेकर जनता के बीच में जा रहे हैं और उनसे कह रहे हैं कि आप अपने अधिकार और हक के लिए लड़ो अभी तक आप लोग अपने नेताओं के लिए लड़ते रहे हैं और नेता जब यहां से चला जाता है तो सत्ता पाने के बाद आपको भूल जाता है। तो उन नेताओं को याद कराने के लिए हम सावधान यात्रा निकाले



हुए हैं। वही मीडिया ने राहुल गांधी के भारत जोड़ो अभियान पर कहा कि वह अपना काम कर रहे हैं और हम अपना काम कर रहे हैं। वही मीडिया ने ओमप्रकाश राजभर से सवाल किया कि यह लड़ाई कब तक जारी रहेगी तो उन्होंने कहा कि जब तक लोकतंत्र रहेगा तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। इस दौरान ज्योतिबा फुले, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, महाराजा सुहेलदेव आदि महापुरुषों के तर्ज पर आगे की लड़ाई लड़ेंगे। वहीं आरक्षण के मामले पर ओमप्रकाश राजभर ने शायरी अंदाज में कहा की कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती जैसे भगवान राम का मंदिर बनाने के लिए कोई मानता नहीं था लेकिन कोर्ट के आदेश पर राम मंदिर भी बन रहा है तो हम भी अपनी आवाज को बुलंद करेंगे तो मेरी भी आवाज सुनी जाएगी। वही मीडिया ने ओमप्रकाश राजभर से सवाल किया कि अनिल राजभर आपको असलम राजभर बताते हैं के सवाल पर कहा कि हो सकता है कि वह मुसलमानी करवा लिए हो। साथ ही कहा एक साइकिल चोर, दूसरे को साइकिल चोर ही समझता है। वही ओमप्रकाश राजभर ने आने वाले निकाय चुनाव को लेकर कहा कि हम अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ेंगे।

# सुविधा शुल्क नहीं दे सकी तो अपात्र हो गयी शालिनी, मामला मुख्यमंत्री आवास में धांधली का

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी के मुसाफिरखाना क्षेत्र में सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति अमेठी जनपद में बेमानी साबित हो रही है मुसाफिरखाना विकासखंड के मानशाहपुर गांव में मुख्यमंत्री आवास एक लाभाथीर्नी को विकास कर्मियों ने सिर्फ इसलिए अपात्र घोषित कर दिया क्योंकि सुविधा शुल्क देने के लिए उसके पास पैसे नहीं थे मामले की शिकायत केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को शिकायती पत्र भेज कर की गयी है।

मामला अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना विकासखंड अंतर्गत मानशाहपुर गांव का है यहां के मुख्यमंत्री आवास की लाभार्थी शालिनी देवी पत्नी रामचंद्र ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गत वर्ष हुई बारिश में हमारा मकान ढह गया था जिसकी क्षेत्रीय लेखपाल ने जांच की सूची एसडीएम को भेजी थी जिस पर अहेतुक सहायता के रूप में मिलने वाली धनराशि शालिनी को मिल चुकी है मुख्यमंत्री आवास की सूची में भी पीड़िता को चयनित कर लिया गया इसी बीच गांव के सेक्रेटरी ने पंजीयन



कराने व आवास दिलाने के एवज में सुविधा शुल्क की मांग की जिस पर लाभार्थी ने कहा कि साहब हमारी हैसियत कुछ देने की नहीं है पैसा खाते में आ जाएगा तो देख लेंगे इतना सुन विकास कर्मी झल्लाकर वापस लौट आया और खंड विकास अधिकारी को भेजी रिपोर्ट में लाभार्थी को अपात्र होने की रिपोर्ट लगा दी जिसकी शिकायत पीड़िता ने तहसील दिवस में 30 जुलाई 2022 को की थी जिस पर एसडीएम सविता यादव ने तहसीलदार संगीता पांडे को जांच सौंपी जिसमें शालिनी मुख्यमंत्री आवास की पात्र पाई गयी जिस पर एसडीएम ने 19 सितंबर 2022 को पत्रांक 1418 पर खंड विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री आवास दिलाए जाने के निर्देश दिए बावजूद विकास कर्मियों ने एसडीएम के आदेश तहसीलदार द्वारा कराई गयी जांच आख्या को गलत बताते हुए शालिनी को मुख्यमंत्री आवास देने से स्पष्ट इनकार कर दिया जबकि ग्रामीणों के मुताबिक शिकायती अत्यंत ही गरीब है जो आवास पाने के पात्र भी है लेकिन सुविधा शुल्क न देना आवास के लिए अपात्र होने का कारण बन गया जबकि घास फूस के बने छप्पर में वह आज भी जीवन यापन कर रही है प्रकरण की शिकायत क्षेत्रीय सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से की गयी है।

इनसेट-

### खंड विकास अधिकारी बोले...

**मुख्यमंत्री आवास आवंटन में धांधली के संबंध में खंड विकास अधिकारी अनीश अहमद से पूछा गया तो उनका जवाब था कि शालिनी जांच में अपात्र पाई गयी है इसलिए उसे आवास नहीं दिया जा सकता**

## मल्लिकार्जुन खड़गे के पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर कांग्रेस नेता ने दी बधाई:–

### बाबू जगजीवन राम के बाद दूसरे दलित नेता का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर चयन खुशी की बात :–अनिमेष हर्षवर्धन

कैमूर के कांग्रेस नेताओं ने मल्लिकार्जुन खड़गे को पार्टी अध्यक्ष निर्वाचित होने पर खुशी का इजहार करते हुए बधाई दी और पार्टी को नए सिरे से खड़े करने ,पार्टी को गति देने के लिए शुभकामनाएं दी कांग्रेस नेता पूर्व विदेश राज्य मंत्री प्रोफेसर के के तिवारी के भतीजे पूर्व लोकसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस बक्सर सह पूर्व( संगठन सचिव बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी )अनिमेष हर्षवर्धन उर्फ बिपुल तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में पुरी तरह से लोकतांत्रिक तरीके से मल्लिकार्जुन खडगे आज मतों के गिनती के बाद पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिए गए।मल्लिकार्जुन खडगे को राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर हम कांग्रेस जनों को एक आस



की किरण नजर आ रही है इनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी पुनः अगामी चुनाव के बाद केन्द्र में सत्ता सम्भालने की सम्भावना प्रबल हो गई है।बाबू जगजीवन राम जी के बाद यह दुसरा मौका है जब कोई दलित समाज से कांग्रेस पार्टी में राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं।वरीष्ठ राजनेता, लोकसभा और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष रह चुके प्रखर वक्ता मल्लिकार्जुन खडगे जी कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवित करने का काम करेंगे और कांग्रेस पार्टी अपने खोए हुए जनाधार को वापस लायेगी ।

## निजी नलकुपो पर विद्युत मीटर लगाने के विरोध में बैठे धरने पर किसान

आज भारतीय किसान संघ के तत्वाधान में निजी नलकुपो पर विद्युत मीटर लगाने के विरोध में ग्राम चमरावल विद्युत उपखंड पर क्षेत्र के किसानों के साथ धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया गया व अधीक्षण अभियंता विद्युत बागपत के नाम ज्ञापन उपस्थिति सम्बन्धित नोडल अधिकारी मुकेश यादव को सौंपा गया।

सरकार द्वारा चुनाव से पूर्व वादा किया गया था कि राज्य में भाजपा सरकार आने के पश्चात विद्युत बिल को खत्म किया जाएगा।

लेकिन निजी नलकूपों पर विद्युत विभाग द्वारा चोरी-छिपे विद्युत मीटर लगाए जाने से किसान आहत है और अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है।

अगर विद्युत मीटर निजी नलकूपों पर लगाए जाते हैं तो किसान इस महंगाई में अत्यधिक बिजली बिल का भुगतान कहां से कर पाएगा , एक तरफ तो भाजपा की सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात कर रही है और वही दुसरी ओर विद्युत मीटर लगा कर किसानों पर आर्थिक बोझ डालकर उन्हें आत्महत्या करने पर मजबूर कर रही है।

भारतीय किसान संघ और क्षेत्र के संपूर्ण किसान विद्युत मीटर लगाने के विरोध में है और भविष्य में अगर इस पर सरकार रोक नहीं लगाती तो एक बड़ा किसान आंदोलन करने पर संगठन विवश होगा ,जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग विद्युत विभाग एवं सरकार की है।




## मेरे बचपन की दिवाली



**पूर्व विधायक प्रांतीय परिषद के सदस्य भाजपा नेता भगवान पाठक।**

हम लोगों के समय में दिवाली सामाजिक समरसता आपसी सौहार्द के तहत लोग मनाया करते थे एक दूसरे के गले मिलकर बरसों की शिकायत शिकवा बुलाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाते थे हर पड़ोसी अपने पड़ोसी के घर में जाकर के कुशल क्षेम पूछता था मिट्टी के दीए जलाए जाते थे बड़ा उत्साह रहता था दिवाली को लेकर वह चीजें देखने को नहीं मिल रही हैं अब लोगों के बीच कटुता फैल गई है केवल लोगों में नफरत फैला हुआ है इसको दूर करना होगा और एक बार पुनः सामाजिक समरसता समाज में काम कर रहा होगा तभी लगेगा कि दीवाली हम मना रहे हैं

## "यादों के दीप" (बचपन की दीवाली)



**रत्ना श्रीवास्तव साई सदन प्लॉट नं 661,फ्लैट नं 500 एक्सटेंशन-1 शालीमार गार्डन साहिबाबाद गाजियाबाद ,यूपी**

दीवाली तब भी मनती थी,दीवाली अब भी मनती है।नई उमंग,नई स्फूर्ति,नया जोश,नये कपड़े,नये ढंग से घरों की साज-सज्जा तब भी होती थी,आज भी होती है।पर,बचपन की दीवाली याद करते ही कहीं कुछ कसक-सी रह जाती है।

वो बचपन की दीवाली !जब घर लड़ियों से नहीं दीयों से सजाए जाते थे।और इन दीयों की गिनती से लेकर जलाने से दो घंटे पहले पानी में भिंगोने तक की जिम्मेदारी हमारी होती थी।दीयों में पानी डालकर इस बात का भी निरीक्षण करते कि कोई दीया रीस तो नहीं रहा है।फिर दीयों में बाती और तेल डालना भी हमारा ही काम होता था।उफ!कितनी व्यस्तता,कितनी जिम्मेदारी।फिर पूरी मुस्तैदी और तन्मयता से यह जिम्मेदारी निभाने की कोशिश होती ताकि माता-पिता की वाहवाही लूट सकें।'

दीवाली के दिन शाम को जब माँ पूजा घर में दीया जला लेती और कहती-"सभी जगह दीये रख दो तुमलोग"हम सभी भाई-बहन बड़ी तत्परता से दौड़ पड़ते दीया रखने।फिर तो घर का कोई कोना,कोई वस्तु नहीं रह जाती जहाँ दीये नहीं रखे गये हों,क्या साईकिल,क्या चूल्हा,क्या अलमारी और क्या हैंड पाइप।सभी जगह दीये ही दीये।

. . इतना ही नहीं,गाँव की सीमा पर स्थित "घमंडी बाबा "और "सुगनी माई"के स्थान( मंदिर )पर भी ,जहाँ दिन में भी अकेले जाते डरते थे,उस दिन अपनी वीरता का प्रदर्शन करते हुए अकेले ही दीया रखने जाते क्योंकि हमें पता होता था कि वहाँ और भी लोग दीया रखने आए हों गे और फिर चारों तरफ जगमग-जगमग प्रकाश तो फैला ही है।

उस दिन रातभर नींद नहीं आती।उठ-उठकर दीये में तेल डालते ताकि मित्र-मंडली को बता सकें कि हमारे यहाँ के दीये तो सुबह तक जलते रहे।

पटाखे फोड़नेवालों में से हम नहीं थे।हमारा काम सिर्फ माचिस और पटाखा पकड़ाना था।और पटाखा फूटते ही दोनों कानों पर हाथ रखकर चिल्लाना।

दीवाली के दिन से भी मजेदार दीवाली की दूसरी सुबह होती थी।जब हम बच्चों की टोली अहले-सुबह उठकर एक-दूसरे के घरों का निरीक्षण करते कि किसके यहाँ कितने पटाखे फूटे।पटाखों के परखच्चों के अलावा माचिस की तीलियाँ तक गिनी जातीं।फिर वही गर्व से शेखी बघारता जिसके यहाँ जितने आधिक जले हुए पटाखे मिलते।

अब बारी आती घर की छतों पर रखे हुए दीयों की।जल्दी-जल्दी उन्हें हम इकट्ठा करते और आपस में बाँट लेते।फिर उन दीयों से गोंसार( चबेना( भुजा )भूजने वाला चूल्हा ),और तराजू बनाते।फिर तो कई दिनों तक चना,मकई भूनते रहते,व्यापारी बनकर मिट्टी और कंकड़ों को तौलकर बेचते रहते और असीम खुशी का धन प्राप्त करते हुए धनाढ्य बन जाते।

आज सबकुछ रहते हुए भी वह अमीरी,वह संपन्नता नहीं मिल पाती।इलेक्ट्रिक बल्ब लगाकर घंटों का काम मिनटों में हो जाता है।फ्लैटों में छत की मुंडेर कहाँ,दीये इकट्ठे करने की होड़ भी नही,न जले हुए पटाखों की गिनती से अमीर होने का रुआब.....

दीवाली तब भी मनती थी,दीवाली अब भी मनती है।घर में रखे भगवान के आगे दीये जलाये जाते हैं,पर घमंडी बाबा और सुगनी माई के दीये कहाँ...

इसीलिए शायद नई उमंग,नई स्फूर्ति,नया जोश सबकुछ है,पर,फिर भी कहीं कुछ कसक-सी रह जाती है.....।

# विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस




प्रतिवर्ष 20 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिवस ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम, निदान एवं उपचार के लिए वैश्विक जागरूकता पैदा करने के प्रति दिवस समर्पित है। इस वर्ष इस दिवस का विषय "अपनी हड्डियों को प्यार करें तथा अपने भविष्य को सुरक्षित करें" हैं। यह दिवस लोगों को अपने मांसपेशी स्वास्थ्य एवं अपनी हड्डियों को सुरक्षित करने के लिए जल्दी कार्रवाई तथा स्वास्थ्य अधिकारियों एवं चिकित्सकों को उनके समुदायों की हड्डियों के स्वास्थ्य को सुरक्षित करने में प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है।

ऑस्टियोपोरोसिस की विशेषता हड्डियों के ऊतकों की खराबी है। इस रोग में हड्डियां नाजुक एवं कमजोर हो जाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप रीढ़ की हड्डी विशेषकर कूल्हे एवं कलाई के फ्रैक्चर होने का खतरा बढ़ जाता है। महिलाओं को मुख्यतः पचास वर्ष की उम्र के बाद पुरुषों की तुलना में ऑस्टियोपोरोसिस से पीड़ित होने का खतरा अधिक होता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस के कारण हड्डियां टूटने का खतरा अधिक होता है। ऑस्टियोपोरोसिस के कारण हड्डियां कमजोर हो जाती हैं, जिससे इसके टूटने का खतरा बढ़ जाता है। पीठ में दर्द, कद का छोटा पड़ना या आगे की तरफ झुक जाना इसके कुछ महत्वपूर्ण लक्षण हैं। हड्डी रोग विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में दो करोड़ 60 लाख लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं, जिसमें 70 प्रतिशत महिलाएं हैं। प्राइमस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ पंकज वालेछा के अनुसार, रजोनिवृत्ति के दौरान महिलाओं में एस्ट्रोजेन हार्मोन कम बनने लगता है, जिससे हड्डियों के कमजोर होने का खतरा बढ़ जाता है। बच्चे को जन्म देने के दौरान भी महिलाओं में कैल्शियम की कमी हो जाती है, जिसकी भरपाई कर पाना अक्सर मुश्किल होता है। इसलिए 45 से 50 साल की जिन महिलाओं में मासिक धर्म अनियमित हो गया हो, उन्हें कैल्शियम लेना शुरू कर देना चाहिए।

**ऑस्टियोपोरोसिस से पीड़ित होने वाले कारण**

लिंग- यह रोग महिलाओं में रजोनिवृत्ति के बाद अधिकांशतः पाया जाता हैं।

उम्र- ऑस्टियोपोरोसिस से पीड़ित होने का जोखिम पचास वर्ष की आयु से अधिक उम्र के लोगों को अधिक होता है।

परिवार का इतिहास- ऑस्टियोपोरोसिस से पीड़ित होने वाले माता-पिता या भाई-बहनों के पारिवारिक सदस्यों में ऑस्टियोपोरोसिस के विकसित होने का जोखिम अधिक होता हैं।

आहार संबंधी कारक- कम कैल्शियम एवं कम आहार का सेवन करना।

दवाएं- लंबे समय तक सेवन की जाने वाली दवाएं जैसे कि स्टेरॉइड।

जीवन-शैली कारक- अधिक बैठे रहने वाली/निष्क्रिय जीवनशैली, धूम्रपान एवं हद से ज्यादा शराब का सेवन।

बैठकी

# एक देश एक चुनाव

चुनाव, चुनाव, चुनाव! जब देख तब चुनावे चुनाव! इहो केवनो बात हुआ!! कबो एमपी का त कबो एमएलए का, कबो इस राज्य का त कबो उस राज्य का,, कबो पंचाइती त कबो नगरपालिका का!!

लागत ह देशवा में हर वखत चुनावे होत हय` आजकल हिमाचल आ गुजरात में चुनाव के बिगुल बाज रहल ह --- -मुखियाजी को जैसे चुनाव से एलर्जी हो गयी हो`

ठीक कहते हैं मुखियाजी! देश के जीडीपी का एक बड़ा हिस्सा, विभिन्न चुनावों में हीं खर्च हो जाता है`---- पारस नेता गंभीर लगे`

जानते हैं! एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा किये गये सर्वेक्षण के अनुसार 2019 के हमारे देश के एमपी के इलेक्शन में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा लगभग 50 हजार करोड़ रुपये खर्च किये जाते हैं`इतना राजनीतिक पार्टियों द्वारा विश्व में कहीं खर्च नहीं किया जाता ,अमरीका में भी नहीं`--- सुरेंद्र भाई ने मुदे की बात रखी`

विभिन्न पार्टियों का चुनाव खर्च तो पूंजीपतियों द्वारा उठाया जाता है फिर सरकार बनने के पश्चात इन पूंजीपतियों द्वारा चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दलों को दिये गये चंदा को सूद सहित, जनता से वसूली की जाती है`इस तरह पूंजीपतियों द्वारा सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों का ब्लैकमेल होता है और जनता टुकुर- टुकुर देखती रह जाती है` महंगाई बढ़ने का एक कारण ये भी है`--- कुंवरजी जैसे राज की बात कह रहे हैं`

मोदीजी, इस बात को गहराई से समझते हैं इसलिए "एक देश एक चुनाव' का प्रस्ताव देश के समक्ष रखें हैं`लेकिन क्षेत्रीय दलों द्वारा जबरदस्त विरोध किया गया`--- पारस नेता ने स्मरण दिलाया`

इ बात हमरी समझ में नहीं आवत ह कि काहे क्षेत्रीय पाटीर्या सब, मोदीया के ऐतना बढ़ियां विचार के खिलाफत कर रहल सन!!!चाहे ममतवा हो चाहे मुलयमा के पार्टी, चाहे ललुआ के चाहे पवरवा के!!!--मुखियाजी को जैसे इसका विरोध बुरा लगा हो`

मुखियाजी, असल में इन्हें डर है कि इनका वजुद समाप्त हो जायेगा। देश की क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय नफा-नुकसान से अधिक अपने-अपने स्वार्थ की चिंता है। अगर एक साथ केन्द्र, राज्य और पंचायती चुनाव होगें तो संभवतः क्षेत्रीय समस्याएं महत्वपूर्ण नहीं रह जायेंगी और जनता राष्ट्रीय सोंच पर मतदान करेगी फिर तो इसका विरोध, क्षेत्रीय दलों द्वारा किया जाना लाजमी है। ---मास्टर साहब चाय की चुस्की लेने के लिए रुके।

मास्टर साहब! आपने किसी हद तक सही मूल्यांकन किया है। क्षेत्रीय दलों को जनता को बेवकूफ बनाने का अवसर,कम हो जायेगा। सभी जानते हैं कि ये क्षेत्रीय दल जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के नाम पर हीं चुनाव लड़ते हैं। कौन नहीं जानता इन स्वार्थी नेताओं को! राजद के लालुजी कभी पशुपालन विभाग के चपरासी के क्वाटर में जीवन यापन करने वाले, मायावती जो कभी साइकिल पर चलने वाली और किसी तरह 50रुपए का दुपट्टा जुगाड़ करने वाली, मुलायम सिंह-प्राइमरी स्कूल टीचर और जिसके पास घर के नाम पर एक पलानी (झोपड़ी) था, कैसे अरबों के मालिक बन गये? कौन सा इन क्षेत्रीय दलों के नेताओं ने,नौकरी या व्यवसाय किया? जबकि हमारे संबिधान में राजनीति, लाभ का पेशा नहीं माना गया है। आज जितने भी राजनीति नेता हैं अधिकांश अरबपति-खरबपति हैं। --प्रोफेसर कूंवर जी बड़े उत्तेजित लग रहे।

प्रोफेसर साहब, अगर ये नेता यहाँ होते तो निश्चय हीं आपको दलित और पिछड़ा विरोधी करार देते-- मैं कहकर हंस पड़ा ।

सर! आप बताइये! एक देश और एक चुनाव से क्या फायदा है? --मास्टर साहब मेरी ओर मुखातिब हुए।

मास्टर साहब, इस चुनाव प्रणाली से कई फायदे हैं। देश में लगभग हर साल कोई न कोई चुनाव होता हीं रहता है। कभी केन्द्र का तो कभी कुछ राज्यों का, कभी कुछ राज्यों का तो कभी पंचायती राज्य व्यवस्था के तहत कुछ राज्यों में। मतलब चुनाव आयोग हमेशा व्यस्त रहता है। आज चुनाव प्रणाली काफी खचीर्ली हो गयी है। हर चुनाव हमारी प्रशासनिक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, और विकासात्मक व्यवस्था के साथ साथ अर्थ व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित करता है। देश का अरबों-खरबों हर साल चुनाव प्रणाली ही खा जाती है। अब विगत केन्द्र के चुनाव को हीं ले -प्रति वोटर करीब 700 रूपयों का खर्च आया है। अब यदि एक साथ केन्द्र, राज्यों एवं पंचायती चुनाव सम्पन्न होगें तो अरबों रुपयों की बचत होगी,चुनाव के चलते सरकारी महकमें, रक्षा क्षेत्र के पुलिस, अर्धसैनिक सभी अपने नियत कार्यों से विमुख हो जाते हैं। चुनाव में आचार संहिता, हमारा विकास अवरुद्ध करता है और आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है। मोटे तौर पर कहा जाय तो यदि हमारे देश में एक देश और एक चुनाव प्रणालीलागू होती है तो राष्ट्र के विकास में ये मील का पत्थर साबित होगा। --मैंने अपनी बात रखी।

सर! ने एक नं.की बात कही है। हमारे देश में ये चुनाव प्रणाली अति आवश्यक है। मोदीजी को इसे किसी कीमत पर लागू करवाना चाहिये-- सुरेंद्र भाई ने बड़े गंभीरता से सर हिलाया।

लेकिन सवाल इसे लागू करने का है, यदि अन्य पार्टियां नहीं चाहे तो कैसे होगा? --मास्टर साहब ने अपना संशय प्रगट किया।

देखिये, जहाँ तक मुझे समझ है इसके लिए संविधानिक व्यवस्था बनानी होगी जिसके लिए मोदीजी को राज्य सभा में भी बहुमत कीआवश्यकता पड़ेगी जो अभी है नहीं। --प्रोफेसर कूंवर जी ने विचार रखा।

इसीलिए तो मोदी जी ने सर्वदलीय बैठक बुलाया था। इतना तो स्पष्ट है कि ये पहल, देश को एक नयी दिशा, आवश्य देगा--कहकर मास्टर साहब,जाने को उठ गये और साथ हीं बैठकी भी.....।



**प्रो० राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# ईश्वर का सत्य



उर्जा हीं प्रकृति का शास्वत सत्य` प्रकृति के निर्माण में मूल तत्व उर्जा,विध्वंस की स्थिति में भी उपस्थित उर्जा! चाहे पादप हो या जन्तु,जीवन के हर पक्ष के लिए उत्तरदायी है यही उर्जा` शरीर के निर्माण में, चलने फिरने, बोलने, देखने, हंसने , हर क्रिया के मूल में उर्जा` प्रकृति के हर पदार्थ का न्यूनतम रुप, परमाणु` जिसका निर्माण घटक- न्यूक्लियस, न्यूट्रॉन और प्रोटान` अदृश्य उर्जा से निर्मित, न्यूक्लियस , गतिशील न्यूट्रॉन, प्रोटान! आज भौतिक विज्ञान भी इसी अदृश्य उर्जा की उपस्थिति को, ईश्वर की सत्यता के रूप में स्वीकार करने को बाध्य है`

उर्जाजितनी सूक्ष्म उतनी हीं शक्तिशाली` * शायद होमियोपैथिक दवा निर्माण में इसी सत्य को साधा गया है` मूल अर्क की मात्रा जितनी कम होती जाती है शक्ति उतनी हीं बढ़ती जाती है`

अब हम अपने शरीर को हीं लेते हैं- शरीर में स्थित वो सुक्ष्म उर्जा का स्वरूप, जिसे हम आत्मा का नाम देते हैं, ज्योंहि शरीर छोड़ता है कि शव का रुप ले लेता है` सारी शारीरिक क्रियायें खत्म! फिर, ये भौतिक शरीर भी सड़-गलकर या जलकर उर्जा का हीं निष्पादन करता है` ये सुक्ष्म उर्जा जिसे हम आत्मा का नाम देते हैं कितनी शक्तिशाली हैड्ड इसके शरीर में रहने पर हम सभी शारीरिक क्रियायें संपन्न करते हैं और बाहर निकलते हीं....`

उर्जा के रुप अलग अलग हो सकते हैं जिसे समाहित या उन्मुक्त की संज्ञा दे सकते हैं` ये नष्ट नहीं होती, अपना स्वरूप बदल लेती है जैसे बिजली बल्बों के माध्यम से प्रकाश और गर्मी के रूप में, किरासन तेल का लालटेन में प्रकाश एवं ताप के रूप में`इसी तरह हमारी शारीरिक एवं मानसिक गतिविधियां भी उर्जा का हीं रूप हैं` शरीर के अलावे हमारे विचार करने की क्षमता, बुद्धि, विवेक, भावनायें यहाँ तक की कल्पना करने की क्रियाविधियां भी इसी उर्जा की हीं देन हैं`तात्पर्य की हर पदार्थ के निर्माण का आधार, चाहे दृश्य हो या अदृश्य,उर्जा हीं है` उर्जा नष्ट नहीं हो सकती, इसका स्वरूप बदलता रहता है अर्थात हिंदू सनातनी सिद्धांत के अनुसार उर्जा का अति सूक्ष्म रूप "आत्मा" अमर होती है, इसका नाश नहीं होता, पूर्णतः सत्य है` दुसरा तथ्य कि उर्जा जितनी सूक्ष्म उतनी हीं अधिक शक्तिशाली!!! भौतिक श्रेष्ठ वैज्ञानिक, इस तथ्य को स्वीकार करते हैं कि ब्रम्हांड एक ज्यामितीय संरचना है इसमें अनगिनत आकाश गंगायें हैं , प्रत्येक आकाश गंगा, अनगिनत ग्रह, तारों का समूह है` अर्थात ब्रम्हांड अनंत है और यह अनंत रुपी ब्रम्हांड अनंत काल से अनंत में, अनंत की ओर अनंत गति से गतिशील है` ये ब्रम्हांड ऊर्जा का हीं रूप है अर्थात उर्जा हीं इस अनंत ब्रम्हांड के निर्माण, गति एवं इसके अवयवों में होने वाले परिवर्तनों का कारण भी है`

अब आइये जरा विचार करें- हमने अनुभव किया कि उर्जा के स्थूल रूप की अपेक्षा सूक्ष्म रूप अधिक शक्तिशाली हीं नहीं बल्कि भौतिक स्वरूप के निर्माण एवं गतिविधियों का कारक भी उर्जा का सूक्ष्म स्वरूप हीं है जैसा कि मनुष्य अपने उपर हीं परख सकता है` आत्मा रुपी सूक्ष्म उर्जा के शरीर से जुदाई के पश्चात स्थूल शरीर स्थितिज उर्जा के रूप में शेष रह जाता है` तब तो इस ब्रम्हांड का निर्माण करने वाली या आत्मा रुपी सूक्ष्म उर्जा के निर्माण के पिछे जो उर्जा होगी वो परम अनंत सूक्ष्म उर्जा होगी जो पदार्थ के सूक्ष्मतम कण अणु फिर इसके भाग परमाणु फिर इसकी संरचना में न्यूक्लियस पर गतिशील न्यूट्रॉनों एवं प्रोटानों के निर्माण एवं गति के लिये उत्तरदायी होने के साथ साथ पुरे ब्रम्हांड के निर्माण एवं गति के लिए उत्तरदायी है` तो ऐसे परम अनंत सूक्ष्म उर्जा को हम क्या नाम दें!!!

यही परम्‍ उर्जा, ईश्वर का सच है और इसकी सच्चाई हम, उर्जा के हीं प्रोडक्ट- बुद्धि, से समझने का प्रयास तो करते हैं लेकिन उस परम्‍ उर्जा तक पहुँच, नहीं बना पाते क्योंकि वहाँ के साक्षात्कार के लिए बुद्धि या ज्ञान प्रयाप्त नहीं होतोउस अवरोध को हटाने या उसे पार करने हेतु भी उर्जा के हीं सूक्ष्म स्वरूप " भावना " या दुसरे शब्दों में भक्ति की आवश्यकता होती है`यही भक्ति या समर्पण, अंतिम सीढ़ी है जो परम्‍ उर्जा अर्थात ईश्वर से मिलन का मार्ग प्रशस्त करता है` मीरा की भक्ति की कथा आपने सुनी होगी`जब मीरा को वृंदावन से वापस अपने राज्य में आने को विवश किया गया तो वो सशरीर , अपने अराध्य प्रभु श्री कृष्ण की मूर्ति में समाकर एकाकार हो गई` उनके शरीर का स्थितिज उर्जा भी अदृश्य सूक्ष्म उर्जा में बदल कर परम्‍ उर्जा में विलीन हो गया` अर्थात ज्ञान और बुद्धि से ईश्वर को समझने की चेष्टा सफल हो सकती है लेकिन ईश्वर से साक्षात्कार का अंतिम अस्त्र, मानवीय व्याप्त उर्जा के सूक्तम स्वरूप "भक्ति" हीं है`

अब इस अनंत ब्रम्हांड में अपनी अपनी परिकल्पना के अनुसार सोचिये कि यहाँ शिव, राम, कृष्ण कहां हैं!, ईसा मसीह या अल्लाह, खुदा कहाँ हैं!!! ये परम्‍ उर्जा ब्रम्हांड के हर कण में व्याप्त है जिसके सामेकित स्थिति को हीं ईश्वर कहते हैं`

सनातनी हिंदूओं के धार्मिक त्योहारों में अनंत भगवान के व्रत और पूजन की परम्परा रही है और उपर वर्णित वैज्ञानिक उर्जा के सिद्धांतों पर पूर्णतः खरा उतरता हैगीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि मैं कण, कण में वास करता हूँ, मैं हीं ब्रम्हांड हूँ अर्थात सनातनी हिंदू धार्मिक सिद्धांत पूर्णरूपेण परम उर्जा रुपी ईश्वर की परिकल्पना को सार्थक करता है`

इसप्रकार सिद्ध होता है कि मानव, नाहक हीं अज्ञानता से वशीभूत होकर , विभिन्न प्रकार के पंथों के चक्कर में पड़कर, परस्पर धार्मिक विभेद उत्पन्न करता है`

आइये! हम सभी एक स्वर में जयघोष करते हुए आवाज दें-- परम उजार्वान अनंत भगवान की जय

**--प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक**
**(समाजशास्त्री), डी.एस.एस.वी. कॉलेज, सिमरी, बक्सर, बिहार**

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853 संपादक— रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# संक्षिप्त न्यूज

## साइबर अपराधियों ने सीआरपीएफ जवान को भी नहीं बख्शा, खाते से उड़ाये पैसे, लगायी न्याय की गुहार

रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ

नवादा(बिहार)। नवादा नगर में साइबर अपराधियों ने आरपीएफ जवान के खाते से लगभग 3,963 रुपए उड़ा लिये। पीड़ित जवान ने नगर थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है।

पुलिस जवान रामनगर निवासी रंजीत कुमार ने बताया कि अपने आप पे-फोन के माध्यम से अवैध रूप से उनके खाते से 3 हजार 9 सौ 63 रुपये की निकासी हो गयी। इसके बाद आनन-फानन में बैंक से शिकायत की और अपना एटीएम और बैंक खाते को फिलहाल बंद करा दिया।

बैंक प्रबंधक की सलाह पर इस बाबत थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करायी है।

पीड़ित जवान रैपिड एक्शन फोर्स दिल्ली में तैनात है।

## महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद की टीम ने लिया कॉमर्स कॉलेज का जायजा- डॉ. नवीन कुमार सिंह

मधेपुरा । महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद टीम की रिसोर्स पर्सन डॉ. स्वर्ण मणि के नेतृत्व में बी एन मंडल विश्वविद्यालय लालूनगर मधेपुरा के अंगीभूत इकाई भूपेन्द्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय साहुगढ़ मधेपुरा का निरीक्षण किया। इस आशय की जानकारी देते हुए कॉमर्स कॉलेज मधेपुरा के प्रधानाचार्य डॉ.नवीन कुमार सिंह नें बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद टीम की रिसोर्स पर्सन डॉ. स्वर्ण मणि के नेतृत्व में कॉलेज आई टीम



निरीक्षण के क्रम में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार से प्रायोजित स्वच्छता, सतत विकास व क्रियान्वयन योजना के गाइड लाइन के तहत कॉलेज में उपलब्ध वर्तमान सुविधाओं की जानकारी ली।

कॉलेज में प्रसाधन, स्वच्छ जल सुविधा, नालियों की साफ सफाई, कूड़ेदान, स्वच्छ हरित परिसर व स्टूडेंट्स की पठन पाठन की व्यवस्था को टीम ने देखा।

महाविद्यालय के पुस्तकालय,स्मार्ट क्लास,क्मप्यूटर क्लास सहित स्वच्छ परिसर को देख संतुष्ट हुए ।

### पनोरमा स्टार सीजन 5 को सफल बनाने के लिए कोशी आलोक कार्यालय पूर्णिया में आयोजित हुई बैठक

## इस बार पर पनोरमा स्टार सीजन 5 में 3 गुना बच्चों की हुई है बढ़ोतरी–सुनील कुमार

पूर्णियां । पनोरमा स्टार सीजन 5 को सफल बनाने के लिए आज कोशी आलोक कार्यालय टैक्सी स्टैंड पूर्णिया में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निर्णय लिया गया, साथ ही इस बार पनोरमा स्टार सीजन 5 में कई राज्यों से बच्चे अलग-अलग विधाओं में पार्टिसिपेट कर रहे हैं इसीलिए इसकी तैयारी डिसिप्लिन विधि व्यवस्था को लेकर एक बैठक में सुचारू रूप से चलाने के लिए निर्णय लिया गया इस बैठक में मशहूर चित्रकार गुलू दा, सुष्मिता भट्टाचार्य, बरनाली मुखर्जी, सुशील कुमार कलाकार ,जयदीप मुखर्जी ,अनमोल कुमार, सोनाली, संस्कृति ,सुनील कुमार , अमित कुमार एवं और कई लोग उपस्थित रहे, यह कार्यक्रम 26 अक्टूबर 2022से प्रारंभ हो जाएगा पनोरमा ई होम्स एन एच 31 बाईपास पूर्णिया में ,अभी भी कई बच्चे लगातार पार्टिसिपेट कर रहे हैं और इसकी संख्या में बढ़ोतरी होगी हालांकि पिछली बार के अनुपात इस बार पर पनोरमा स्टार सीजन 5 में 3 गुना बच्चों की बढ़ोतरी हुई है



## अभिभावक गोष्ठी में भाग लेने के लिये मध्य विद्यालय सुरीगांव के बच्चों नें निकाला प्रभातफेरी

बायसी । मध्य विद्यालय सुरीगांव में २० अक्टूबर को होने वाली अभिभावक गोष्ठी के लिए प्रधानाध्यापक की अगुआई में दिनांक-१९,१०,२२ गोष्ठी को प्रभात फेरी निकाली गई इस मौके पर विद्यालय की प्रखंड शिक्षिका नीतू रानी,नुजहत ,मनु आदि शिक्षिकाओं नें अभिभावक गण को निमंत्रण पत्र देते हुए अभिभावकों को दिनांक २०,१०,२२को होने वाली अभिभावक गोष्ठी में अवश्य पधारें की अपील व निमंत्रण दिये ।



## निक्षय मित्र बनकर टीबी उन्मूलन अभियान में निभायी अपनी सक्रिय भागीदारी

## विभागीय स्तर से आम लोगों को टीबी मरीजों को गोद लेने के लिये किया जा रहा प्रेरित

अररिया । वैश्विक लक्ष्य के पांच साल पूर्व ही देश में टीबी बीमारी को पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य निर्धारित है। भारत सरकार द्वारा इस महत्ववकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये हर स्तर पर जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। इस महामारी को जड़ से खत्म करने के लिये लगातार विशेष अभियान संचालित किये जा रहे हैं। निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति में आम लोगों की भागीदारी को महत्वपूर्ण मानते हुए उनसे अपेक्षित सहयोग व समर्थन जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीते सितंबर माह में देश में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की गयी है। इसके जरिये टीबी मुक्त भारत निर्माण में लोगों को अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी रोगियों को सामुदायिक स्तर पर जरूरी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आम लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। जिले को कोई भी इच्छुक व्यक्ति, सहकारी समिति, निर्वाचित प्रतिनिधि, गैर सरकारी संस्था, राजनीतिक पार्टी अपने स्तर से टीबी रोगियों को जरूरी सहायता उपलब्ध करा सकते हैं। इसके लिये उन्हें विभागीय पोर्टल पर जाकर अपना पंजीकरण कराना होगा। जिला यक्ष्मा केंद्र में सीधे संपर्क कर भी निक्षय मित्र के रूप में अपना पंजीकरण कराया जा सकता है।

मरीजों को समाज के मुख्यधारा में जोड़ने का है प्रयास

जिला टीबी समन्वयक दोमादर शर्मा ने बताया कि निक्षय मित्र बन कर कोई भी व्यक्ति या संस्था टीबी मरीजों को उचित पोषण के साथ-साथ रोजगार का अवसर उपलब्ध करा सकता है। निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों को 500 रुपये प्रतिमाह सहायता राशि का भुगतान किया जा रहा है। टीबी मरीजों को और अधिक सुविधा उपलब्ध कराने उन्हें समाज के मुख्य धारा में जोड़ने के लिये निक्षय मित्र योजना बेहद कारगर साबित हो सकता है। निक्षय मित्र बनने के लिए ङ्ग४ल्ल३८२४स्त्रस्त्रङ्ग१३ ल्ल'२ँ८ल्ल पर जाकर इस अभियान से सहजता पूर्वक जुड़ा जा सकता है। निक्षय हेल्प लाइन नंबर 1800116666 पर संपर्क कर इस संबंध में विस्तृत जानकारी हासिल की जा सकती है।

## विलक्षण प्रतिभा के धनी थे दुधेश्वर बाबू ---जिला जज।

अनिल कुमार मिश्र ब्यूरो चीफ दैनिक जागरण, औरंगाबाद (बिहार

औरंगाबाद (बिहार )19 अक्टूबर 2022:- व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में प्रसिद्ध वरीय अधिवक्ता दुधेश्वर प्रसाद की 26 वीं पुण्यतिथि आज मनाई गई जिसकी अध्यक्षता जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह ने किया। संचालन पूर्व लोक अभियोजक, वरीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार सिंह ने किया, मुख्य अतिथि जिला जज रजनीश कुमार श्रीवास्तव, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कृष्ण कांत त्रिपाठी थे , जिला जज ने कहा कि दुधेश्वर बाबू का व्यक्तित्व अतुलनीय था, उनकी प्रशंसा जीतना किया जाए कम ही होगा, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने कहा कि अपराधिक मामलों के विद्वान



अधिवक्ता दुग्धेश्वर बाबू के जीवनी नये अधिवक्ताओ के लिए प्रेरणादायक होगा, जिला विधिक संघ के अध्यक्ष ने कहा कि हम सब को उनके वकालत के कार्यशैली से बहुत कुछ सीख मिली है, वरीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने मातृभूमि भाषा हिन्दी को न्यायालय में प्रमुखता से रखा जो अविस्मरणीय है, महासचिव नागेंद्र सिंह ने कहा कि दुधेश्वर बाबू ने अपने जुनियर अधिवक्ताओ को जितना सिखाया वह अमूल्य है, मीडिया प्रभारी सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय के सभी जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रंनव शंकर,लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, सहित सभी अधिवक्तागण उपस्थित थे

## नितीश जी ! जेहादियों को खुश करने के लिये इतना भी सेक्युलर मत बनिये - ई.प्रभाष कुमार

### सूबे के सभी जिलों में शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन किया जायेगा

मधेपुरा । सीमावर्ती अररिया ,किशनगंज सहित पूर्णिया प्रमंडल के जिलों में बिहार राज्य शिक्षा परियोजना परिषद बीईपीसी के माध्यम से माध्यमिक विद्यालयों में सर्व शिक्षा अभियान के तहत आयोजित कक्षा 7 के अंग्रेजी के प्रश्न पत्र में कश्मीर को भारत का अंग नही मानते हुए अलग राष्ट्र के रूप में बताने के राष्ट्र विरोधी कृत्य पर भाजपा नेता सह बिहारीगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे युवा दिलों के धडकन ई.प्रभाष कुमार ने ना सिर्फ गहरा रोष प्रकट किया है बल्कि तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बिहार की महागठबंधन सरकार व पीएफआई समर्थकों के नापाक गठजोर का परिणाम करार दिया तथा जेहादियों खुश करने के नीतीश सरकार के कृत्य विरुद्ध सूबे के सभी जिलों में शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन किया जायेगा। ई. कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा



सीमावर्ती जिलों के छात्रों यह पूछा जाना कि चीन, नेपाल,इंग्लैंड,भारत और कश्मीर के नागरिक को क्या कहते है ? भारत विरोधी मानसिकता को दशार्ता है ऐसा लग रहा बिहार का शिक्षा विभाग भारत का ना होकर पाकिस्तान किसी प्रदेश के शिक्षा विभाग के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नही हुआ है इससे पूर्व भी 2017 में भी मामला प्रकाश में आया था और इसी तरह के प्रश्न पूछा गया था। श्री कुमार ने शिक्षा विभाग के द्वारा इस देश विरोधी कृत्य को देश एकता अखंडता संप्रभुता को चुनोती देने वाला और कश्मीर के लिए अपनी शहादत देने वाले लाखों वीर सपूतों का अपमान ही नही प्रदेश के शासन प्रशासन में राष्ट्रविरोधी तत्वों की उपस्थिति का द्योतक बताया है।ई. कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व केंद्रीय शिक्षा मंत्री को एक अलग अलग पत्र प्रेषित कर इसकी उच्च स्तरीय जांच कराने के साथ शिक्षा विभाग में देश विरोधी मानसकिता से कार्य करने वाले पदाधिकारियों कर्मियों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### कुपोषण को जड़ से मिटाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर मना अन्नप्राशन दिवस

## नवजात शिशुओं की बढ़ती उम्र के साथ पौष्टिक आहार देना भी जरूरी

कटिहार। जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सेविकाओं द्वारा नवजात शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन दिवस मनाया गया। जिले के सभी सेविकाओं द्वारा शिशुओं को अन्नप्राशन कराने के साथ ही स्थानीय लोगों को सही पोषण की जानकारी देने एवं उसके उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी किशलय शर्मा ने बताया नवजात शिशुओं में कुपोषण को दूर करने के लिए उन्हें सही पोषण दिया जाना बहुत ज्यादा जरूरी होता है। जिसके लिए पोषण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रत्येक महीने में अन्नप्राशन दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर स्थानीय लोगों को आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा पोषण के प्रति जागरूक भी किया जाता है। इसके अलावा सामान्य दिनों में भी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सेविकाओं द्वारा नवजात शिशुओं के परिजनों को पोषण की जानकारी दी जाती है।

राष्ट्रीय पोषण अभियान के जिला



समन्वयक अनमोल गुप्ता ने बताया कि एसडीजी लक्ष्य 2.2 के अनुसार सभी प्रकार के कुपोषण को वर्ष 2030 तक खत्म करना है। इसमें 2025 तक अंतरराताष्ट्रीय सहमति से निर्धारित पांच साल के बच्चों में स्टंटिंग, उम्र के अनुसार कम लंबाई और वेस्टिंग (लंबाई के अनुसार कम वजन) के लक्ष्य के साथ ही किशोर लड़कियों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं और बुजुर्गों की पोषण की जरूरतों को हासिल करने का लक्ष्य भी शामिल हैं। एसडीजी लक्ष्य 3.2 के मुताबिक वर्ष 2030 तक नवजातों और पांच साल तक के बच्चों की रोकी जा सकने वाली मौतों पर लगाम लगाना है। उन्होंने यह बताया कि जन्म लेने के एक घंटे बाद ही शिशु को स्तनपान करवाना अनिवार्य है। छः महीने तक विशेष स्तनपान और उसे दो साल तक बरकरार रखना है। छह महीने के बाद शिशु को ठोस आहार देना और उम्र बढ़ने के साथ-साथ बच्चों को विविधतापूर्ण भोजन भी दिया जाना चाहिए ताकि बढ़ती उम्र में उसे पौष्टिक तत्व मिल सके।

## स्कूल निदेशक इलेवन ने एकतरफा मुकाबले में पनोरमा स्पोर्ट्स को 8 विकेट से हराया।

### खिलाडियों नें कहा कि हम सभी प्रतियोगिता खेल रहे हैं तो यह देन पनोरमा ग्रुप के निदेशक संजीव मिश्रा की है

पूर्णिया।

पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का क्रिकेट प्रतियोगिता स्थानीय जिला स्कूल स्टेडियम खेल मैदान परिसर में बालक एवं बालिका वर्ग में खेला जा रहा है।क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता आयोजन समिति के सदस्य हरिओम झा ने कहा कि पंजीकृत क्लबों की बैठक में क्लब, ओवर, समय और तिथि निर्धारित कर दी गई है।मैच परिणाम की जानकारी देते हुए श्री झा नें बालिका वर्ग में क्रिकेट प्रतियोगिता पी सी ई पूर्णिया इंजीनियरिंग कॉलेज बनाम ब्रह्मोस इलेवन के बीच मुकाबला खेला गया। ब्रह्मोस इलेवन के कप्तान भाग्यश्री ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पी सी ई इंजीनियरिंग कॉलेज पूर्णिया पहले खेलते हुए निर्धारित 12 ओवर में 2 विकेट खोकर मात्र 26 रन बनाई। जीत के लिए 27 रनों का पीछा करते हुए बहमोस इलेवन 2 ओवर 3 गेंदों में 1 विकेट खोकर 27 रन बनाकर 9 विकेट से जीत हासिल कर ली। मेन आफ द मैच ज्योति सिंह रही । मैच के अंपायर विमल मुकेश, निशांत सहाय स्कोरर अनमोल कुमार थे ।

आमंत्रित टीम में निदेशक इलेवन बनाम पनोरमा ग्रुप इलेवन के बीच मुकाबला खेला गया।

पनोरमा ग्रुप इलेवन के कप्तान




ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आल आउट होकर 123 रन बनाए। जीत के स्कूल निदेशक स्कूल इलेवन की ओर जीत के लिए 124 रनों का पीछा करते हुए 12 ओवर में 2 विकेट खोकर 127 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। इस जीत में श्रीकांत एवं बब्लू ने बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम जीत दिलाई।

पनोरमा ग्रुप के निदेशक श्री संजीव मिश्रा को क्रिकेटरों ने कोटि कोटि धन्यवाद कहा । खिलाडियों नें कहा कि हम सभी प्रतियोगिता खेल रहे हैं तो पनोरमा ग्रुप के निदेशक श्री संजीव मिश्रा सर की देन है। खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा माहौल बना दिए हैं।

पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के आयोजन में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं आयोजन समिति सदस्य क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा, मिथिलेश राय, सुनील सुमन ,विमल मुकेश,ब्रजेश भास्कर, जे एन झा,रितेश कुमार झा , अभिषेक मिश्रा, चन्दन, ललित कुमार, अरुण कुमार एवं मैच रेफरी की भूमिका मो नैय्यर अली, मो मंजर मोहशिम, एस एस प्रसाद पिंटू, राधव ठाकुर, विमल मुकेश, मो इश्तियाक अहमद, मनोज कुमार, मो इरसाद आलम,मो एजाज अहमद , रजनीश पाण्डेय, मो इतियक अहमद, निशांत कुमार सहाय, मनीष कुमार झा,जगत ज्योति, विक्की कुमार, अनुराधा सिंह, पुनित कुमार सिंह, मिट्ठू राजा और सन्नी राज आदि।

इस अवसर पर पनोरमा ग्रुप के सभी सहयोगीयों के साथ - साथ खिलाड़ियों के अभिभावक गण, खेल प्रेमी गण और काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## जोरेथांग में सिक्किम राज्य प्रभारी डॉ. दिलीप जयसवाल का हुआ जोरदार स्वागत

जोरेथांग। भाजपा सिक्किम पश्चिम सिक्किम पदाधिकारियों ने बुधवार की दोपहर जोरेथांग पहुंचे बिहार के सबसे ज्यादा जनप्रतिनिधियों के मत से जीतने वाले बिहार विधान परिषद सदस्य सह सिक्किम स्टेट भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ.दिलीप जयसवाल के उनके आगमन पर माननीय राज्य प्रभारी डॉ जयसवाल का जोरेथांग भाजपा नेताओं नें जोरदार स्वागत किया। जयसवाल जी पश्चिम और दक्षिण सिक्किम में तीन दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर हैं और विभिन्न स्तरों पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से मिलने वाले हैं। उनके साथ माननीय प्रदेश अध्यक्ष डीबी चौहान, उपाध्यक्ष अर्जुन राय, माननीय विधायक एनके सुब्बा , केएस लेपचा और अन्य पदाधिकारी साथ रहे।



## मुखिया से अमानवीय व्यवहार पुलिस का एक और बदनुमा चेहरा : पीयूसीएल

रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ

नवादा (बिहार)। मानवाधिकार से जुड़े लोक स्वातंत्र्य संगठन ने पुलिस द्वारा मुखिया की निर्मम और अमानुषिक पिटाई की कठोर शब्दों में भर्त्सना की है। पीयूसीएल के राष्ट्रीय पार्षद दिनेश कुमार अकेला ने कहा कि जनता द्वारा निर्वाचित एक जनप्रतिनिधि से इस तरह का अशोभनीय और अभद्र व्यवहार न केवल संवैधानिक रूप से गलत है बल्कि मानवता के नाम पर कलंक भी है। अकेला ने इसे मानवाधिकार पर बर्बर हमला बताया है। इस घिनौने कुकर्म की जितनी भी निंदा की जाय वो बहुत कम होगा।

जिला के अकबरपुर प्रखण्ड के बुधुआ पंचायत के जन प्रतिनिधि मुखिया रामस्वरूप यादव को अकबरपुर पुलिस ने खनन विभाग से सम्बंधित मुकदमा में उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार मुखिया को थाना लाकर बेरहमी से बर्बर पिटाई की। इतना ही नहीं, मुखिया के कथनानुसार मानवता को शर्मसार कर देने वाली क्रूरतापूर्ण अमानवीय कुकृत्य को अंजाम दिया गया। गुप्तांग में खैनी को डंडा से घुसेड़ दिया गया और पानी की जगह जबरन मूत्र पिला दिया गया। अकेला ने सवाल उठाया है कि क्या पुलिस की यह घटिया अमानवीय कार्रवाई भारतीय संविधान और कानून के तहत न्याय संगत है ? उन्होंने इसे मानवीय सम्वेदनाओं तथा मानवाधिकार पर घोर कुठाराघात बताया है।

अकेला ने कहा कि मुखिया मुजरिम था तो उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाता।

पुलिस-प्रशासन के दामन पर लगे बदनुमा दाग उसकी बर्बरता और उसके अमानुषिक चरित्र को दशार्ता है।

पीयूसीएल ने सरकार से पुलिस पर लग रहे आरोपों और मुखिया के साथ हुई हृदयविदारक घटना की अविलम्ब जांच कर दोषियों को कठोर दंड और पीड़ित को उचित न्याय दिलाने की मांग की है।

अकेला के मुताबिक पीयूसीएल मुखिया-पुलिस कांड की जांच करेगी और उसकी रिपोर्ट राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रपति, राज्यपाल के साथ ही केन्द्र एवं राज्य सरकार के अलावा न्यायिक अधिकारियों को प्रेषित किया जायेगा।

## सामाजिक कार्यकर्ता वरुण मिश्रा के अथक प्रयास से नेपाल से 12 दिन बाद लाया गया शव

बिराटनगर । भारत नेपाल मैत्री समाज जोगबनी के अध्यक्ष व सक्षम नारी सशक्तिकरण समिति के राष्ट्रीय कोर कमेटी का अध्यक्ष सह पत्रकार वरुण मिश्रा ने मानवता का ज्वलंत उदाहरण पेश करते हुए अथार्भाव मे शव को छोड कर भागें परिजन को खोज कर शव सुपुर्द करवाया।वरुण मिश्रा ने बताया कि पिछले 12 दिनों से नेपाल के विराटनगर स्थित न्यूरो अस्पताल में रखे सुपौल जिला के त्रिवेणीगंज थाना गढ़िया उत्तर निवासी मिथिलेश कुमार मंडल का शव को ग्रामीण को सौंप दाह संस्कार संपन्न हुआ । उन्होंने बताया कि 18 सितंबर को मिथिलेश को उक्त अस्पताल में भर्ती कराया गया था उपचार के क्रम में 5 अक्टूबर को उसका निधन के बाद उसके पिता अस्पताल का बकाया साढ़े तीन लाख और दवा दुकानदार का अस्सी हजार का व्यवस्था करने के बहाने अस्पताल से गायब हुए जो नहीं लौटे । अस्पताल प्रबंधक डॉ वीरेंद्र बिष्ट , राजेश भट्टराई ने इसकी जानकारी 10 दिन पूर्व भारत नेपाल मैत्री समाज जोगबनी के अध्यक्ष व सक्षम नारी सशक्तिकरण समिति के राष्ट्रीय कोर कमेटी का अध्यक्ष वरुण मिश्रा को दिया । एक भारतीय का शव नेपाल के न्यूरो हास्पिटल में लावारिस अवस्था में रहने का मामला को उन्होंने गंभीरता से लेते हुए



सामाजिक कार्यकर्ता श्री मिश्रा ने सुपौल जिला के पत्रकार , सामाजिक कार्यकर्ता सहित ग्रामीणों से लगातार संपर्क बनाए रखा। मामला सुलझाना काफी पेचीदा था क्योंकि मृतक का पिता निर्धन नारायण मंडल गांव से भी गायब थे ।कई जगह से निराशा हाथ लगने के बाद पूर्व परिचित सुपौल की सामाजिक कार्यकर्ता दीपिका झा को घटना की पूरी जानकारी दिया । दीपिका घटना को गंभीरता से लिया और मृतक के गांव जाकर ग्रामीणों से लगातार बातचीत और काफी मसक्कत के बाद शव लेने से तैयार किया । हालांकि ग्रामीण ने स्पष्ट कर दिया कि वह किसी हालत में अस्पताल तो दूर नेपाल प्रवेश नहीं करेंगे । इस दौरान श्री मिश्रा अस्पताल प्रबंधक व ग्रामीण, दीपिका से बातचीत कर किसी हालत में ग्रामीण को डेड बॉडी सौप दाह संस्कार का कार्यक्रम संपन्न हेतु प्रयासरत रहे। काफी माथापच्ची के बाद ग्रामीण एंबुलेंस और एक अन्य वाहनों के साथ जोगबनी पहुचें जिन्हें रेलवे प्रांगण रख दीपिका को लेकर अस्पताल पहुंचे । श्री मिश्रा के अनुसार इससे पूर्व हुए सहमति अनुसार अस्पताल प्रबंधक सभी बकाया को माफ कर अन्य प्रक्रिया पूरा किया । डेड बॉडी अस्पताल का एंबुलेंस लेकर जोगबनी रेलवे प्रांगण पहुंचा । रेलवे प्रांगण में रखे त्रिवेणीगंज से आए एम्बुलेंस में डेड बॉडी को डाल ग्रामीण के हवाले किया तथा दीपिका भी ग्रामीण के साथ त्रिबेनीगंज के लिए रवाना हुई और देर रात ही उसका दाह संस्कार कर दिया गया। इस नेक काम के लिए सामाजिक कार्यकर्ता द्वय को सीमावर्ती क्षेत्र के अनेक लोगो ने बधाई दे रहे है ।

## कोसी प्रमंडल स्तरीय क्विज प्रतियोगिता 21 को

मधेपुरा ।

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) के अंतर्गत संचालित बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के तत्वावधान में एएलवाई कालेज, त्रिवेणीगंज (सुपौल) में 21 अक्टूबर को कोसी प्रमंडल स्तरीय रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्वास्थ्य के अलावा सामान्य ज्ञान, समसामयिकी, खेलकूद एवं सोशल मीडिया आदि से संबंधित प्रश्न पुछे जाएंगे।

विश्वविद्यालय नोडल पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार ने बताया कि प्रमंडलीय प्रतियोगिता में मधेपुरा, सहरसा एवं सुपौल तीनों जिलों की प्रथम टीम (दोनों सदस्य) भाग लेगी।




जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली बीएनएमभी कालेज, मधेपुरा की टीम प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। आगे राज्य स्तर पर और राष्ट्रीय स्तर पर भी मधेपुरा जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि मधेपुरा प्रतियोगिता का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम पटना से आने वाले क्विज मास्टर की देखरेख में आयोजित किया जाएगा।

डॉ. शेखर ने बताया कि रेड रिबन क्लब (आरआरसी) युवाओं में जागृति लाने और उनमें नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता है। क्विज प्रतियोगिता भी उसी की एक कड़ी है। जिसके अंतर्गत पूरे बिहार में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मधेपुरा जिला में महाविद्यालय स्तरीय एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता हो चुकी है।

## जिले के बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है बाल हृदय योजना

### आगामी 25 अक्टूबर को दिल में छेद वाले मरीज को ऑपरेशन के लिए भेजा जाएगा अहमदाबाद

पूर्णियां ।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल बाल हृदय योजना का लाभ राज्य के सभी बच्चों को मिल रहा है। इस योजना के तहत राज्य के सभी वैसे बच्चे जिनका जन्म के समय से ही दिल में छेद होने की बीमारी मौजूद हो। ऐसे नवजात शिशुओं एवं बच्चों के लिए उक्त योजना जीवनदायिनी साबित हो रही है। बता दें कि पूर्णिया जिले के सैकड़ों बच्चों को सर्जरी कर उसको नया जीवन मिल चुका है। इस योजना के तहत हृदय में छेद के साथ जन्मे बच्चों का इलाज की निःशुल्क सुविधा मुहैया कराई जा रही हैं। साथ ही इलाज के दौरान आने जाने में होने वाली खर्च को भी राज्य सरकार वहन कर रही है। खासकर यह योजना वैसे माता/पिता के लिए वरदान साबित हो रहा है। जो आर्थिक रूप से तंगी के कारण हृदय में छेद के साथ जन्मे अपने बच्चों का समुचित इलाज करवाने में सक्षम नही हैं। इस योजना के कारण ही आज हृदय रोगी बच्चों की



मृत्यु दर में काफी कमी आयी है।

आरबीएसके के जिला समन्वयक डॉ आरपी सिंह ने बताया कि धमदाहा प्रखंड अंतर्गत वंशीपुर के कक्कर बाधा गांव निवासी गुड्डू कुमार एवं सुलेखा देवी के मात्र 10 माह का पुत्र अभिमन्यु कुमार जन्मजात हृदय में छेद का मरीज हैं। आरबीएसके दल के चिकित्सक डॉ रियाजुद्दीन अंसारी द्वारा उक्त बच्चे का स्क्रीनिंग कर डीईआईसी पूर्णिया रेफर किया गया। वहीं नोडल अधिकारी एवं आरबीएसके द्वारा आईजीआईसी पटना एम्बुलेंस द्वारा भेजा गया। बाल हृदय योजना के अंतर्गत अहमदाबाद के संत श्री साईं हृदय संस्थान द्वारा पटना में बच्चे की जांच की गई। जांचोपरांत दिल में छेद होने के कारण ऑपरेशन के लिए चयन किया गया है। आगामी 25 अक्टूबर को इनके घर से एंबुलेंस द्वारा पटना स्थित जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल एयरपोर्ट भेजा जाएगा। वहीं से अहमदाबाद स्थित संत श्री साईं हृदय संस्थान भेज कर बच्चे के हृदय का ऑपरेशन होगा। सफल ऑपरेशन के बाद अहमदाबाद से पूर्णिया के धमदाहा स्थित घर लाया जाएगा।

## वैश्विक आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम

अररिया।

मानव शरीर के सर्वांगीण विकास के लिये आयोडीन एक आवश्क तत्व है। दरअसल, शरीर की महत्वपूर्ण क्रियाएं आयोडीन पर निर्भर करता है। ये शरीर व मस्तिष्क के समुचित वृद्धि व संचालन के लिये आवश्यक है। छोटे बच्चे, नौजवान व गर्भवती महिलाओं के लिये आयोडीन का खासा महत्व है। इसकी कमी से हमारा शरीर कई तरह की बीमारियों की चपेट में आ जाता है। इसलिए 21 अक्टूबर को हर वर्ष वैश्विक आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण दिवस के रूप में मनाया जाता है। लिहाजा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 21 से 27 अक्टूबर के बीच वैश्विक आयोडीन अल्पता बचाव सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस




दौरान जिले में सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर जागरूकता संबंधी कई गतिविधियां आयोजित किया जाना है। इस बाबत राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने पत्र जारी कर दिशा-निर्देश दिए हैं।

इससे बचाव के उपायों के प्रति आम लोगों को जागरूक किया जायेगा। बैनर व पोस्टर के माध्यम से आयोडीन युक्त नमक सेवन के प्रति आम लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। एएनएम, आाशा और आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से विभिन्न स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर मानव जीवन में आयोडीन नमक के सेवन के प्रति जन जागरूकता फैलाया जाएगा। जागरूकता संबंधी गतिविधि जिला से लेकर अनुमंडल, रेफरल, पीएचसी व एचडब्ल्यूसी के स्तर पर आयोजित होंगे।

## बरीं पंचायत में एसडीओ बेनीपट्टी ने किया औचक निरीक्षण।

बेनीपट्टी प्रखण्ड अंतर्गत बरीं पंचायत में सरकार द्वारा संचालित सभी विकासात्मक योजनाओं का जाँच कल बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपट्टी अशोक कुमार मंडल ने किया।सर्वप्रथम श्री बृजहरि राजकीय औषधालय,माधोपुर का निरीक्षण किया गया जहाँ डॉ0 मंजर आलम उपस्थित पाये गये,इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी श्री मंडल ने दवा की उपलब्धता के साथ साथ उपस्थिति पंजी व अन्य कागजात का जाँच किये।इसके बाद वार्ड 12 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 39 का निरीक्षण किया गया जहाँ सेविका बीना देवी व सहायका मधु देवी उपस्थित थी और बच्चों का पठन पाठन भी चल रहा था,नामांकित 40 बच्चों में 20 बच्चे उपस्थित थे और बच्चों के लिए मेनू चाट के हिसाब से पोषाहार भी बन रहा था जहाँ मौजूद ग्रामीणों से पूछने पर बताया गया कि केन्द्र सही से चलता है और टीएचआर व पोषाहार भी दिया जाता है, इसके बाद वार्ड 13 स्थित अमृता कुमारी के जनवितरण प्रणाली की दुकान का निरीक्षण किया गया जहाँ वितरक का लाइसेंस व अन्य पंजियों



की जाँच हुई जहाँ वितरक को कुछ जरूरी निर्देश दिया गया।इसके बाद नलजल योजना की जाँच वार्ड संख्या 14 में किया गया जहाँ लाभुकों को पानी मिल रहा था, इसके बाद मनरेगा योजना से निर्मित सुरक्षा बांध का भी एसडीओ श्री मंडल ने निरीक्षण किया जो साकिर राइन के घर से फुलवरिया सीमा तक बनाया गया है जिसेमें कोई अनियमितता नहीं पाया गया।इसके अलावा आवास योजना, गलीनली,राशनकार्ड, बृद्धावस्था पेंशन, कन्या विवाह योजना,कबीर अन्तयेष्टि, समाजिक सुरक्षा पेंशन, सड़क ,बिजली सहित अन्य योजनाओं का बारीकी से जायजा लिया गया।इस अवसर पर मनरेगा पीओ जितेन्द्र कुमार,प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी अरविन्द कुमार,एमओ इंद्रजीत कुमार, कनीय अभियंता मनरेगा अमीर हमजा,मुखिया बरीं पंचायत आलम अंसारी,पीआरएस मनरेगा बालकृष्ण झा,बीएफटी मनरेगा राम भरोष राम,लेखपाल इंद्र कुमार भंडारी,उपमुखिया रिजवाना खातून,कार्यपालक सहायक अंकित चौधरी, पंचायत सचिव आनंद कुमार,तकनीकी सहायक नैनशी कुमारी व वार्ड सदस्य चन चनिया देवी,सुनीता देवी, निर्मला देवी राहुल कुमार सहित बड़ी तादाद में स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

## रोगी कल्याण समिति की अनदेखी की खामियाजा भुगत रही पालीगंज मनुमण्डल अस्पताल

पालीगंज/ अनुमंडल क्षेत्र के रामपुर नगमा गांव में नव निर्मित सारी सुविधाओ से लैस मनुमण्डल अस्पताल पालीगंज रोगी कल्याण समिति की अनदेखी की खामियाजा भुगत रही है।

जानकारी के अनुसार पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र के रामपुर नगमा गांव में करोड़ो की लागत से अनुमंडलीय अस्पताल का निर्माण कराया गया है। जहां हर प्रकार की सुविधाएं राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से मुहैया कराई गई है। इस अस्पताल में सैकड़ो कमरे निर्मित है। यहां रोगियों की सुविधाओं के लिए पर्ची काउंटर, ओपीडी कमरा, दवा वितरण काउंटर, शल्य कमरा, नसबंदी वार्ड, पैथोलॉजी जांच कमरा, एक्स रे कमरा, इमरजेंसी कमरा, डेंगू वार्ड, मरीज वार्ड, प्रसव वार्ड सहित अन्य कई अन्य प्रकार की सुविधाओं से पूर्ण अलग अलग कमरे है। साथ ही तीन एम्बुलेंस सहित शव वाहन भी है। पेयजल ब्ययवस्था से लेकर शौचालय तक मौजूद है। वही 20 ए ग्रेड की नर्स व 19 चिकित्सको की नियुक्ति सरकार की ओर से की गई है। साथ





ही अस्पताल की बिधि ब्ययवस्था व रोगियों की कल्याण के लिए उचित ब्ययवस्था बहाल कराने के लिए दस वर्षो पूर्व 11 सदस्यी रोगी कल्याण समिति का गठन किया गया है। लेकिन उनमें से कुछ सदस्य बैठक में भी भाग नही लेते है। साथ ही अधिकांश कमिटी में सम्मिलित लोग रोगियों की सुख सुविधाओं व कल्याण कार्यो पर ध्यान नही देकर मात्र पद का दुरुपयोग कर अपना नाम कमाने में लगे है। कुछ अपने आप को सामाजिक कार्यकर्ता कहनेवाले लोग केवल खामियां गिनाते है व कमी को दूर कराने की मांग के नाम पर आंदोलन करने की बात कहते है। पर वैसे सामाजिक कार्यकर्ता भी रोगी कल्याण समिति की ओर उंगली नही उठाते। इसे देखते हुए कुछ अन्य सामाजिक कार्यकताओं ने नए सिरे से रोगी कल्याण समिति का गठन कराने की मांग किया है।

इस सम्बंध में जानकारी देते हुए पालीगंज अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक आभा कुमारी ने बताई की यहां कुल 50 ए ग्रेड नर्स व कुल 50 चिकित्सक होना चाहिए। जबकि यहां मात्र 20 ए ग्रेड नर्स व 19 चिकित्सक कार्यरत है। वही उन्होंने बताई की यहां बहुत पूर्व ही रोगी कल्याण समिति की गठन की गई है जो आजतक कार्यरत है।

## केंद्र सरकार के पहल पर प्रधान डाक घर मे पासपोर्ट कार्यालय का हुआ उद्धघाटन।

**ब्यूरो/समाज जागरण, सुपौल**

जिले में केंद्र सरकार के पहल पर प्रधान डाकघर सुपौल में पासपोर्ट कार्यालय का उद्घाटन माननीय केंद्रीय मंत्री आर.के.सिंह (विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा)विभाग,भारत सरकार के द्वारा कल दिनांक 20 अगस्त 2022 को होगी।भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामकुमार राय ने कहा कि पासपोर्ट कार्यालय खुलने से कोसी कमिश्नरी के तीनों जिला के लोगों को अब दरभंगा और पटना का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा पहले कोसी इलाके के लोगों को पासपोर्ट बनवाने के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। प्रधान डाकघर में इसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।जिसका इन्फ्रास्ट्रक्चर ठीक किया जा रहा है।यह जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सह भाजपा



अति पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशोक सम्राट ने दी। उन्होंने कहा कि सुपौल गांधी मैदान में कार्यक्रम होगा जिसमें माननीय मंत्री, माननीय सांसद एवं जिले के सभी माननीय विधायक मौजूद रहेंगे।पासपोर्ट कार्यालय खुलने से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है एवं क्षेत्रवासियों में काफी उत्साह है।सुपौल में पासपोर्ट कार्यालय खुलने पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष योगेश्वर प्रसाद मंडल,नागेंद्र नारायण ठाकुर,डॉ विजय शंकर चौधरी,संतोष प्रधान, मनोज कुमार सिंह,सुरेश सुमन यादव,कुणाल कुमार, अशोक सम्राट,नलिन जयसवाल,सरोज झा,प्रदीप सिंह मुन्ना,राघवेंद्र झा राघव,विनय भूषण सिंह,सतीश कुमार सुशील,गौरव गुप्ता, सुशील मोदी,सीताराम चौधरी,रामशरण मेहता प्रकाश झा,सत्यनारायण शर्मा,अर्चना मेहता,प्रो बैद्यनाथ भगत,परमानंद सिंह,सुमन झा,रंजू झा, सीमा कुमारी,मनोज पाठक,गिरीश चंद्र ठाकुर,जयंत मिश्रा,राजधर यादव,महेश देव सहित कई कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त किया है।

## दीनापट्टी वॉर्ड 11 में जमीन मामले को लेकर पड़ोसी हुई मारपीट में एक महिला सहित दो घायल,सीएचसी पिपरा से सदर अस्पताल रेफर।

**अमरेश कुमार/समाज जागरण, पीपरा, सुपौल**

जिले के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दीनापट्टी पंचायत के बथनाहा वॉर्ड 11 में जमीन संबंधी मामलों को लेकर पड़ोसी ने हुई मारपीट में एक महिला सहित दो घायल,सीएचसी पिपरा से सदर अस्पताल रेफर। , घायल दीनापट्टी वॉर्ड 11 निवासी शंभू मुखिया ने बताया कि पूर्व से जमीन मामले को लेकर पड़ोसी शंकर मुखिया से चल रहा था जो पड़ोसी शंभू मुखिया द्वारा बराबर मारपीट व घर छोड़ कर भाग जाने को कहा जाता है, वहीं अचानक बुधवार की शाम शंभू मुखिया के पत्नी साथ धारदार हथियार से लैस होकर मारपीट करने लगे जिससे वो महिला बुरी तरह घायल हो गए वहीं घटना की सूचना महिला की पति शंभू मुखिया चला मौके पर पहुंच पड़ोसी शंकर मुखिया को समझाने बुझाने लगे की उसके साथ



भी मारपीट करने लगे वहीं मौजूद गांव वालों ने आनन फानन में इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरा लाया जहां अस्पताल में मोजूद डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए किया सदर अस्पताल रेफर।

## नेहरू युवा केन्द्र वैशाली ने चलाया साफ-सफाई कार्यक्रम

हाजीपुर(वैशाली)नेहरू युवा केंद्र वैशाली( युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार) के द्वारा (1 से 31 अक्टूबर 2022) के बीच स्वच्छ भारत अभियान 2.0 के तहत विभाग के प्राप्त निर्देश के आलोक में आज दिनांक 19 अक्टूबर 2022 को संध्या 3:00 बजे गांधी चौक से कोनहारा घाट मोड़ तक बृहद साफ सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी श्वेता सिंह एवम संचालन लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक केदार नाथ सिंह द्वारा किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला युवा अधिकारी श्वेता सिंह द्वारा बताया गया कि नेहरू युवा केंद्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 01 से 31 अक्टूबर के बीच स्वच्छ भारत 2.0 कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें पूरे जिले में नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, युवा मंडल के सदस्य द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से साफ सफाई का कार्यक्रम चलाया जा रहा है आज उसी के तहत मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के आलोक में मेगा स्वच्छता अभियान के तहत गांधी चौक से कोनहारा घाट मोड़ तक यह साफ सफाई का अभियान चलाया गया जिसमें सभी नेहरू युवा केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेशनल कैडेट कोर एवं नगर परिषद के कर्मचारियों के सहयोग से यह अभियान चलाया गया जिसमें लगभग 1000 केजी कचरा नगर परिषद की साथ चल रहे गाड़ी को सुपुर्द किया गया। आम लोगों से आग्रह है कि अपने दैनिक जीवन में बदलाव लाएं और स्वच्छता को अपनाएं।कार्यक्रम के दौरान पॉलिथिन फेकना बंद करो,बंद करो बंद करो।

हमलोगों ने ठाना है स्वच्छ भारत बनाना है। न्यू इंडिया,क्लीन इंडिया। नेहरू युवा केंद्र ने ठाना है, स्वच्छ भारत बनाना है।

आदि गगन चुंबी नारा के साथ सड़क गुंजमान रहा।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना से नोडल अधिकारी रेखा कुमारी,अंगद कुमार,रवि कुमार,स्वाति प्रिया ,राजू ,शिक्षा,अभिम्नयु वैशाली महिला कॉलेज से राष्ट्रीय सेवा योजना आयुषिका चंद्रा,नेहा कुमारी,प्रीति कुमारी नेशनल कैडेट कोर टाउन उच्च विद्यालय हाजीपुर के कैडेट्स स्वामी विवेकानंद युवा युवा मंडल गौसपुर इजरा के सदस्य राहुल कुमार,नितेश कुमार,रणविजय कुमार,कन्हैया सिंह, विशाल गुप्ता, राहुल,आशियाना यूथ क्लब से आदिल परवेज, अजकानुल हक उर्फ असकान और श्याम कुमारयुवा मंडल कर्णपुरा से पप्पू कुमार,रौशन कुमार,विक्रम कुमार राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सेवक प्रिंस कुमार,अमित कुमार,मुन्ना कुमार प्रशानिक सहायक सिकंदर दास,मीरा देवी नगर परिषद की टीम आदि सहित सैंकड़ों स्वयं सेवक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## सचिन पेट्रोलियम पम्प का हुआ भव्य उद्धघाटन लोगों को सस्ता ईंधन के साथ पर्यावरण भी रहेगा

**गांव में पेट्रोल पम्प का खुलना बिकास का घोतक: अरुण शंकर प्रसाद विधायक 33 खजौली विधानसभा क्षेत्र।**

मधुबनी जिले में अब अनूठे पहल के तहत भारत सरकार के पहल पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प का आज विधिवत

उद्धघाटन किया गया। बता दें कि मधुबनी जिले के जयनगर अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राज्य मार्ग 527 बी जयनगर से दरभंगा मुख्य मार्ग किनारे दुल्लीपट्टी नव स्थापित 48 वीं बटालियन एस एस बी मुख्यालय के समीप सचिन पेट्रोलियम का मुख्य अतिथि श्री अरुण शंकर प्रसाद वर्तमान विधायक खजौली विधानसभा क्षेत्र, समाजसेवी जगदीश यादव, समाजसेवी बीरेन्द्र यादव मुखिया प्रतिनिधि शिलानाथ दुल्लीपट्टी पंचायत, बिकास झा, सुभाष सिंग, प्रोपराइटर सुनील कुमार एवं सचिन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर सचिन पेट्रोलियम पम्प का उद्धघाटन किया। इससे पहले समाजसेवी जगदीश यादव, दरभंगा प्रक्षेत्र के सेल्स मैनेजर उमेश कुमार सिंह बाहर से बुलाये गए योग्य महापंडित के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान विधायक अरुण शंकर प्रसाद ने इस सभागार में उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि अब गांवो में भी शहर कि तरह पेट्रोल प्राप्त होने जैसी सुविधाएं मिलने लगी हैं। यह बिहार के तेजी से बढ़ते कदम का घोतक हैं। वही प्रोपराइटर सुनील कुमार ने कहा कि इस प्रकार कि सुविधा उपलब्ध होने से समय कि बचत होती है, जो आज कि जरूरत हैं। वही सचिन कुमार ने कहा कि सीमावर्ती शहर जयनगर से सटे दुल्लीपट्टी में इस नए पेट्रोल पम्प के शुभारंभ होने से इलाके के वाहनों चालकों को इसका पूरा लाभ होगा। वही समाजसेवी मुखिया प्रतिनिधि दुल्लीपट्टी बीरेन्द्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि दुल्लीपट्टी समेत



अगल-बगल एवं दूर दराज से आये हुए राहगीरों को इस पेट्रोल पम्प का शुभारंभ होने से चेहरे पर काफी हर्ष झलक रही हैं। साथ ही पेट्रोल पम्प खुलने से रोजगार का बल मिलेगा तो बेरोजगारी का हल होगा। साथ ही मैं इस पेट्रोल पम्प के उद्घाटन समारोह के माध्यम से कहना चाहूंगा कि जब दूर दूर तक इस तरह का पेट्रोल पम्प और गैस ऐजेंसी नजर नहीं आता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश के सभी राज्यों में यूं कहें कि पंचायत स्तर पर पेट्रोल पम्प और गैस ऐजेंसी खुल रहा है। इस देश में बिकास में मिल का पत्थर साबित होगा। वहीं इस मौके पर दरभंगा प्रक्षेत्र के सेल्स मैनेजर उमेश कुमार सिंह ने सैकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के किसानों कि तरक्की के लिए यह पेट्रोल पम्प साकार होगा। यहां पर अगल-बगल को जो दूर से कृषि के लिए डीजल लाने कि जहमत उठानी पड़ती थी। इस पेट्रोल पम्प के खुलने से आस-पास के किसानों को लाभ होगा एवं कृषि क्षेत्र के कार्य करने वाले जनता को सुविधा होगी। साथ ही उन्होंने पेट्रोल पम्प के प्रोपराइटर सुनील कुमार को किसानों कि सहूलियत के लिए एक सराहनीय कदम बताया। उन्होंने यह भी बताया कि हम ग्राहकों पूर्ण रूप से सेवा प्रदान करने कि बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि इस पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल एवं डिजलो का गुणवत्ता का ख्याल रखा जाएगा, और बेहतर-से बेहतर गुणवत्ता के पेट्रोल एवं डीजल मुहैया कराई जाएगी। साथ ही ग्राहकों कि सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा जाएगा। जैसे कि पाइन का पानी, गाड़ी में भरा जाने वाला हवा, शौचालय इत्यादि पेट्रोल पम्प पर मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि आग लगने कि स्थितियों में फायर से संबंधित चीजों का भी खाश ख्याल रखा जाएगा। मौके पर अरुण शंकर प्रसाद विधायक खजौली विधानसभा, मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, पैक्स अध्यक्ष पवन सिंह, सुभाष सिंह, उद्धव कुंवर, मनीष सिंह यादव,दीपशिखा सिंह, अरविंद तिवारी, पूर्व मुखिया डॉ चंद्र मोहन सिंह, अरुण गुप्ता, भुषण सिंह, पवन यादव, रोहित नारायण यादव, बिकाश झा, चंदेश्वर सिंह समेत अन्य मौजूद थें।

अनुमंडल मुख्यालय जयनगर से घुरन दास के रिपोर्ट-

## एस0 एस0 बी0 सीमा चौकी शैलेशपुर ने विशिष्ट गश्त ड्यूटि के दौरान अवैध रूप से भारत से नेपाल ले जाए जा रहे तम्बाकू एवं कपड़ों के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार।

**अभिषेक आनन्द /समाज जागरण, वीरपुर,सुपौल।**

जिले के बिरपूर अनुमंडल में एस एस बी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी शैलेशपुर ने विशिष्ट गश्त ड्यूटी के दौरान भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय बार्डर के पर सीमा स्तंभ संख्या 205 के पास से अवैध रूप से भारत से नेपाल ले जाए जा रहे तम्बाकू एवं कपड़ों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट, श्री रूपेश शर्मा, उप कमांडेंट ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से सूचना मिली थी कि कुछ लोग सीमा स्तंभ संख्या 205 के पास से अवैध नशीले पदार्थ लेकर भारत से नेपाल जाने वाले हैं। सूचना की विश्वशनीयता देखते हुए, एक विशिष्ट गश्त दल का गठन किया



गया।मुख्य आरक्षी एम डी हुसैन के नेतृत्व मे आरक्षी रोशन चौहान तथा अन्य 2 के साथ का गश्त दल निर्धारित स्थान की तरफ गश्त करते हुए बढ़ा कि रास्ते में एक व्यक्ति सर पर बोरी रखे नेपाल की तरफ बढ़ रहा था, गश्त दल को आता देखकर वह व्यक्ति सर से बोरा फेक कर नेपाल की तरफ भागने लगा लेकिन गश्त दल द्वारा पकड़ लिया गया, पूछताछ के क्रम में व्यक्ति ने अपना परिचय एम डी खुसबू , पिता- एम डी डोमि , ग्राम- हनुमान नगर, वार्ड 9, सप्तरी, नेपाल के निवासी के रूप मे बताया । तत्पश्चात बोरी को खोल कर देखा गया जिसमें भारी मात्रा मे तम्बाकू तथा कपड़ा था जिसे जब्त कर कागजी कार्यवाही के उपरांत सीमा शुल्क चौकी भीमनगर के सुपुर्द किया गया ।

## दो दिवसीय सत्संग के दूसरे दिन भागलपुर से आये बेदानन्द जी महाराज द्वारा मानव जीवन मे सत्संग है जरूरी पर प्रकाश डाला।

**सरोज कुमार/समाज जागरण, किसनपुर,सुपौल**

जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नौआबाखर पंचायत के भेलवा गांव में बुधवार को दो दिवसीय सत्संग के दूसरे दिन भागलपुर से आए हुए वेदानंद जी महाराज ने संबोधित करते हुए कहा की मानव जीवन में सत्यसंग की बरी आवश्यकता है। हमारे जीवन में सत्संग को अपनाए बिना सुख शांति की कल्पना नहीं की जा सकती है।सत्संग की व्याख्या करते हुए महाराज जी ने कहा की महर्षि मेही सत्यसंग को अपना स्वास कहते थे। बड़े भाग्य से मनुष्य का शरीर मिलता है और मनुष्य के शरीर में पूर्व जन्म के पुण्य के अनुसार ही सत्संग की प्राप्ति होती है। सत्संग के माध्यम से हम मोक्ष को पाने का रास्ता पाते है।सत्संग से इहलोक और परलोक दोनों को संवारा जा सकता है।इसके लिए हम लोगों को दुआ दे। इसके लिए पंच पापो से अपने जीवन को बचाना होगा।सत्संग ,ध्यान और गुरु के प्रति समर्पण करना होगा। सत्यसंग से बड़ी महिमा है सत्संग से सुख की वर्षा होती है। लोग सच्चाई के रास्ते पर चलने के लिए सत्यसंग



में सीखते है। इसलिए सत्संग का आयोजन मानव समाज को मानवता का पाठ भी समय समय पर पढ़ाता है।

सत्संग में आने वाले ही परमात्मा के कृपापात्र बनते हैं। सत्संग से ही जीव को वह ज्ञान प्राप्त होता है जिससे इस संसार के दुखों से छूट कर अंनत सुख को प्राप्त कर सकते हैं। सत्संग-भजन करने वाले को जन्म मरण के बंधन से मुक्ति मिल जाती है। इसके लिए सच्चे सदगुरू की शरण मे जा कर उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। सच्चे सदगुरू परमात्मा से मिला देने वाले होते हैं। उन्होंने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति अपने अंदर में होगी। इसके लिए गुरू से युक्ति जानकर भक्ति करनी चाहिए। वहीं प्रवचन करते हुए आगे कहा कि मौत के भय से सत्संग बचाता है। इसलिए सत्संग अवश्य करना चाहिए। इससे सभी सुखों की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि मानव शरीर की सार्थकता को समझकर व्यक्ति को साधन-भजन कर मोक्ष प्राप्त करना चाहिए।

संतमत-सत्संग में दूर दराज से श्रद्धालु पहुंचे थे। जिन्होंने अध्यात्म की गंगा में डुबकी लगाई। कार्यक्रम में आध्यात्मिक भजनों की भी प्रस्तुति की गई। वहीं अंतिम सत्र के सत्संग के साथ ही सत्संग का समापन बुधवार को हो गया। कार्यक्रम में भजनों व अमृत वाणी सुन श्रोता गण झूमते रहे।

## मधुसुदनपुर थाने में काली पूजा व छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक समाज जागरण नाथनगर से विवेक कुमार की रिपोर्ट**

सूबे की सबसे बड़ी बम काली का 27 अक्टूबर को होगा बायपास के रास्ते विसर्जन आगामी काली पूजा व आस्था के महापर्व छठ को लेकर बुधवार को मधुसुदनपुर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष महेश कुमार ने किया। इस दौरान मौजूद मेढ़पतियों की उपस्थिति में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया की 24 अक्टूबर को सूबे की सबसे बड़ी बम काली की प्रतिमा जो रामपुर खुर्द पंचायत के बहबलपुर में स्थापित होती है। उसका विसर्जन 27 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे बायपास मार्ग होते हुए चंपानदी घाट में किया जाएगा। बांकी जितनी भी प्रतिमाएं है उनका विसर्जन रूट एनएच 80 के रास्ते चंपानदी घाट में संपन्न कराया



जायेगा। वहीं छठ पूजा को लेकर बढ़ते गंगा जलस्तर को देखते हुए घाटों पर विशेष रूप से लाइटिंग व गोताखोरों को सक्रिय रहने की अपील सदस्यों ने किया। मौके पर महाकाली पूजा समिति के मेढ़पति अजय सिंह, शिवशंकर सिन्हा, रामपुर खुर्द पंचायत के मुखिया गौतम पासवान, उपेंद्र प्रसाद साह, मन्नू सिंह, लखन लाल, मेढ़पती बिपिन झा, राजेंद्र झा, रजनीश झा, सुशील झा आदि उपस्थित थे।

## पालीगंज में महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर ऐपवा की हुई बैठक

पालीगंज/ बुधवार को स्थानीय बाजार स्थित माले कार्यालय में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दो को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा की ग्रामीण पटना जिला कमिटी की बैठक हुई।



जानकारी के अनुसार बैठक के दौरान आगामी 5 व 6 नवम्बर को आयोजक्त होनेवाली राज्य कार्यकारिणी की बैठक के बारे में विचार विमर्श किया गया। इस दौरान छात्रों को संगठित करने पर बल दिया गया। साथ ही 21 नवम्बर को दिल्ली में आयोजित होनेवाली स्कीम वर्कर्स की रैली को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही ऐपवा के प्रखण्ड सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य अध्यक्ष सरोज चौबे, जिला सचीव माधुरी गुप्ता, देवन्ति सिन्हा, आशा देवी, संगीता सिंह, उमा यादव, उमा देवी, किरण देवी व कौशल्या देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रखंड में कार - टेंपो की आमने सामने हुई टक्कर में तीन घायल,एक की हालत नाजुक।

**अमरेश कुमार/समाज जागरण, पीपरा, सुपौल**

जिले में पिपरा थाना क्षेत्र के कटैया चौक के समीप एसएच-327 ई पिपरा-सुपौल मुख्यमार्ग पर कार और टेंपो की आमने - सामने टक्कर हो गई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार और टेंपो दोनो के परखच्चे उड़ गए है। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं। जिसे स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है।



जानकारी मिली है की घायलों में टेंपो पर सवार दीनापट्टी पंचायत के सखुआ वॉर्ड 7 निवासी जयनारायण यादव जो किसी निजी काम से भारे की टेंपू से सुपौल जा रहे थे वहीं कटेया चौक से दस कदम पीछे सुपौल की और से आ रही तेज रफ्तार कार ने टेम्पू को ठोकर मार दी, वही सड़क चल रहे राहगीरों ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।जानकारी मिली की घायल जयनारायण यादव की स्थिति काफी नाजुक है। वहीं घायल सहरसा निवासी ओम प्रकाश बोथरा ने बताया कि कार सहरसा से करजाइन बाजार जा रहा था जबकि टेंपो पिपरा से सुपौल की ओर जा रही थी। दोनो की टक्कर कटैया के पास हुई। घटना की जानकारी मिलते ही पिपरा पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई है। कार और टेंपो को जब्त कर सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है और घटना की जांच में जुट गई है।

## पुलिस ने भारी मात्रा में देसी शराब की बरामद।

**सरोज कुमार/समाज जागरण, किसनपुर, सुपौल**

जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के सुखासन पंचायत से पुलिस ने छापेमारी के दौरान मंगलवार की रात भारी मात्रा में देसी शराब बरामद किया है। हालांकि इस दौरान तस्कर मौके से फरार हो गया।

थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिला कि सुखासन पंचायत के वार्ड दो निवासी शिव कुमार यादव देसी शराब की खेप मंगवाया है। उक्त शराब को कहीं खपाने





की फिराक में है। जिसके बाद गश्ती दल में शामिल पुलिस की गाड़ी को देखते ही शराब तस्कर मौके से फरार हो गया। इस दौरान एक खपरैल की घर बाहर से बंद और ताला लगा हुआ था। पुलिस को संदेह होने पर आसपास के लोगों को बुलाया उसके बाद ताला तोड़कर घर की तलाशी ली तो घर में लगे चौकी के नीचे गुलाबी कलर के बेडशीट से कुछ ढका हुआ मिला संदेह होने पर पुलिस ने बेड सीट हटाया तो उसके नीचे तीन प्लास्टिक का बोरा समेत एक कार्टून में 350 बोतल में 105 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। शराब को थाना लाया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि शराब तस्कर के खिलाफ केस दर्ज कर तस्कर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## मध निषेध और परिवहन विभाग के अधिकारी द्वारा कपड़ा से लदे एक ऑटो व कंटेनर को किया जप्त।

**सरोज कुमार/समाज जागरण, किसनपुर, सुपौल**

जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के एनएच 57 आसनपुर के पास मंगलवार को मध निषेध विभाग और परिवहन विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कपड़ा से लदे एक कंटेनर व ऑटो को जप्त किया है। वाणिज्य कर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को मध निषेध विभाग



और परिवहन विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप छापेमारी दल का गठन कर वाहन जांच अभियान चलाया गया । इसी दौरान एक कंटेनर और ऑटो कपड़े से लदे वाहन को रोका गया और वाहन के दोनों चालक से वाहन और समान की कागजात की मांग की गई। जहां सामान की कोई पक्का काजात नहीं दिखाने पर दोनो वाहनों को जब्द कर थाना लाया गया। वही वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी एसएन विश्वास ने बताया कि ऑटो में रजाई का कवर और बेडशीट लदा हुआ था, जो मुजफ्फरपुर से सिमराही जा रही थी। वही कंटेनर में कई प्रकार के कपड़े लदा था जो कोलकाता से मधुबनी जा रहा था। उन्होंने बताया कि सामान की सभी पक्की बिल दिखाने पर वाहन को छोड़ दिया जाएगा।

## अखिल भारतीय दुसाद उत्थान परिषद का पंचायत स्तर पर संगठन में विस्तार किया गया

दैनिक समाज जागरण भागलपुर से ब्यूरो चीफ निबराज आलम की रिपोर्ट भागलपुर जिला के कहलगांव प्रखंड मे आज दिनांक 19 अक्टूबर 2022



को अखिल भारतीय दुसाद उत्थान परिषद का बैठक कुर्मा पंचायत में स्थल चन्नौ के अंबेडकर चौपाल में किया गया जिसमें प्रखंड अध्यक्ष पंचानंद पंचम की अध्यक्षता में बैठक किया गया जिसमें प्रखंड अध्यक्ष पंचानंद पंचम, प्रखंड सचिव मुकेश कुमार,सदानंदपुर बैसा प्रभारी प्रियतम कुमार पासवान, कुर्मा पंचायत के प्रभारी मनोरी पासवान, कुर्मा पंचायत पर संगठन विस्तार किया गया जिसमें अध्यक्ष भोला पासवान, उपाध्यक्ष राजू पासवान, उपाध्यक्ष बाल्मीकि पासवान, संयुक्त सचिव रितेश कुमार पासवान, कोषाध्यक्ष गौरव कुमार पासवान , सदस्य कारू पासवान ,सिक्कों पासवान, महेश पासवान, एवं निम्न पासवान सदस्य ग्रहण किए

## फुल्लीडुमर थाना की पुलिस दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

फुल्लीडुमर थाना की पुलिस बरसों से फरार चल रहे दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वहीं इसकी जानकारी देते हुए फुल्लीडुमर थाना के पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि थाना में दर्ज मुकदमे में बरसों से फरार चल रहे वारंटी



टुघरो गांव निवासी राकेश हेंब्रम एवं धुसरी गांव निवासी सुनील यादव को पुलिस उसके घर से छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है वहीं दोनों की गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार, सहायक थानाध्यक्ष राजीव रंजन, एएसआई बलवीर विलक्षण एवं पुलिस जवानों के सहयोग से की गई जिसका फुल्लीडुमर अस्पताल में कोविड-जांच के बाद पुलिस अभिरक्षा में न्यायिक हिरासत में बांका जेल भेज दिया गया है

## नवसृजित प्राथमिक विद्यालय तेलिया हरिजन का मुखिया ने किया निरीक्षण दिए कई निर्देश

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर /बांका**

फुल्लीडुमर प्रखंड के तेलिया पहाड़ पंचायत अंतर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय तेलिया हरिजन का मुखिया विनय कुमार सिंह ने निरीक्षण कियो निरीक्षण के क्रम में मुखिया श्री सिंह ने विद्यालय की साफ-सफाई, विद्यालय में संचालित मध्यान भोजन की गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षक एवं रसोईया की उपस्थिति, शौचालय, पठन-पाठन, बच्चों



के ड्रेस सहित अन्य की जांच की जांच के क्रम में विद्यालय के कार्यो से मुखिया श्री सिंह काफी संतुष्ट दिखे वहीं मौके पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार, सहायक शिक्षक मंजु देवी, धर्मेंद्र कुमार, चंदन कुमार यादव ,रसोईया शैली देवी एवं मीना देवी सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे

## त्रिमूर्ति प्लांट साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा घूठिया गांव में त्रिमूर्ति बीज किसानों का भरोसा के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण

**दैनिक समाज जागरण बेलहर संवाददाता सदानंद पंडित**

प्रखंड क्षेत्र के बेलहर पंचायत के वार्ड संख्या- 18 में त्रिमूर्ति प्लांट साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित की गई ।जिसमें बताया गया कि त्रिमूर्ति प्लांट साइंसेज के द्वारा त्रिमूर्ति बीज



किसानों का भरोसा है ।वही प्रशिक्षण के दौरान उत्पादित बीज खेती की गहनों में जैसे गेहूं की किस्म टीएमडी 3838, परसों में कालिया टी एम-एम डी 92, हाइब्रिड धान में टीएमआरएस 5786 ,भिंडी ळटडल334 जैसे कई किस्मों के बारे में बताया गया। किसानों के बीच प्रैक्टिकल के माध्यम से भी बीजों का संरक्षण के बारे में दिखाया गया। इस कार्यक्रम के मौके पर उपस्थित घुठीया गांव के किसानों ने सोनेलाल बेसरा, सुरेश बेसरा, चंद्रदेव सिंह ,रामू पंडित, सकलदेव बेसरा सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

## पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह से 5 शराबियों को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**दैनिक समाज जागरण बौंसी/बांका।**

बौंसी/बांका। बौंसी पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से 5 शराबियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि घुटिया गांव निवासी स्वर्गीय धाम यादव के पुत्र गोविंद प्रसाद यादव, डुमरिया निवासी भगन मुर्मू के पुत्र अजय



मुर्मू, सोनालाल हांसदा के पुत्र सोमलाल हांसदा, कुसबदिया गांव निवासी सुरेश यादव के पुत्र अरुण यादव एवं घुटिया गांव निवासी स्वर्गीय सकरी राय के पुत्र ठाकुर राय को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि सभी शराबियों की गिरफ्तारी मंगलवार की देर रात अलग-अलग जगहों से की गई है। सभी शराबियों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद सभी शराबियों का मेडिकल परीक्षण रेफरल अस्पताल में कराया गया। बुधवार को पुलिस अभिरक्षा में सभी शराबियों को आर्थिक जुमार्ने के लिए बांका न्यायालय भेज दिया गया।

## ऐतिहासिक मधुसूदन मंदिर में बनेगा ग्रंथालय

**दैनिक समाज जागरण बौंसी/बांका।**

बौंसी/बांकाः- ऐतिहासिक मधुसूदन मंदिर परिसर में अब श्रद्धालुओं को पूजन के साथ-साथ ऐतिहासिक और धार्मिक पुस्तकें पढ़ने का भी अवसर मिलेगा। बताते चलें कि स्थानीय पंडा समाज और ग्रामीणों के सहयोग से ग्रंथालय और यात्री शेड निर्माण के लिए मंदिर परिसर में भूमि पूजन किया गया है। बताया गया



कि, ग्रंथालय में धार्मिक ग्रंथों के साथ साथ वेद पुराण व अन्य पुस्तकें बड़े पैमाने पर रखी जायेगी। जहां पहुंच कर लोग धार्मिक पुस्तकों से ज्ञान अर्जन कर सकेंगे। मालूम हो कि, इसके निर्माण की योजना काफी समय से चल रही थी। जिसे अब जल्द ही पूरा करने का काम आरंभ किया जायेगा। बताया गया कि, इसमें खर्च होने वाली राशि ग्रामीणों के सहयोग से होगी।

## पवन हत्याकांड के दो नामजद आरोपी गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन कटोरिया थाना क्षेत्र के खाडीपर पर गांव से कटोरिया पुलिस ने पवन हत्याकांड के दो नामजद आरोपी किशन राय पिता अकलू ,नागो राय पिता मगरू राय को गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को गिरफ्तार कर रेफरल अस्पताल कटोरिया में



कोरोना जांच करा कर कर न्यायिक हिरासत में बांका भेज दिया । बता दे कटोरिया थाना में 12 जून 2021 को दोनों आरोपी पर पवन के हत्या करने का आरोप है ।और लंबे समय से फरार चल रहा था। । दोनों नामजद परे ` कुल्हाड़ी से हत्यो कुल्हाड़ी करने का आरोप है। कटोरिया थानो मे कांड संख्या 153/21 दर्ज है। गिरफ्तारी दल में स अ अनि महेश झा एवं प्रशांत कुमारे पुलिस एवं जवान शामिल थे ।

## फुल्लीडुमर थाना की पुलिस इनारावरण गांव से 7 लीटर महुआ शराब किया जप्त पुलिस को देखते ही शराब कारोबारी फरार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

फुल्लीडुमर थाना की पुलिस थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब बनाने, बेचने एवं पीने वाले के धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चला रखी है उसी कड़ी में फुल्लीडुमर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार, सहायक थानाध्यक्ष राजीव रंजन, एएसआई बलबीर विलक्षण एवं अन्य पुलिस जवानों के साथ मंगलवार को अवैध शराब बिक्री की गुप्त सूचना पर इनारावरण गांव में बबलू राम टुडू उर्फ टुगू टुडू के घर छापेमारी की गई जहां छापेमारी के क्रम में बबलूराम टूडू के घर के



बरामदे से दो अलग-अलग प्लास्टिक के डिब्बे में रखे कुल 7 लीटर देसी महुआ शराब को पुलिस ने जप्त किया है थाना से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री में लिप्त कारोबारी बबलूराम टुडू पुलिस को देखते ही चकमा देकर भागने में सफल रहे वहीं जप्त शराब को थाने लाया गया जहां अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ मद्य निषेध की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है

## सुखाड़ को लेकर डीआरडीए निदेशक ने की समीक्षात्मक बैठक

दैनिक समाज जागरण बौंसी/बांका। बौंसी/बांकाः- सुखाड़ को लेकर डीआरडीए निदेशक मापोज आलम के द्वारा बौसी प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीआरडीए निदेशक महफूज आलम के द्वारा की गई। समीक्षात्मक बैठक में पदाधिकारियों को प्रखंड के 13 पंचायतों में शीघ्र सर्वे कराकर आवेदन पत्र अपलोड करने को लेकर निर्देशित किया गया। बताया गया कि, किसानों को सुखाड़ के बाद ड्ट3500 प्रत्येक घर में बैंक खाते में भेजी जाएगी। इसके लिए जल्द से जल्द प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया गया। डीआरडीए डायरेक्टर महफूज आलम के द्वारा प्रखंड परिसर में बनाये गये कंट्रोल रूम का जायजा लिया गया। वहां कार्य कर रहे 15 ऑपरेटरों को निर्देशित करते हुए उन्होंने बेहतर तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। संपूर्ति पोर्टल पर फॉर्म की एंट्री देखकर डायरेक्टर ने संतुष्टि जाहिर की। मालूम हो कि, फॉर्म लेने के लिए अलग से टीम का गठन किया गया है, जो लाभुकों से विभिन्न पंचायतों में जाकर फॉर्म ले रहे हैं।



निरीक्षण के बाद डायरेक्टर ने नोडल पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। मौके पर मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी को इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए. प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि सभी ऑपरेटरों के अलावे कंट्रोल रूम में बैठे कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। इस मौके पर अंचलाधिकारी विजय कुमार गुप्ता, बीइओ मो. ईशा, जीविका के मनीष कुमार, पीएचईडी के जेई दिनेश यादव, कर्मचारी समरजीत सिंह, पंचायत रोजगार सेवक सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

वहीं दूसरी ओर,सूखाग्रस्त अनुदान में फॉर्म निःशुल्क जमा लिया जाना है, लेकिन लाभुकों को दलाल के द्वारा परेशान कर फॉर्म भरवाने और पोर्टल पर अपलोड कराने का झांसा देकर रुपए ऐंठने का काम शुरू कर दिया गया है। कस्बा मंदार पंचायत के गज्जर और बगडुम्मा पंचायत के बगडुम्मा और तेतरिया में दो दिनों से दलाल के सक्रिय होने की सूचना मिल रही है। इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सख्त रवैया अपनाते हुए सन्मार्ग के जरिए अपील किया है कि, कोई भी व्यक्ति दलाल के झांसे में ना आए। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि अगर कोई दलाल ऐसा कार्य करते हुए पकड़ा गया तो, उसके ऊपर सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## दीपावली छठ को लेकर कटोरिया थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट**

कटोरिया थाना परिसर में बुधवार को महेश झा की उपस्थिति में दीपावली, काली पूजा एवं छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें हिंदू और मुसलमान समुदाय के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शांतिपूर्ण तरीके से दीपावली और छठ पर्व को मनाना है, और हुड़दंग करने वाले पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी । अवैध रूप से पटाखे बिक्री एवं आतिशबाजी करने की भी मनाही की गई। इस मौके कटोरिया के उपप्रमुख सुरेंद्र प्रसाद यादव , भोरसार



भेलवा पंचायते के मुखिया पति अखिलेश यादव, जमदाहा के मुखिया पति अमित कुमार यादव, हडहार पंचायत के मुखिया पति दामोदर रजक कटोरिया के कुंदन सिंह कुमार सिंहे मोहम्मद जमाल, मोहम्मदे सज्जाद प्रमोद यादवे आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## भोलाडीह गांव की महिला ने कटोरिया थाना में पांच के विरुद्ध दिया आवेदन।

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन कटोरिया थाना क्षेत्र के भोलाडीह बनियाकुरा गांव की महिला रश्मि देवी पति दिनेश यादव ने बुधवार को कटोरिया थाना में मारपीट एवं जमीन नहीं बांटने को लेकर 5 के विरुद्ध आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। महिला रश्मि देवी ने बताया कि अपने हिस्से की जमीन को लेकर 18 अक्टूबर को ससुर से बात कर रही थी ।तभी संगीता देवी, मनिक देवी, कस्तूरिया देवी ,इंदु देवी और बालेश्वर यादव ने घर में



घुसकर मारपीट करने लगा जब मेरी बेटी हेमा कुमारी हमें बचाने आई तो संगीता देवी ने मेरी बेटी के हाथ का उंगली दांत से काट कर जख्मी कर दिया। बोला कि पुराना घर में हिस्सा नहीं दिये, अब नया घर में भी हिस्सा नहीं देंगे। इस बात को लेकर महिला ने कटोरिया थाना में पांच के विरुद्ध आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

कटोरिया पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## पवन हत्याकांड के दो नामजद आरोपी गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन कटोरिया थाना क्षेत्र के खाडीपर पर गांव से कटोरिया पुलिस ने पवन हत्याकांड के दो नामजद आरोपी किशन राय पिता अकलू ,नागो राय पिता मगरू राय को गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को गिरफ्तार कर रेफरल अस्पताल कटोरिया में कोरोना जांच करा कर कर न्यायिक हिरासत में बांका भेज दिया । बता दे कटोरिया थाना में 12 जून 2021 को दोनों आरोपी पर



पवन के हत्या करने का आरोप है ।और लंबे समय से फरार चल रहा था। । दोनों नामजद परे ` कुल्हाड़ी से हत्या कुल्हाड़ी करने का आरोप है। कटोरिया थानो मे कांड संख्या 153/21 दर्ज है। गिरफ्तारी दल में स अ अनि महेश झा एवं प्रशांत कुमारे पुलिस एवं जवान शामिल थे।

## बिहटा में जमीन को लेकर भाई को मारा गोली

दैनिक समाज जागरण/सत्येंद्र कुमार

बिहटाः-घटना बिहटा थाना क्षेत्र के राघोपुर गांव की है जहा जमीनी विवाद को लेकर के भाई ने अपने ही बुजुर्ग भाई को गोली मारकर घायल कर दिया। घायल बुजुर्ग व्यक्ति किसी भी तरह आनन-फानन में बिहटा थाना पहुंचा।थाना पहुंचने के बाद बुजुर्ग व्यक्ति की हालत बिगड़ने लगी जिसके बाद बिहटा पुलिस किसी भी तरह उस बुजुर्ग व्यक्ति को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराए जहां बुजुर्ग व्यक्ति का इलाज करने बाद सही उपचार लिए पटना रेफर कर दिया गया है और घायल बुजुर्ग व्यक्ति अब खतरे से बाहर बताया जा रहा है। गोली बुजुर्ग व्यक्ति की जांघ से इस पार से उस पार हो गई।घायल व्यक्ती की पहचान बिहटा राघोपुर निवासी चंदेश्वर साहू के रूप में हुई है।

## फुल्लीडुमर प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकान में मिली अनियमितता को लेकर वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

फुल्लीडुमर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कैथा के दो जन वितरण प्रणाली के दुकानों के संचालन में पाई गई अनियमितता को लेकर वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी फुल्लीडुमर नवीन कुमार ने फुल्लीडुमर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है सूत्रों से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार कैथा पंचायत में 12 अक्टूबर 2022 को पंचायत स्तरीय संचालित योजनाओं का निरीक्षण करने के क्रम में जन वितरण प्रणाली के विक्रेता राजेश यादव अनुज्ञप्ति संख्या 8/ 2011 एवं इंदु देवी अनुज्ञप्ति संख्या 52 /2012 का निरीक्षण वरीय उप समाहर्ता बांका स्वाति कुमारी द्वारा किया गयो निरीक्षण के क्रम में भंडार के भौतिक सत्यापन में राजेश यादव के दुकान में 13 क्विंटल गेहूं कम पाया गया, जबकि इंदु देवी के दुकान





में 30.60 क्विंटल चावल एवं 15.73 क्विंटल गेहूं कम पाया गयो जिसका प्रतिवेदन अनुमंडल पदाधिकारी बांका को दी गई जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी बांका द्वारा पत्र जारी कर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी फुल्लीडुमर को प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया गयो जिसका पत्रांक 1516 दिनांक 15 अक्टूबर 2022 हैअनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने सरकारी अनाज की कालाबाजारी करने के आरोप में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार राजेश यादव एवं इंदु देवी पर फुल्लीडुमर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है `जिस पर पुलिस जांच पड़ताल शुरू कर दी है

## प्रखंड क्षेत्र में भी डेंगू ने अपने पांव पसारने कर दिये आरंभ

दैनिक समाज जागरण बौंसी/बांका। बौंसी/बांकाः- डेंगू से जहां एक तरफ पूरे बिहार में कहर मचा हुआ है। वहीं प्रखंड क्षेत्र में भी डेंगू ने अपने पांव पसारने आरंभ कर दिये हैं। सूत्रों के मुताबिक प्रखंड क्षेत्र में अब तक एक दर्जन से ज्यादा डेंगू के मरीज विभिन्न प्राइवेट क्लिनिकों से अपना इलाज करा रहे हैं। रेफरल अस्पताल में डेंगू जांच की सुविधा नहीं होने के कारण डेंगू मरीज बौंसी बाजार के प्राइवेट क्लीनिक में जाकर अपना इलाज करा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में ग्रामीण चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया जा रहा है। बौंसी प्रखंड के घुटिया गांव के एक डेंगू मरीज दिनेश यादव ने प्राइवेट क्लीनिक और डॉक्टर का नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि, रेफरल अस्पताल में



जांच की सुविधा नहीं होने पर अस्पताल के ही एक डॉक्टर के पास जाकर इलाज करवाना आरंभ किया। बौंसी के ही एक जांच घर से जब जांच करायी गयी तो डेंगू के लक्षण पाये गये। मरीज ने सन्मार्ग को बताया कि 8 अक्टूबर को ही वह डेंगू की वजह से बौंसी में बेहोश हो गये थे। जिसके बाद जांच कराने पर डेंगू के लक्षण मिले। चार दिन पहले उनके शरीर में प्लेटलेट्स की क्षमता करीब 93 हजार थी। मरीज ने बताया कि प्रतिदिन 3 बोतल स्लाइन उन्हें चढ़ाया जा रहा है। बुखार आना बंद हो गया है, लेकिन अभी भी वह पूरी तरह से स्वस्थ नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार डेंगू मरीज की संख्या में प्रतिदिन इजाफा हो रही है।

## वाणिज्य कर विभाग के द्वारा तीन ट्रक को किया गया जप्त

**दैनिक समाज जागरण बौंसी/बांका।**

बौंसी/बांकाः- बौंसी थाना क्षेत्र अंतर्गत सांझोतरी के समीप वाणिज्य कर विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कपड़ा लदे तीन ट्रक को जप्त किया है। मामले की जानकारी देते हुए भागलपुर वाणिज्य कर विभाग से आये असिस्टेंट कमिश्नर विनय ठाकुर ने बताया कि, गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गयी है। जप्त ट्रकों को बौंसी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। टीम में असिस्टेंट कमिश्नर अरुण कुमार चौधरी, आशीष कुमार सहित अन्य मौजूद थे। टीम को बौंसी पुलिस के द्वारा सहयोग किया गया था।

## जिला आपूर्ति पदाधिकारी बेहंगा गांव पहुंचकर सुखाड सर्वे का किया जांच।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट।**

कटोरिया प्रखंड क्षेत्र के हडहार पंचायत के बेहगा गांव में आपदा के तहत किसानों को मिलने वाले सहायता राशि के सर्वे कार्य के जांच को लेकर सोमवार को कटोरिया वीडियो प्रेम प्रकाश के साथ जिला आपूर्ति पदाधिकारी बेहगो गाव पहुंच जांच किया और किसानों से भी मिले। ज्ञात हो कि इस वर्ष बारिश के



अभाव में किसान धान फसल नहीं लगा पाए, इसलिए सरकार ने किसानों को राहत देते हुए खाते में 35 00 देने का निर्णय लिया। इसको लेकर बुधवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी बेहंगा पहुंचकर जांच पड़ताल किया।

इस मौके पर कटोरिया वीडियो प्रेम प्रकाश संतोष कुमार गुप्ता एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

## फरार वारंटी एवं तीन शराबी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागृत कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट**

,कटोरिया थाना क्षेत्र के फरार वारंटी दोखड़ी गांव के जगदेव यादव, शंकर यादव, नुनेश्वर यादव, हिरना गांव के जयराम यादव को गिरफ्तार किया है। सूचना मिलते ही छापेमारी कर उन्हें घर से गिरफ़्तार कर न्यायिक हिरासत के लिए भेज दिया । वहीं



मनियों गांव के शराबी बिट्टू यादव, विकाश ठाकुर, कटोरिया बाजार के सोनू भाड़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया कि सभी को न्यायिक हिरासत के लिए भेज दिया है। कटोरिया थाना अध्यक्ष द्वारा आरोपी के विरुद्ध लगातार गिरफ्तारी और छापेमारी जारी है

## दलित मुक्ति मिशन के तत्वावधान में दो दिवसीय संवाद यात्रा आयोजित

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ उमाकांत साह की रिपोर्ट**

बांका/चांदन/दलित मुक्ति मिशन व बिहार दलित विकास समिति द्वारा गठित अम्बेडकर युवा मंच के तत्वावधान में राज्य स्तरीय अम्बेडकर युवा मंच के 15 सदस्यीय नेतृत्वकत्ताओं का जत्था युवा संवाद यात्रा के दूसरे चरण में भैरोगंज पहुंचा। युवाओं ने बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत चांदन प्रखंड के बिभिन्न पंचायत के युवाओं के साथ संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक महेंद्र कुमार रौशन तथा राज्य स्तर के युवा समन्वयक विरेंद्र कुमार नें बताया कि स्कूल-कॉलेज में अभी भी दलित युवाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। कॉलेज के प्रोफेसर को सैलरी के रूप में मोटी रकम युक्त वेतन मिलता है, किन्तु पढ़ाई नहीं होती है। स्कूल में नियमित व विषयगत शिक्षक का अभाव है। सरकार के महत्वकांक्षी योजना नल जल योजना पूरी तरह से फेल है। अब तो चापाकल और कुवां की योजना भी समाप्त हो गया। लोग




गंदगीभरी पानी पीने पर मजबूर हैं। उसी तरह आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र, जनवितरण प्रणाली के योजना, मनरेगा, रोजगार-स्वरोजगार की योजना तथा दलित वंचित से संबंधित सभी योजना-अधिनियम प्रावधान का क्रियान्वयन न के बराबर हो रहा है। भारतीय संविधान व लोकतंत्र के उद्देश्य से लोग भटक रहे हैं। इसलिए यात्रा के माध्यम से विषेशकर पढ़े-लिखे दलित युवाओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से पूरे बिहार में संबाद यात्रा की जा रही है। बांका एवं जमुई जिला में दो दिवसीय ( 18-19 अक्टूबर) यात्रा के दौरान दर्जनों गांव में यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों दलित-आदिवासी युवा भाग लिया। गांव में बने अम्बेडकर युवा मंच के गांव में पहुंचतेही जत्था सदस्यों को फूल-माला और ढ़ोल-बाजे के साथ स्वागत किया और भारतीय संविधान जिन्दावाद, लोकतंत्र जिन्दावद। भेदभाव खत्म करो। शिक्षा-चिकित्सा की उचित व्यवस्था करो। सरकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन करो। युवा शक्ति जिन्दावाद। अम्बेडकर युवा मंच जिन्दावाद आदि का नारा से माहौल बनाने का प्रयास किया।

## डीएम ने समाहरणालय स्थित विभिन्न कार्यालयों का किया निरिक्षण

हाजीपुर( वैशाली )जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा समाहरणालय परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों के औचक निरीक्षण के लिए निकले और सर्वप्रथम हाजीपुर अनुमंडल कार्यालय पहुँचे वहाँ मेन गेट के सामने कई लोग खड़े पाये गये।उनसे पूछ-ताछ की गयी जिस पर कुछ लोगों ने बताया कि अनुमंडल आरटीपीस काउन्टर से रिर्पोट लेने के लिए आये हैं।अनुमंडल गोपनीय प्रशाखा के नीरीक्षण में उपस्थित कर्मियों के पास आई-कार्ड नहीं था।जिसपर अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर को अनुमंडल कार्यालय के सभी कर्मियों को आई-कार्ड आज ही निर्गत कर देने का निर्देश दिया गया और यह भी कहा गया कि अपने कार्यालय सहित समाहरणालय परिसर में आम लोगों की उपस्थित का औचक जाँच करें, ताकि कार्यालयों में लोगों की उपस्थिति अकारण नही हो।डीसीएलआर हाजीपुर कार्यालय के निरीक्षण में कार्यपालक साहायक श्रीमति विभा कुमारी बजे कार्यालय आयी जिसपर डीसीएलआर हाजीपुर को अपने कर्मियों की जाँच औचक रूप से करने का निर्देश दिया गया। डीसीएलआर हाजीपुर को न्यायलय कार्य के लिए अनुमंडल न्यायालय कक्ष का ही उपयोग करने का निर्देश दिया गया।10:30 बजे तक महिला हेल्प लाईन के परियोजना प्रबंधक श्रीमती प्रियंका कुमारी एवं परामर्शी श्री कार्तिक कुमार अनुपस्थित पायें गये।जिससे स्पष्टीकरण करते हुए 24 घंटा के अन्दर स्पष्टीकरण का जबाब देने का निर्देश दिया गया।10:50 बजे अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण किया गया।पदाधिकारी अनुपस्थित पाये गये जिसपर स्पष्टीकरण किया गया एवं 24 घंटा के अन्दर स्पष्टीकरण का जबाब देने को निर्देश दिया गया।11:00 बजे जिला जन सम्पर्क कार्यालय का निरीक्षण किया गया। कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित हॉल का मरम्मत कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को दिया गया। इसी तल पर संचालित जिला बैंकिग कोषांग का भी निरीक्षण किया गया। 11:15 बजे जिलाधिकारी भू-अर्जन कार्यालय पहुँचें कार्यालय के बाहर 02 व्यक्ति खडे पाये गये जिनसे पुछ-ताछ की गयी और जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को उनसे संबंधित अभिलेख उपस्थापित करने का निर्देश दिया गया। इसके पश्चात आईसीडीएस कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में श्री सुधीर कुमार उपाध्याय, श्री ओमप्रकाश प्रसाद एवं श्री दीपक कुमार लगभग 06 वर्षो से आईसीडीएस कार्यालय में कार्यरत पाया गया इन तीनों कर्मियों को अविलंब किसी दूसरी बाल विकास परियोजना कार्यालय में स्थांतरित करने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी के द्वारा इसी भवन के द्वितीय तल पर स्थित पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया यहाँ पर 15 बच्चे अध्ययन करते पाये गये।लाईब्रेरी सहायक को बच्चों की उपस्थिति पंजी संधारित करने तथा आई-कार्ड वाले बच्चों को ही पुस्तकालय में प्रवेश की अनुमति देने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी के द्वारा समाहरणालय परिसर में यत्र-तत्र मोटर साईकिल सहित चार पहिया वाहनों को खड़ी देखकर नाराजगी प्रकट किया गया और अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर को मोटरचयान निरीक्षक को बुलाकर गाडियों की जाँच कराने एवं अनाधिकृत रूप से खड़ी गाड़ियों का चलान कटवाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी वाहनों के लिए होलोग्राम उपलब्ध कराया जाय और होलोग्राम लगे वाहनों को ही परिसर में प्रवेश दिया जाय।आज की जाँच में कुल 20 मोटरसाईकिल एवं 09 चार पहिया वाहनों की जाँच की गयी जिसमें तीन मोटर साईकिल एवं तीन चार पहिया वाहन से कुल 10 हजार रुपए का चालान काटा गया।

# दुकान का ताला तोड़कर पेट्रोल व 3 हजार नकदी की चोरी

**दैनिक समाज जागरण** मांझी (सारण)। मांझी थाना क्षेत्र के नरपलिया बाजार के समीप सड़क किनारे स्थित चाय समोसे की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने एक गैलन पेट्रोल व गल्ले में मौजूद लगभग तीन हजार रुपया भी चुराया तथा मौका पाकर लिट्टी समोसा व कुरकुरे भी खाया। अजीबोगरीब चोरी की खबर पाकर पहुंचे लोगों ने घटना पर हैरत जताया। लोगों ने बताया कि इस छोटी सी दुकान के सहारे चंद्रावती कुँअर नामक विधवा महिला अपने परिवार का भरण पोषण करती हैं। पड़ोसी दुकान दार अजय सिंह ने बताया कि चोरों ने लोहे के जिस रॉड से दुकान का ताला तोड़ा उस रॉड को भी वही छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि बेहद गरीब दुकानदार के साथ घटी यह घटना बेहद शर्मनाक है। पीड़ित महिला दुकानदार ने बताया कि घटना की लिखित सूचना माँझी थाना पुलिस को दे दी गई है तथा पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

# इण्डियन बैंक का प्रिंटिंग मशीन महीनों से खराब, ग्राहक परेशान

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। मांझी के इण्डियन बैंक में पासबुक अपडेट व प्रिंटिंग नहीं होने से खाताधारक परेशान हैं। बैंक में महीनों से प्रिंटर मशीन खराब होने के कारण ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बैंक का प्रिंटर अक्सर खराब रहता है। इस वजह से उपभोक्ताओं के पासबुक अपडेट नही हो पा रहे हैं। संबंधित कर्मचारी उपभोक्ताओं से प्रिंटर खराब होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। इस संबंध में लोगों का कहना है कि उनके पासबुक में राशि अंकित नही होने के कारण उन्हें सरकारी या गैर सरकारी कार्यों में परेशानी होती है। खराब पड़ी प्रिंटर मशीन को लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश देखा जा रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि प्रतिदिन लाखों की जमा निकासी करने वाले इण्डियन बैंक में पासबुक प्रिंट कराने के लिये उपभोक्ता आग्रह करते रहते हैं। मगर इण्डियन बैंक के कर्मी प्रिंटर खराब होने का बहाना बनाक पासबुक प्रिंट नही होगा कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं।



# अनियंत्रण बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल निजी क्लीनिक में भर्ती

दैनिक समाज जागरण मशरक/सारण। मशरक मलमलिया सिवान एन एच 227ए पर मंगलवार को अनियंत्रित बस ने बाइक सवार को टक्कर मार फरार हो गया जिसमें बाइक सवार दो शख्स घायल हालत में इलाज के लिए देवरिया नहर पर निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहां उनकी पहचान सिवान जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के जगतपुर बंगरा गांव निवासी तपसी साह की पत्नी गौरी देवी और गजियापुर गांव निवासी नीरज कुमार साह के रूप में हुई। घायल ने बताया कि वह अपने नानी को बाइक पर बैठाकर मशरक जा रहा था कि मलमलिया की तरफ जा रही अनियंत्रित बस ने उसके बाइक में टक्कर मार फरार हो गया जिसमें बाइक समेत वह गढ़े में गिर पड़ा और दोनों घायल हो गए। जिसे ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए देवरिया नहर पर निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया।



## भोजपुरी एलबम की हुई शूटिंग, दर्शकों की उमड़ी भीड़

**दैनिक समाज जागरण**

मशरक/सारण। मशरक थाना क्षेत्र के प्राचीन दुमदुमा शिव मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को भोजपुरी एलबम की शूटिंग शुरू हुई। शूटिंग की खबर लगते ही दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। भोजपुरी एलबम के बारे में गायक अजीत आनंद और काजल राज एवं गीतकार राहुल पाण्डेय ने बताया कि शुद्ध भोजपुरी गाने को लेकर धन बाड़ ऐ जानु की शूटिंग की जा रही है जो अश्लीलता से हटकर पूरे परिवार के साथ सुनने लायक है वही उन्होंने बताया कि युवराज सुधीर सिंह के सहयोग से यहां शूटिंग चल रही है। वहीं स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग मिला है।



# सीएसपी लूटकांड का आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के खराटी मथुरा राय चौक स्थित एसबीआइ सीएसपी लूटकांड के आरोपित को तरैया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष मो. शोएब आलम ने बताया कि गत माह चैनपुर खराटी सीएसपी लूटकांड के आरोपित सिवान जिले के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के हिलसर एकवना निवासी जमील अंसारी के पुत्र राजा उर्फ राजवली को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित को मंगलवार को जेल भेज दिया गया। वहीं कारतूस के साथ गिरफ्तार लोकनाथ राय व शराब कांड के आरोपित चैनपुर खराटी निवासी मुकेश महतो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं तरैया बाजार मसरख मोड़ के समीप शराब के नशे में हंगामा कर रहे मुकेश कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह व साहिल कुमार को पकड़ कर न्यायिक हिरासत में जुमार्ना के लिए भेजा गया है।

# भटौरा में एक घर से हजारों की चोरी

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के भटौरा पश्चिम टोला में एक घर से सोमवार की रात्रि में चोरों ने हजारों रुपये मूल्य की संपति चोरी कर फरार हो गये है। उक्त जानकारी देते हुए जदयू प्रखंड अध्यक्ष प्रो. ज्वाला प्रसाद ने बताया कि मोख्तार साह के घर में रात्रि में चोरों ने प्रवेश कर महिला सदस्यों को नशीले पदार्थ सूंघा कर ट्रंक पेटी तोड़कर उसमें रखे गये कपड़ा व सोने चांदी के आभूषण ले फरार हो गये। जानकारी के अनुसार मोख्तार साह की पुत्री रौशनी कुमारी की शादी को लेकर कपड़े व गहने खरीद कर रखे गये थे। चोरी की घटना की जानकारी परिजनों को सुबह में हुई। जदयू अध्यक्ष श्री प्रसाद ने इसकी सूचना तरैया थाना पुलिस को मोबाइल पर दिया। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन में जुटी हुई है।

# बरामदे पर खड़ी बाइक चोरी

**दैनिक समाज जागरण** तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के तरैया गांव निवासी बेदप्रकाश गुप्ता की बरामदे में खड़ी बाइक रात्रि में अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। इस संबंध में श्री गुप्ता ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि रात्रि में बरामदे पर बाइक खड़ी कर सोने चले गए सुबह में जब उठे तो देखे की बरामदे में बाइक नहीं है। काफी खोजबीन किये लेकिन बाइक का कुछ अता-पता नही चला। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# छपरा नगर निगम का अपना वेबसाइट लॉन्च, अब घर बैठे जमा कर सकेंगे होल्डिंग टैक्स

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा नगर (सारण)। छपरा नगर निगम ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट लांच किया है। इस वेबसाइट में छपरा नगर निगम से संबंधित सभी महत्वपूर्ण तथ्यों एवं आंकड़ों का समावेशन है। टैक्स कलेक्टर के द्वारा होल्डिंग रजिस्टर के आधार पर घर-घर जाकर होल्डिंग टैक्स धारकों से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर पारंपरिक पद्धति में बदलाव किया गया है। जिससे अब घर बैठे ही होल्डिंग धारक अपना टैक्स छपरा नगर निगम की वेबसाइट में जाकर जमा कर रसीद प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए एजेंसियों का भी चयन किया जा चुका है। जिसका नाम स्पैरो सॉफ्टेट प्राइवेट लिमिटेड है। वहीं इस एजेंसी के द्वारा पूरे शहर का सर्वे कर सभी आवश्यक जानकारी इकट्ठा की जा रही है। लगभग एक महीने बाद छपरा नगर निगम वासी यह सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। जिससे कार्यालय का चक्कर लगाने से मुक्ति मिल जाएगी। वहीं इस तरह के ऑनलाइन टैक्स वसूली से राजस्व में भी इजाफा होगा और लोगों का समय भी बचेगा। वहीं इस कार्य के लिए कई दिनों तक कार्यालय का चक्कर लगाना अब नही पड़ेगा। (छपरा नगर निगम डॉट नेट) पर जाकर अपने होल्डिंग नंबर के साथ जमीन संबंधी टैक्स जमा कर सकेंगे।



इसके पूर्व इस वेबसाइट लॉन्चिंग में नगर निगम आयुक्त संजय कुमार उपाध्याय एवं उप नगर आयुक्त अशीष रंजन, सिटी मैनेजर नीरज झा एवं कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर आलोक कुमार तिवारी और कंपनी के कंसल्टेंट अधिकारी आशीष कुमार पांडे सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# आम सभा आयोजित करने को मुखिया व वार्ड सदस्य आमने-सामने

**दैनिक समाज जागरण**

मशरक/सारण। मशरक प्रखंड के गंगौली पंचायत में सरकार द्वारा पंचायतों में सरकारी योजनाओं के बेहतर संचालन के लिए आम सभा आयोजित करने में मुखिया और वार्ड सदस्यों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया है। मामले में मुखिया और वार्ड सदस्यों के द्वारा थाना पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई। मामले में मुखिया मुखिया ज्ञानती देवी ने दिए आवेदन में बताया कि मैं अनुसूचित जाति महिला सीट से मुखिया हूं। मैं जब भी आम सभा कराती हूं तो गांव के कुछ दबंग लोगों के द्वारा आम सभा को बाधित किया जाता है। वही पुनः बिहार सरकार के पंचायती राज के दिए गए पत्रांक अनुसार 19 अक्टूबर को आम सभा मुखिया के अध्यक्षता में कराना है। इस सभा के लिए पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की मांग किया गया है। वही पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों के द्वारा भी लिखित आवेदन मशरक थाना में दी गई। जिसमें बताया गया कि मुखिया महोदय के द्वारा पंचायत में बिना आम सभा बैठक किए ही सभी वार्ड सदस्यों से हस्ताक्षर करने के लिए दबाव बनाया जाता है। जब हम सभी वार्ड सदस्यों ने बिना आम सभा कराये एवं बिना योजना का नाम लिखें हुए रजिस्टर पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे तो मुखिया श्रीमती ज्ञानती देवी के द्वारा दबंगों के नाम से मशरक थाना में आवेदन दिया गया है। हम सभी वार्ड सदस्यों के द्वारा भी एक लिखित आवेदन के साथ अपनी बातों को दशार्ते हुए मशरक थाना में आवेदन दिया गया है। वार्ड सदस्यों के द्वारा आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में मुख्य रूप से वार्ड संख्या 14 के वार्ड सदस्य इंदु भूषण सिंह, वार्ड संख्या 13 के वार्ड सचिव रविंदर कुमार, वार्ड संख्या 14 के वार्ड सदस्य सुमेश्वर सिंह, वार्ड संख्या 4 के वार्ड सदस्या कुमारी विभा, वार्ड नंबर 11 के वार्ड प्रतिनिधि प्रदीप कुमार पांडेय, वार्ड संख्या 1के वार्ड प्रतिनिधि शशिकांत मिश्रा के साथ अन्य वार्ड सदस्य हैं।



# फर्जी तरीके से जालसाजी कर जमीन बैनामा करवाया, दो महिला समेत छह लोगों पर केस दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के चंचलिया गांव में एक व्यक्ति के पुस्तैनी जमीन को कुछ लोगों द्वारा मिलकर फर्जी तरीके से जालसाजी कर बैनामा करा लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में चंचलिया गांव निवासी संजय सिंह ने तरैया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें दो महिला समेत आधा दर्जन लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। दर्ज प्राथमिकी में पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि सविता देवी, मनोज सिंह, सीता देवी, अरविंद भगत, सतन राय और जुल्फिकार अंसारी ने मिलकर एक साजिश के तहत उनकी पुस्तैनी जमीन को फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया है, और जबरदस्ती सभी आरोपीगण मिलकर जमीन को दखल करने की नियत बनाए हुए हैं। पुलिस मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

# नशे की हालत में जिंदा कारतूस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के देवरिया मैकडॉनल्ड हाई स्कूल के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नशे की हालत में जिंदा कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में तरैया थानाध्यक्ष मोहम्मद शोएब आलम ने एक प्राथमिकी दर्ज की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना मिली की भलुआ नकटा गांव निवासी स्व. सीताराम राय का पुत्र लोकनाथ राय देवरिया में मैकडोनाल्ड हाई स्कूल के समीप शराब के नशे में देशी कट्टा लहड़ा रहा है, जो पूर्व में भी जेल जा चुका है। सूचना सत्यापन के बाद मौके पर पहुंचे तो देख एक एक व्यक्ति शराब के नशे में हल्ला हंगामा कर रहा है। जो कि पुलिस को देखते ही भागने लगा। जिसे पुलिस बल द्वारा खदेड़कर पकड़ा लिया गया। पकड़ा गया व्यक्ति भलुआ नकटा गांव निवासी लोकनाथ राय है, जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पॉकेट से तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया। कारतूस के संबंध में पूछने पर उसने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। जिसके बाद उसे नशे की हालत में अवैध रूप से जिंदा कारतूस रखना एवं खरीद बिक्री करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति पूर्व में भी आर्म्स एक्ट में जेल जा चुका है। इधर पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर उसे मंगलवार को छपरा जेल भेज दिया।

# दलित मुक्ति मिशन के तत्वावधान में दो दिवसीय संवाद यात्रा आयोजित

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ उमाकांत साह की रिपोर्ट**

बांका/चांदन/दलित मुक्ति मिशन व बिहार दलित विकास समिति द्वारा गठित अम्बेडकर युवा मंच के तत्वावधान में राज्य स्तरीय अम्बेडकर युवा मंच के 15 सदस्यीय नेतृत्वकत्ताओं का जत्था युवा संवाद यात्रा के दूसरे चरण में भैरोगंज पहुंचा। युवाओं ने बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत चांदन प्रखंड के बिभिन्न पंचायत के युवाओं के साथ संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक महेंद्र कुमार रौशन तथा राज्य स्तर के युवा समन्वयक विरेंद्र कुमार नें बताया कि स्कूल-कॉलेज में अभी भी दलित युवाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। कॉलेज के प्रोफेसर को सैलरी के रूप में मोटी रकम युक्त वेतन मिलता है, किन्तु पढ़ाई नहीं होती है। स्कूल में नियमित व विषयगत शिक्षक का अभाव है। सरकार के महत्वकांक्षी योजना नल जल योजना पूरी तरह से फेल है। अब तो चापाकल और कुवां की योजना भी समाप्त हो गया। लोग गंदगीभरी पानी पीने पर मजबूर हैं। उसी तरह आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र, जनवितरण प्रणाली के योजना, मनरेगा, रोजगार-स्वरोजगार की योजना तथा दलित वंचित से संबंधित सभी योजना-अधिनियम प्रावधान का क्रियान्वयन न के बराबर हो रहा है। भारतीय संविधान व लोकतंत्र के उद्देश्य से लोग भटक रहे हैं। इसलिए यात्रा के माध्यम से विषेशकर पढ़े-लिखे दलित युवाओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से पूरे बिहार में संबाद यात्रा की जा रही है। बांका एवं जमुई जिला में दो दिवसीय ( 18-19 अक्टूबर) यात्रा के दौरान दर्जनों गांव में यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों दलित-आदिवासी युवा भाग लिया। गांव में बने अम्बेडकर युवा मंच के गांव में पहुंचतेही जत्था सदस्यों को फूल-माला और ढ़ोल-बाजे के साथ स्वागत किया और भारतीय संविधान जिन्दावाद, लोकतंत्र जिन्दावद। भेदभाव खत्म करो। शिक्षा-चिकित्सा की उचित व्यवस्था करो। सरकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन करो। युवा शक्ति जिन्दावाद। अम्बेडकर युवा मंच जिन्दावाद आदि का नारा से माहौल बनाने का प्रयास किया।




# कुआं में फिसलकर डूबने से एक व्यक्ति की मौत

**बांका/कटोरिया जयपुर से संवाददाता श्रीकांत यादव की**

बांका/कटोरिया प्रखंड क्षेत्र के बसमत्ता पंचायत अंतर्गत बदासन गांव के नोकाबांध बहियार में 18,10,2022 मंगलवार साम 3 बजे करीब स्नान के दोरान पेर फिसलकर कुआं में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो चुका है। मृत व्यक्ति की पहचान बदासन गांव के निवासी भागवत यादव के पुत्र देवेन्द्र यादव 35 वर्ष के रुप में हुई है।इधर घटना का सूचना मिलते ही कटोरिया थाना प्रभारी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर सव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बुधवार को बांका भेज दिया है। इस हादसे को लेकर पुरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।प्राप्त जानकारी के अनुसार देवेन्द्र यादव अपने घर से नहाने के लिए बहियार गया था। जहां एक कुआं था आस-पास घास काट रहे महिलाओं को कुआं में कुछ गिरने का आहट सुनाई पड़ा जब महिलाओं ने कुआं में आकर देखा तो अचानक देखकर चिल्लाने लगा और बहुत सारे ग्रामीण जमा हो गया।काफी मास्साकत के बाद बास के सहारे किसी तरह बाहर निकलने पर देखा तो मौत हौ चुका था।दुख की बात यह हे कि मृतक की पत्नी मिरा देवी पुत्री खुशबू कुमारी 16 वर्ष,उषा कुमारी 13 वर्ष,अंशु कुमारी 9 वर्ष,कोशलेस कुमार 6 वर्ष,सगर कुमार 4 वर्ष के बच्चों का सहारा पिता था अब मां के सिवाय दुसरा कोई देखने वाला नही है।



# पुरानी पेंशन व वेतनमान को लेकर 7 नवंबर को सीएम के समक्ष शिक्षक भरेंगे हुंकार

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। आगामी सात नवम्बर को गर्दनीबाग पटना में मुख्यमंत्री के समक्ष पुरानी पेंशन एवं वेतनमान समेत अन्य शिक्षक समस्याओ के निदान की दिशा में हजारों-हजार की संख्या में सूबे के शिक्षक कर्मचारी सरकार की दोहरी कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ पुरानी पेंशन की मांग को लेकर हुंकार भरेंगे। जिसकी सफल तैयारी को लेकर सारण प्रमंडल के शिक्षक प्रतिनिधियों की बैठक रविवार 23अक्टूबर को बुलाई गई है। वहीं इस अवसर पर महाधरना को ऐतिहासिक रूप देने के लिए शिक्षक नेताओं का प्रखंडवार दौरा कार्यक्रम भी जारी है। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए इस आशय की जानकारी देते हुए बिहार राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष उदयशंकर गुड्डू एवं प्रदेश सचिव सुनील तिवारी ने बताया कि सरकार की दोहरी आर्थिक नीति ने शिक्षक कर्मचारियों के भविष्य को गर्त में ले जाने का प्रयास कर रही है जिसे बिहार के शिक्षक कर्मचारी बर्दाश्त नहीं करेंगें।तत्कालीन विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा था कि हमारी सरकार बनते ही पहली कैबिनेट की मीटिंग में एनपीसी जैसे काले पेंशन को रद्द कर पुरानी पेंशन एवं समान काम के समान वेतन देने का काम करेंगें,लेकिन बदली हुई राजनैतिक परिदृश्य में जब राजनीति के प्रदेश बदलने पर जब सत्ता की चाबी हाथ में आ गई है तो उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव कान में तेल डालकर कुंभकर्णी मुद्रा में सो गये है। साथ ही उन्होने बताया कि इस बार सूबे के शिक्षक कर्मचारी एकजुट हो उठे है।सरकार से हर हाल में पुरानी पेंशन एवं समान काम के समान वेतन लेकर रहेंगे।



## मांझी नगर पंचायत में डायरिया ने ली महामारी का रूप, चार दर्जन लोग बीमार

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन मोहल्लों में डायरिया ने महामारी का रूप अख्तियार कर लिया है। पिछले 24 घण्टे के भीतर लगभग चार दर्जन मरीज माँझी पीएचसी में इलाज हेतु आ चुके हैं। मिली जानकारी के मुताबिक लगभग एक दर्जन डायरिया पीड़ितों को छपरा सदर अस्पताल रेफर किया जा चुका है। जबकि कई अन्य मरीजों को इलाज के पश्चात वापस घर भेज दिया गया हैं। इस बीच कई मरीजों ने बताया कि पीएचसी में जरूरी दवाओं का अभाव बना हुआ है। मरीज अपने पैसे से जरूरी दवाएं खरीदने पर मजबूर हैं। वहीं दूसरी तरफ चिकित्सा कार्य में लगे स्वास्थ्य कर्मियों पर परिजनों के बढ़ते दबाव के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा बाहर से सलाईन की बोतलें खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा हैं। मरीजों के लगातार आते जाते रहने की वजह से पीएचसी परिसर में अफरा तफरी का माहौल बना हुआ है। वाहनों तथा के एम्बुलेंस की चहलकदमी से दहशत का माहौल है। मरीजों को लाने ले जाने में लगे स्थानीय समाजसेवी कृष्णा सिंह पहलवान ने दावा किया कि पिछले 24 घण्टे में लगभग पांच दर्जन मरीज पीएचसी पहुंचे है। इसके अलावा अनेक मरीज निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। पीएचसी के प्रबंधक ने बताया कि प्रभावित इलाके में ब्लीचिंग पाउडर के तत्काल छिड़काव हेतु निर्देशित किया गया है। इलाज में लगे चिकित्सकों का कहना है कि दूषित पेयजल की वजह से लोग लगातार बीमार हो रहे हैं। कई लोग अपने मरीजों को घर पर ही रखकर सलाईन चला रहे हैं। कई ग्रामीणों ने बताया कि माँझी प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएचडी की सप्लाई वाले पानी पीने से बीमार हुए हैं।



## ऑटो टैक्टर स्पेयर पार्ट्स की दुकान में लगी आग, 10 लाख की संपत्ति जली

**दैनिक समाज जागरण**

मशरक/सारण। मशरक थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित ऑटो टैक्टर स्पेयर पाट्र्स की दुकान में मंगलवार की सुबह आग लगने की वजह से दस लाख रुपए तक के सामान जलकर राख होने का मामला सामने आया है। मामले में दुकानदार दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि उनकी स्टेशन रोड में जिला परिषद के मकान में दीपक ऑटो टैक्टर स्पेयर पाट्र्स के नाम से दुकान हैं सोमवार की मध्य रात्रि तक दीपावली को लेकर रंग रोगन किया गया वही मंगलवार की सुबह चार बजे बगल के लोगों ने दुकान से धुआ और आग की लपटे देख हमें सूचना दी मौके पर आस पास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया तब तक आग ने दुकान में रखा सारा समान जलाकर राख कर दिया। आग कैसे लगी यह अभी पता नहीं चल पाया है पर दुकान में बिजली का कनेक्शन नहीं हैं। दुकान में सोलर एनर्जी से बिजली का इस्तेमाल किया जाता है। आस पास के लोगों ने बताया कि आग से दुकान में आग लगने से दस लाख रुपए तक संपति जलकर नष्ट हो गई है।आग लगने से दुकान में रखें बाइक और ट्रैक्टर के स्पेयर पार्ट्स समेत गल्ला में रखें नगदी, कागजात और रेक काउंटर जलकर राख हो गए हैं। मामले में थाना पुलिस को भी सुचना दी गई है।



# अंग्रेजी शराब लदा ट्रक के साथ तीन लोग हुए गिरफ्तार

**सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

बिहटा -बिहटा पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ एक ट्रक को बरामद किया है जहा पुलिस ने तीन लोगो को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की बिहटा - मनेर ठल 30 मुख्य मार्ग रिलायंस पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक लगा है जिसके अंदर अंग्रेजी शराब लगा हुआ है जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जहां पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई जहां ट्रक के अंदर 100 पेटी अंग्रेजी शराब का ऑफिसर चॉइस का टेट्रा लदा हुआ था लगभग 840 लीटर अंग्रेजी शराब है गिरफ्तार लोगो की पहचान मो.आजाद,सुभाष कुमार एवं धनु कुमार के रूप में हुई है.फिलहाल गिरफ्तार तीनों से पुलिस पूछताछ करने में जुट गई है।



## जल छाजन समिति द्वारा 80 किसानों के बीच किया सब्जी मिनी कीट वितरण

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो चीफ उमाकांत साह**

चान्दन/बांकाः-प्रखंड मुख्यालय स्थित चांदन पंचायत के सरकार भवन परिसर में बुधवार 19 अक्टूबर को मुखिया अनिल कुमार मंडल के अध्यक्षता में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जल छाजन समिति द्वारा सब्जी मिनी किट का वितरण किया गया। मौके पर सचिव ललन कुमार शर्मा, कृषि विशेषज्ञ अमित कुमार,वित्तीय वि० प्रीति कुमारी मौजूद थे। मौके पर मौजूद कृषि विशेषज्ञ अमित कुमार ने बताया कि पंचायत के 126 किसानों को बीच सब्जी मिनी कीट लाभांवित किया जाना है। जिसमें बुधवार को सब्जी मिनी कीट लगभग 80 किसानों को वितरण किया गया। इस मौके पर मुखिया अनिल कुमार मंडल ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जल छाजन समिति के तहत 10% की लागत से किसानों को सब्जी कीट वितरण किया जा रहा है जिसका लागत 3500 रुपया की सब्जी मिनी कीट प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत मात्र 350 रुपया में 126 किसानों को लाभान्वित किया जाना है। सब्जी कीट लेते हुए लघु किसान जनू राऊत, ज देवेंद्र मिस्त्री, गुरुदेव बरनवाल, शंभू कुमार, मीना देवी, सुरेश महतो, फुलचन कापरी, पार्वती देवी, अजय कुमार कापरी, बैजनाथ प्रसाद यादव एवं अन्य किसान मौजूद थे।



# प्रखंड कार्यालय पर वार्ड सदस्यों ने दिया धरनाा

**दैनिक समाज जागरण**

दारौंदा (सिवान)। प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन के प्रांगण में आज वार्ड सदस्यों ने धरना दिया। वार्ड सदस्यों ने बताया कि पंचायत के मुखिया द्वारा वार्ड सदस्यों को मान सम्मान और किसी कार्य की जानकारी नहीं दी जा रही है। लिखित शिकायत करने के बाद भी पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वार्ड सदस्यों के साथ मुखिया सहित ब्लॉक के अधिकारी सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। हड़सर पंचायत के उप मुखिया हरेंद्र यादव ने वर्तमान मुखिया पर लापरवाही करने का आरोप लगाया। कोरारी कला पंचायत के उप मुखिया अनीता देवी ने बताई कि राज्य सरकार वार्ड सदस्यों का चुनाव गांव के विकास के लिए कराती है। पंचायत के मुखिया दबंग और मनमानी तरीके से अपना कार्य कर रहे हैं। जिसको लेकर आज हम लोग धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर हरेंद्र यादव, अनीता देवी, जनार्दन माझी रूबी देवी, निपेंद्र सिंह, मेराज अंसारी सहित सैकड़ों वार्ड मौजूद रहे।



क्या कहते हैं पंचायती राज पदाधिकारी.

पंचायती राज पदाधिकारी जनार्दन प्रसाद सिंह ने बताया कि वार्ड सदस्यों द्वारा जो शिकायत की गई है उस पर जांच की जा रही है जल्द जांच कर दोषियों पर कार्रवाई होगी.

## पेंशन राशि नहीं मिलने के शिकायत पर बीडीओ ने किया समाधान

संवाददाता गौतम ठाकुर (जामताड़ा) आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा

करमाटांड़ के सीताकाटा पंचायत में आयोजित शिविर में पेंशन राशि नहीं मिलने के शिकायत पर बीडीओ ने किया समाधान

पिछले वर्ष आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पेंशन हुआ था स्वीकृत; बैंक में जा रही थी पेंशन राशि लेकिन महिला थी अनभिज्ञ

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आज करमाटांड़ के सीताकाटा पंचायत में आयोजित शिविर में एक अलग तरह का मामला दिखा। एक वृद्धा लाभुक जिन्हें पिछले वर्ष आयोजित सरकार आपके द्वार शिविर में ही पेंशन की स्वीकृति मिल गई थी। लेकिन जानकारी के अभाव में वो अपनी नाराजगी लिए कैंप में बीडीओ अफजर हसनेन के पास



पहुंच गई कि उनके खाते में राशि आज तक मिली ही नहीं। मुझे अब तक पेंशन का लाभ नहीं मिला, उन्हें सरकार एवं प्रशासन के प्रति आक्रोश था। उनकी समस्या को सुनकर बीडीओ करमाटांड़ ने तत्काल संज्ञान लेते हुए वृद्ध महिला जगनी देवी के शिकायत की तुरंत जांच करवाया। जांचोपरांत पता चला है कि उक्त बुजुर्ग महिला का पेंशन स्वीकृत है तथा राशि भी उनके बैंक अकाउंट में जा रहा है। बीडीओ ने बुजुर्ग महिला को बताया कि माताजी आपके खाते में पैसे जा रहे हैं साथ ही पूछा कि आपने अपना बैंक अकाउंट कभी चेक नहीं करवाया क्या? बीडीओ ने जेई को निर्देशित करते हुए उक्त महिला के साथ बैंक भेजा एवं खाते की जांच करवाई तथा बैंक में महिला ने कुछ पैसे भी खाते से निकलवाए। अपने बैंक अकाउंट में पेंशन के पैसे पाकर बुजुर्ग महिला फूले नहीं समा रही थी। उसने इसके लिए सरकार एवं प्रशासन को धन्यवाद दिया।

### जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने मल्लिकार्जुन खड़गे जी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी

## 2024 मैं देश के अगले प्रधानमंत्री राहुल गांधी जी होंगे

### खड़गे साहब के लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ निश्चित रूप से संगठन को मिलेगा राहुल गांधी जी पूरे देश मे पदयात्रा कर लोगों को जोड़ने का काम कर रहे हैं

संवाददाता गौतम ठाकुर (जामताड़ा) जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने आज श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि खड़गे साहब के लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ निश्चित रूप से संगठन को मिलेगा एवं उनके कुशल नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। आगे विधायक जी ने कहा कि जिस



प्रकार देश के भावी प्रधानमंत्री राहुल गांधी जी पूरे देश में पदयात्रा कर लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम कर रहे हैं यह काबिले तारीफ है। राहुल जी दिन रात पसीना बहा रहे हैं और मेरा मानना है कि 2024 में पार्टी को इसका लाभ मिलेगा और देश के अगले प्रधानमंत्री राहुल गांधी जी होंगे। मैं पूरे झारखंड वासियों की तरफ से खड़गे साहब को एक बार फिर से ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं।

## मनिरामपुर पंचायत मे "भारत जोड़ो यात्रा का कार्यक्रम किया गया

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट अविनाश मंडल**

पाकुड़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष उदय लखमानी के निर्देश पर पाकुड़ प्रखण्ड के मनिरामपुर पंचायत मे "भारत जोड़ो यात्रा" कार्यक्रम स्थानीय मुखिया मोजिबुर रहमान के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिला अध्यक्ष उदय लखमानी, जिला सचिव कृष्णा यादव, चीफ इनरोलर सोनु आलम एवं मन्सार शेख उपस्थित थे, कांग्रेस के "भारत जोड़ो यात्रा" के इस कार्यक्रम में आम जनता ने कार्यक्रम का जोरदार समर्थन किया 'मनिरामपुर पंचायत कांग्रेस जिन्दाबाद, राहुल गाँधी जिन्दाबाद ,सोनिया गाँधी जिन्दाबाद आलमगीर आलम जिन्दाबाद के नारों से गूँज उठा 'जिला अध्यक्ष उदय लखमानी ने कहा कि केंद्र में बैठी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय



जनता पार्टी की सरकार के तानाशाही नीति, संवैधानिक संस्थाओं का विपक्ष के नेताओं के विरुद्ध गलत इस्तेमाल एवं धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वाली नीति के खिलाफ हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी "भारत जोड़ो यात्रा" कार्यक्रम के तहत कन्याकुमारी से काश्मीर तक 3570 कि.मी.पैदल यात्रा कर रहे हैं 'इसी कड़ी मे आज मनिरामपुर पंचायत में अभूतपुर्व "भारत जोड़ो यात्रा" निकाली गई,जिला अध्यक्ष ने कहा कि माननीय मंत्री ग्रामीण विकास आलमगीर आलम के कुशल मार्गदर्शन मे पुरे जिले में यह यात्रा निकाली जा रही है 'मौके पर मनिरामपुर पंचायत के उप-मुखिया सैदुर रहमान,पंचायत समिति सदस्य शेख सैफुद्दीन,वार्ड सदस्य खुर्शिद आलम, वार्ड सदस्य मंजारुल इस्लाम,वार्ड सदस्य जमाल शेख,सफिकुल इस्लाम अशरफ अली,मोजू,जोहार, अन्सारुल शेख,ताजमूल हक,शमसुल आदि मौजूद थे।

## सूचना भवन में शोक सभा आयोजित कर दिवंगत पत्रकार को दिया गया श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी (पाकुड़)**

पाकुड़ जिला के वरिष्ठ पत्रकार दिगेश त्रिवेदी के अकास्मिक निधन को लेकर प्रेस क्लब पाकुड़ के द्वारा सूचना भवन में शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित डीपीआरओ डॉ चंदन कुमार ,वरिष्ठ पत्रकार व क्लब के संरक्षक लालमोहन साहा, अध्यक्ष मुकेश कुमार जयसवाल ,सचिव रोहित कुमार, संयुक्त सचिव राजकुमार कुशवाहा, कार्तिक कुमार , सोहन कुमार,जयदेव कुमार , मकसूद आलम,अशोक शर्मा समेत अन्य पत्रकार व सामाजिक कार्यकताओं ने बारी बारी से दिवंगत पत्रकार की चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा। वही श्रद्धांजलि सभा में अपनी बातों को रखते हुए डीपीआरओ डॉ चंदन ने कहा कि स्वर्गीय त्रिवेदी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे उनके आर्टिकल हमेशा ही प्रेरणादाई रही है काफी कम समय



का मेरा उनसे परिचय था परंतु उनसे आत्मिक लगाव था। डीपीआरओ ने कहा कि वह हमारे बीच नहीं है परंतु उनके कुछ आलेखों को हमें संजो कर रखने की जरूरत है इसके साथ-साथ उनकी यादों को सहेजने की भी जरूरत है ताकि आने वाले पत्रकारों की पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले सकें। मौके पर मौजूद प्रेस क्लब के संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार लालमोहन साह, अशोक शर्मा ,राजेश पांडे ,कार्तिक कुमार ,जयदेव कुमार ,राजकुमार कुशवाहा, रोहित कुमार , मकसूद आलम, मनोज चौबे,भाजपा नेता हिसाबी राय ने भी बारी-बारी से उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके निधन पर दुख जाहिर किया। शोक सभा में प्रेस क्लब से जुड़े राजकुमार भगत ,राघव कुमार, मो0 काशीम,यासर अराफात, विनोद कुमार,मो0 तौफीक ,सतनाम सिंह ,संजय कुमार ,अभिषेक तिवारी, मो0 अराफात, सामाजिक कार्यकर्ता अनिकेत गोस्वामी ,संतोष तिवारी ,सादेकुल आलम , एसएमपीओ पवन कुमार,जनसंपर्क कर्मी राजेश कुमार, दीपाली शाह मिश्रा, प्रीतम कुमार समेत दर्जनों सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रोड सेफ्टी टीम के द्वारा केंद्रीय विद्यालय जामताड़ा तथा आईटीआई कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

### आईटी आई कॉलेज जामताड़ा में सड़क सुरक्षा टीम के तहत जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

संवाददाता गौतम ठाकुर ( जामताड़ा)--रोड सेफ्टी टीम के द्वारा सड़क सुरक्षा टीम के तहत केंद्रीय विद्यालय जामताड़ा तथा आईटीआई कॉलेज जामताड़ा में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया इस दौरान विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और सड़कों में लगे साइंस के बारे में भी बताया गया तथा इंपॉर्टेंट ऑफ सेफ्टी डिवाइस, हेलमेट और सीट बेल्ट के बारे में भी जानकारी दी गई,इसके अलावा गुड समारिटन पॉलिसी (,गुड सेमरिटन 2020 के बारे में



जानकारी दी गई। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा यांत्रिकी विश्लेषक माज आलम, सड़क सुरक्षा प्रबंधक तौसीफ जलीली,, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक सतीश कुमार सिंह के अलावे विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र छात्राएं आदि मौजूद थे।

फोटो- विद्यालय के छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा थीम के बारे में जानकारी देते रोड सेफ्टी टीम के पदाधिकारी गण।

## पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विदेशी शराब के साथ एक को धर दबोचा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी**

पाकुड़ जिले के महेशपुर ओपी थाना के पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के चांदपुर हटिया से 36 बोतल बियर सहित 10 बोतल विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को धर दबोचा'

व्यक्ति पाकुड़िया थाना क्षेत्र के श्रीधरपुर का रहने वाला है '

जिसका नाम विद्युत मंडल बताया



जा रहा है' यह शराब बंगाल से ला रहा था, महेशपुर ओपी थाना प्रभारी ने आरोपी को पाकुड़ उत्पाद अधीक्षक को सौंप दिया '

जहां उत्पाद अधीक्षक ने कार्रवाई की '

## अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय के द्वारा निराश्रित महिला को पेंशन स्वीकृति पत्र दिया गया।

**आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार संवाददाता गौतम ठाकुर (जामताड़ा )**

जामताड़ा जिले अंतर्गत सोनबाद पंचायत में लगे सरकार आपके द्वार शिविर में अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय के द्वारा निराश्रित महिला को पेंशन स्वीकृति पत्र दिया गया।

शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों की तत्परता से लाभार्थियों को मिल रहा उनका अधिकार

शारीरिक रूप से अक्षम निराश्रित आदिवासी महिला सुनीता टुडू को अनुमंडल पदाधिकारी ने टेंपो में जाकर दिया पेंशन स्वीकृति पत्र

अनुमंडल पदाधिकारी जामताड़ा संजय पांडेय की तत्परता एवं संवेदनशीलता से जामताड़ा जिला अंतर्गत सोनबाद पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में ग्राम रसियाभीठा के रहने वाली शारीरिक रूप से अक्षम आदिवासी महिला सुनीता टुडू जिनका देखभाल करने वाला कोई



नहीं है और इनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी तकनीकी कारणों से नहीं बन पा रहा था, जिसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए स्वतः आदेश दिया कि इनके पति की मृत्यु हो चुकी है अतः इन्हें विधवा पेंशन स्वीकृत करें जिसके आलोक में कैंप में ही उक्त निराश्रित महिला को पेंशन स्वीकृति प्रदान की गई एवं टेंपो में जाकर उन्हें स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

वहीं एक अन्य मामला बुजुर्ग महिला सोरला महतो का आया। जिनके पति की मृत्यु काफी वर्ष पूर्व हो गई थी लेकिन एफिडेविट नहीं रहने के कारण इनके पति की मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बना था, ऐसी परिस्थिति में अनुमंडल पदाधिकारी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों मुखिया, पंसस एवं वार्ड से उनके पति की मृत्यु का सत्यापन करवाया एवं मृत्यु प्रमाण पत्र देते हुए उनको संबंधित काउंटर में ले जाकर ऑन स्पॉट पेंशन स्वीकृति करवाते हुए अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा लाभार्थी को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

## पार्जनिया में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मौजूद हुए।

संवाददाता गौतम ठाकुर (जामताड़ा)-- पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को पार्जनिया पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी भी मौजूद हुए।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 20 स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें कृषि, पशुपालन, विद्युत, निर्वाचन, कल्याण, वन एवं पर्यावरण, जेएसएलपीएस, प्रखंड पंचायती राज, ई श्रम नियोजन, आधार पंजीयन एवं करेक्शन, मनरेगा, बाल विकास परियोजना, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य सुरक्षा (सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण एवं राशन वितरण संबंधित) एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्टॉल लगाया गया। मालूम हो कि इस क्रम में पदाधिकारियों के द्वारा पूरे कार्यक्रम के द्वारा आमलोगों की कठिनाइयों एवं समस्याओं को सुना गया तथा त्वरित निष्पादन भी किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद कई बुजुर्ग लाभुकों से बातचीत कर उनकी परेशानियों को पूछा एवं त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारी को बुलाकर आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि सरकार आपके द्वार के पहले चरण में जो लाभुक किसी कारणवश वंचित रह गए थे। उन सभी योग्य व्यक्तियों को इस चरण में उनके गांव/पंचायत में ही जाकर योजना से आच्छादित किया जाए, आगामी 14 नवंबर तक शत प्रतिशत



योग्य लाभुकों को जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जायेगा। इसके लिए उन्होंने सभी अधिकारियों को मिशन मोड में 14 नवंबर तक कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी स्टॉल में आने वाले लाभुकों से मृदु व्यवहार करें उनकी समस्याओं को सम्मानपूर्वक पूछें उन्हें सही जानकारी दें। योग्य लाभुकों को नियमनुसार योजनाओं से ऑन द स्पॉट जोड़ने हेतु कार्रवाई करें।

वहीं आयोजित कार्यक्रम में झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत नया राशन कार्ड, अयोग्य कार्रवाई करने, राशन डीलर के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों का निराकरण करने, नए लाभांवितों स्वीकृति पत्र लाभांवितों को उपलब्ध करने, पेंशन प्राप्त पर कार्रवाई करने, झारखण्ड लौटने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए प्राथमिकता की पहचान कर उन्हें फुलो झानो आशीर्वाद अभियान योजनाओं को स्वीकृत क लाभांवितों को उपलब्ध कराने, संबंधित मामलों का त्वरित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी विभिन्न बिंदुओं पर आमजनों की समस्याएं को सुना गया एवं कई लाभुकों को ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कौशल कुमार ,अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु, 20 सूत्री अध्यक्ष उज्ज्वल भट्टाचार्य ,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी, जिला परिषद सदस्य सुनम सोरेन, मुखिया ग्राम प्रधान अध्यक्ष सनत कुमार माजी, पंचायत समिति सदस्य पंचायत समिति सदस्य समर माजी, पंचायत राज कोऑर्डिनेटर तरुण कुमार हेंब्रम ,पेयजल स्वच्छता विभाग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कृष्ण दे, गौरव झा, कनीय अभियंता सहदेव टूडू ,कुंदन कुमार , रामजतन मुर्मू ,श्यामापद मंडल बलराम मंडल के अलावे अन्य जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य लोग मौजूद थे।

## केकेएम कॉलेज में एन एस एस इकाइयों द्वारा क्लीन इंडिया कार्यक्रम किया गया

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट यासिर अराफात**

पाकुड़/केकेएम महाविद्यालय पाकुड़ की एनएसएस इकाइयों द्वारा क्लीन इंडिया 2.0 कार्यक्रम करवाया गया।क्लीन इंडिया कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए नो पॉलीथिन के नारे के साथ संपूर्ण परिसर की सफाई की गई।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ शिवप्रसाद लोहरा ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए स्वयं तथा अपने समाज को स्वच्छ बनाने की अपील की। डॉक्टर लोहरा ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि क्लीन इंडिया का उद्देश्य अपने पर्यावरण के अनुकूल व्यवस्था का निर्माण करना है। महिला महाविद्यालय पाकुड़ की प्राचार्य डॉ सुशीला हांसदा ने स्वयंसेवकों से प्रत्येक दिन आधा घंटा अपने परिवेश



को स्वच्छ रखने के लिए श्रमदान करने का आग्रह किया । एन एस एस नोडल पदाधिकारी डॉ मनोहर कुमार ने स्वयंसेवकों से प्रत्येक दिन कचरा को इकट्ठा कर स्थानीय जनप्रतिनिधि के पास जमा करने तथा जमा प्रमाण पत्र लेने का आग्रह किया।कार्यक्रम पदाधिकारी डा नीलम कुमारी ने स्वयंसेवकों से स्वचता के महत्व एवम इसकी आवश्यकता के संदेश को जनजन तक पहुंचने का आग्रह किया। महाविद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन 1:31 अक्टूबर तक किया जा रहा है।आज प्रत्येक स्वयंसेवकों ने लगभग 1.5 किलो पॉलीथिन कचरा इकट्ठा करने का लक्ष्य रखा था।कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के शिक्षकों ,शिक्षकेतर कर्मियों तथा सैकड़ों स्वयं सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## आरपीएफ जवानों ने देसी कट्टा के साथ दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी (पाकुड़)**

पाकुड़ रेलवे सुरक्षा बल को देसी कट्टा के साथ दो अपराधी को पकड़ने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी अरुण कुमार प्रभारी पी पी ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल पाकुड़ ने मंगलवार की रात्रि 1:00 बजे प्रतिदिन की भांति आरपीएफ पुलिस निरीक्षक कुलदीप के नेतृत्व में गस्ती कर रहे थे । इसी दौरान प्लेटफार्म संख्या दो से आगे की ओर प्रथम छोर से चिल्लाने एवं झगड़ा झंझट की आवाज आई । आवाज सुनकर जब आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे तो उन्हें देख कर तीन युवक दौड़ कर भागने लगे। भागने के क्रम में पुलिस ने एक को धर दबोचा । आरपीएफ जवानों के आवाज देने पर दूसरे युवक को भी भागने के क्रम में आम लोगों ने आरपीएफ का सहयोग करते हुए दौड़ कर पकड़ लिया और आरपीएफ के हवाले कर दिया। जबकि तीसरा युवक रात का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा है।

मौके पर तीन में से दो युवक केसरी अरविंद कृष्ण (21) बैंक कॉलोनी और कूड़ा पाड़ा के आकाश कुमार



(21 ) जीआरपी ने दबोच लिया। पाकुर जीआरपी थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि पकड़े जाने के बाद जब दोनों युवकों की जांच की गई तो इनके पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस पाया गया। मौके पर ही दोनों अपराधियों को रेल पुलिस ने गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेजने की तैयारी कर रही है। एवं तीसरे अपराधी को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पूछताछ में और भी नाम सामने आ सकते हैं। गस्ती के दौरान रेलवे सुरक्षा बल बल के पुलिस निरीक्षक कुलदीप के अलावे एएसआई अजूबा राम आरक्षी अनिल कुमार मौजूद थे।

**क्या कहते हैं इनके अभिभावक**

मौके पर उपस्थित अभिभावकों ने अपने अपने पुत्र के बारे में बताते हुए कहा कि इनकी कोई गलती नहीं है। जो गलती किया है वह तो मौके से फरार हो गया और और 2 निर्दोष युवक पकड़े गए हैं।

मालूम हो कि इस समय पाकुड़ में अपराधिक गतिविधियों धीरे धीरे अग्रसर हो रहा है। जिस पर पुलिस को लगाम लगाना अति आवश्यक है।

## जुआ के अड्डे पर पुलिस ने की छापेमारी , 4 जुआरी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

मशरक। सारण- मशरकथाना पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव में जुआ खेलने के अड्डे पर छापेमारी करते हुए 4 जुआरी को बाइक समेत नगदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। मामले में प्रभारी थानाध्यक्ष राजेश रंजन ने बताया कि गुप्त सुचना मिली कि मदारपुर गांव में जुआ खेलने के अड्डे पर जुआ खेला जा रहा है जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई तों अड्डे से 13 हजार नगदी,दो अपाची बाइक,ताश की गड्डी,चार मोबाईल फोन और जुआरी धवरी गोपाल गांव निवासी कुंदन कुमार पिता देवलाल प्रसाद ,सनकौली गांव निवासी धीरज कुमार पिता अभिमन्यु चौधरी,राजू चौधरी पिता जतन चौधरी , मदारपुर गांव निवासी पप्पू कुमार पिता बदन मांझी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में पता चला कि राजू चौधरी ही जुआ का अड्डा चलाता है। गिरफ्तार जुआरी पर प्राथमिकी दर्ज कर मंडल कारा छपरा भेज दिया गया।

## मुफस्सिल पुलिस ने अवैध लॉटरी के साथ एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा,भेजा जेल।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी**

पाकुड़ मुफसिल पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई,मुफसिल थाना क्षेत्र पृथ्वीनगर के अंजना से एक व्यक्ति को अवैध एटीएम लॉटरी टिकट बेचते हुए को मुफ़्सील पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा, पाकुड़ मुफ्सिल पुलिस के एएसआई सोहराब खान अपने गस्ती दल के साथ छेत्र भ्रमण कर रहे थे,इस दौरान एएसआई सोहराब खान की नजर एक टिकट बेचने वाली पर पड़ी जो टिकट बेच भी रहा था,पुलिस को देखते ही टिकट वाला भागने लगा लेकिन मुफसिल पुलिस के एएसआई सोहराब खान और गस्ती दल ने पीछा करते हुए



टिकट बेचने वाले धड़ दबोचा,व्यक्ति की तलाशी ली गयी जिसके पास से 36 पीस एटीएम टिकट जो ठल्ल कोड के नाम की थी जिसे जब्त कर लिया गया है,अवैध टिकट बेचने वाला का नाम फिरोज शेख,पिता,अब्दुल रासिद, पृथ्वीनगर अंजना को गिरफ्तार कर कांड संख्या 265/22,दिनांक 19/10/22 और धारा 420/120(B) IPC एक्ट 07(3) लॉटरी अधिनियम 1998 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन, उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी**

झारखंड सरकार के 3 साल पूरा होने पर हिरणपुर प्रखंड के घघरजानी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन ' इस कार्यक्रम के तहत स्वच्छ भारत मिशन, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, पशुपालन, स्वास्थ्य विभाग, जेएसएलपीएस आदि विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए हैं'



कार्यक्रम में पंचायत भर के गरीब जरूरतमंद भारी संख्या में पहुंचे हैं'

वहीं इस कार्यक्रम का निरीक्षण उपायुक्त वरुण रंजन ने किया' कहा की सरकार द्वारा चलाई जा रही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम घघरजानी पंचायत में किया गया, जो संतुष्ट जलक रहा 'जो भी सरकारी योजनाएं है उसका लाभ क्षेत्र के गरीब जनता को अधिक से अधिक मिले, और उसका समाधान गांव में ही हो '

यही वजह है कि ऑफिसर गांव पहुंचकर विभिन्न तरह का स्टॉल लगा रहें है ताकि एक ही जगह जरूरत के हिसाब से लाभान्वित हो सके'

## कार्य स्थल पर उपस्थित हुए बिना अन्यत्र स्थान से शिक्षक दर्ज करा रहे थे अपनी उपस्थिति, पकड़े जाने पर उपायुक्त ने किया निलंबित

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट यासिर अराफात**

पाकुड़/दिलीप कुमार प्रधान शिक्षक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, शहरपुर, प्रखण्ड महेशपुर-2 अनाधिकृत रूप से ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर दर्ज कर रहे थे अपनी उपस्थिति। ई-विद्यावाहिनी समीक्षा के दौरान उपायुक्त श्री वरुण रंजन को



जानकारी मिली थी कि दिलीप कुमार, प्रधान शिक्षक अपनी उपस्थिति अनाधिकृत रूप से दर्ज कर रहे थे। उपायुक्त ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए दिलीप कुमार, प्रधान शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

### ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा का प्रयास लाया रंग

## रेलवे स्टेशन मैदान पाकुर मैं कम्युनिटी हॉल को बनाने की मिली स्वीकृति

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़ ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ के शाखा सचिव संजय ओझा ने गत माह मंडल प्रबंधक हावड़ा को पत्राचार के माध्यम से पाकुर में कार्यरत कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के चिकित्सा संबंधी सुविधाओं के विस्तार हेतु किसी निकटवर्ती (धुलियान स्थित )नर्सिंग होम के साथ



जोड़ने एवं पाकुड़ में कार्यरत कर्मचारियों के सुविधा हेतु एक कम्युनिटी हॉल बनाने संबंधी निवेदन किया था '

दिनांक 17.10.2022 से 19.10 . 2022 तक चलने वाली पीएनएम मीटिंग में मंडल प्रबंधक हावड़ा एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ होने वाली मासिक बैठक में पुनः इस विषय को उठाया गया एवं मंडल प्रबंधक हावड़ा को इस बात से संतुष्ट किया जा सका की इन सुविधाओं के होने से रेल कर्मचारियों का कार्य के प्रति समर्पण में वृद्धि होगी और वह इस बात से आप संतुष्ट होंगे कि रेल प्रशासन कर्मचारियों की सुविधाओं के प्रति संवेदनशील है ' इससे कर्मचारियों की उत्पादकता अपने उच्चतम स्तर पर बनी रहेगी ' मंडल प्रबंधक हावड़ा ने आश्वासन दिया कि इन विषयों को लेकर इसके त्वरित समाधान के लिए एक टीम पाकुर जाएगी और दोनों मांगों को यथाशीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जाएगा

## गनपुरा पंचायत परिसर में आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़ /पाकुड़िया प्रखंड के गनपुरा पंचायत परिसर मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया`उक्त शिविर में आपूर्ति कल्याण, समाज कल्याण, पशुपालन, मनरेगा पंचायतीराज, कृषि ,सामाजिक सुरक्षा,



ग्राहक सुविधा केंद्र, श्रम, स्वास्थ्य, राजस्व, जेएसएलपीएस एवं शिक्षा विभाग की अलग-अलग स्टॉल का निरीक्षण किया स्टोलों में संबंधित जन शिकायतों के आवेदन पर शीघ्र सुनवाई करने का निर्देश दिया गया साथ ही विधवा, वृद्धा पेंशन, जॉब कार्ड रीम प्रस्तुति पत्र सहित अन्य लाभ लाभुकों को तुरंत वितरण किया गया मौके पर वीडियो मनोज कुमार सीओ किरण डांग,मुखिया सुशीला मरांडी, बीपीओ जगदीश पंडित , प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मोतीलाल हंसदा, सांसद प्रतिनिधि खुर्शीद आलम, हरिवंश चौबे , सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे

## बुजुर्ग सेवा मेरा स्वाभिमान केयर फाउंडेशन ने लगाया फ्री हेल्थ चेकअप कैंप

पटौदी/सुरेश कोहली : फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य डॉ. रवि कुमार की अध्यक्षता में भगत चंद्रा हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम के द्वारा नजफगढ़ के झाड़ौदा कला गांव में बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श कैंप लगाया गया। कैंप में की बीपी शुगर व आंखों की जांच के बाद हार्ट पेशेंट की ईसीजी कर उन्हें निःशुल्क परामर्श भी दिया गया। कैंप का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों की सेवा के लिए समर्पित था। कैंप में सैकड़ों लोगों ने अपनी जांच कराई।




डॉ. रवि ने जानकारी देते हुए बताया की हमारी संस्था बुजुर्ग सेवा मेरा स्वाभिमान केयर फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर गौतम सिंह तंवर के निर्देश अनुसार समय-समय पर हेल्थ अवेयरनेस कैंप लगाती रहती है।उनका उद्देश्य सेवा परमो धर्म के सिद्धांत के साथ सामाजिक कार्य करने के साथ -साथ बुजुर्गों की सेवा करना है। संस्था के अध्यक्ष डॉ.गौतम सिंह तंवर का कहना है की समय -समय पर इस तरह के स्वास्थ्य संबंधी कैंप का आयोजन होता रहता है।

## ग्राम खेड़ा खलीलपुर से श्रीपाल एडवोकेट को मिल रहा है भारी समर्थन

नूंह : इंद्री ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ऐतिहासिक गांव खेड़ा खलीलपुर में पंचायती चुनावों में सरपंच पद के उम्मीदवार एडवोकेट श्रीपाल शर्मा को ग्रामीणों द्वारा पूरा -पूरा समर्थन देखने को मिल रहा है। आपको बता दें की अब की बार गांव में सामान्य पुरुष वर्ग की सीट है। जिसमे कई समाज के उम्मीदवार सरपंची के लिए अपना भाग्य आजमा रहे है। गौरतलब है की गांव खेड़ा खलीलपुर से एडवोकेट श्रीपाल शर्मा भी अब की बार सरपंच पद को लेकर चुनावी मैदान में है। आपको यह भी बता दें की उक्त नामित उम्मीदवार समाजसेवी के रूप में जाने जाते है।पेशे से वकील होने के साथ -साथ समाजसेवी भी है।जो की एमकॉम व एलएलबी की शिक्षा हासिल किए हुए है।



## सतबीर पंवार बने एसीएफआई ब्लॉक पटौदी अध्यक्ष

पटौदी/सुरेश कोहली : एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया पटौदी अध्यक्ष सतबीर पंवार को नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार एसीएफआइ के राष्ट्रीय मुख्य प्रभारी मास्टर सुरेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया की पटौदी अध्यक्ष के लिए जटोली निवासी सतबीर पंवार को नियुक्त किया है। उन्होंने बताया की एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया पूरे देश में कार्यरत है। उक्त नामित संस्था सामाजिक बुराई व भ्रष्टाचार मिटाने की दिशा में कार्य करती है।



## जिला परिषद वार्ड 10 से होगी कांटे की टक्कर

वरिष्ठ समाज जागरण संवाददाता

पटौदी : पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में अब की बार वार्ड 10 लोगों के लिए चचाओं का केंद्र बना हुआ है। आपको बता दें की उक्त वार्ड से महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। आपको बता दें की जिला पार्षद के लिए नीलम यादव,संजू ठाकरान,सुशीला ठाकरान चुनाव मैदान में उतरी है। यह कहना अभी नामुमकिन है की आखिर जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा। अगर रुझान की बात करें तो अभी भी लोगों में संशय बना हुआ है की आने वाला पार्षद कोन होगा।लेकिन अब की बार फिर से क्षेत्र के तीनों योद्धा चुनाव मैदान में है।हमारी टीम ने अलग अलग 50 पुरुष व महिलाओं के विचार जानना चाहा तो पूर्व पार्षद भूपेंद्र पलासोली की पत्नी नीलम यादव के नाम की चर्चा जोर शोर से सुनाई दे रही है। वही पूर्व पार्षद रहे परमजीत ठाकरान की पत्नी भी चुनाव मैदान में है। चुनावों को लेकर अबकी बार कांटे की टक्कर हो सकती है।

## धान की फसल कटने की तैयारी पर खलिहान (कोठार) की व्यवस्था में लगे किसान भाई

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बेलतरा-बिलासपुर :- क्षेत्र में धान कटाई की समय नजदीक आने लगा किसान भाई धान की रखरखाव हेतु खलिहान (कोठार) बनाने की तैयारी में जुटे दीपावली जैसे ही नजदीक आता है लगभग जल्दी पकने वाली धान (अर्ली वैरायटी) की कटाई की तैयारी शुरू हो जाता है गांव में नवा खाना त्यौहार के रूप में मनाते भी हैं अर्थात नया धान कट के आता है तो उसे नया चावल का प्रथम उपयोग पूजा अर्चना कर शुरूआत नया खाना के रूप में किया जाता हैं।



## खड़गे पोल कैंपेन टीम की बैठक में,,प्रदेश महामंत्री अर्जुन पहुंचे दिल्ली

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निर्वाचित होने के तत्काल बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार रात 9 बजे "खड़गे पोल कैंपेन टीम" के सदस्यों की बैठक दिल्ली मे आहूत किया है,इस बैठक मे भाग लेने टीम के सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं खड़गे के पोलिंग एजेंट रहे अर्जुन तिवारी दिल्ली पहुँच गये है।इस टीम मे देश भर के कुल 126 दिग्गज कांग्रेसी नेता जो खड़गे के काफी करीबी माने जाते है उन लोगों ने रात दिन एक कर चुनाव प्रचार अभियान चलाया एव इन्ही लोगों ने पोलिंग एजेंट बनकर चुनाव भी सम्पन्न कराया।इस टीम मे कांग्रेसी दिग्गज रमेश चेनी थला,सांसद प्रमोद तिवारी,दिपेन्दर हुड्डा,गौरव गोगोई,गौरव वल्लभ,रवि गुंडूराव,एस हेगड़े,आर वेणु गोपाल के साथ छत्तीसगढ़ से प्रदेश कांग्रेस महामंत्री अर्जुन तिवारी शामिल है।



श्री खड़गे अपने टीम के सदस्यों से मिलकर उन्हे थन्यवाद तथा आभार प्रकट करने के लिये यह बैठक बुलाये है।इस बैठक मे शामिल होने तिवारी बुधवार शाम को दिल्ली पहुँच गये । खड़गे ने शानदार जीत हासिल किया है,उन्हे 7897 ढ उ उ डेलिगेट का वोट हासिल हुआ है वहीं थरूर को 1072 तथा 416 वोट रिजेक्ट हुआ।

## कानपुर देहात में चौकी बुला सिपाही ने दोस्त संग लूटी युवती की इज्जत, मुकदमा दर्ज,हिरासत में दोनों

सुनील बाजपेई

कानपुर। तरह-तरह के रूप धारण किएवासना के दरिंदे यहां किशोरियों और युवतियों की इज्जत लूटने में लगातार सफल हो रहे हैं` ऐसी ही एक घटना में कानपुर देहात के रसूलाबाद थाना क्षेत्र में एक युवती की इज्जत चौकी में तैनात सिपाही और उसके दोस्त ने लूट ली । घटना में पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है बताते हैं कि ज्योति किसी समस्या से परेशान थी जिसके लिए वह चौकी आई थी जहां पर सिपाही ने अपने दोस्त के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। पीड़ित युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि इटावा के बकेवर निवासी सिपाही दिलीप कुमार तीन वर्ष पहले रसूलाबाद के तिस्ती चौकी में तैनात था। उसकी तैनाती के दौरान वह एक मामले में चौकी में शिकायत करने गई थी।

पीड़ित युवती ने पुलिस रिकॉर्डिंग को बताया कि चौकी में मिले सिपाही दिलीप कुमार ने बातचीत के बाद उसका मोबाइल नंबर ले लिया था और उससे बात करनी शुरू कर दी थी। आरोप लगाया है कि कुछ दिनों के बाद सिपाही ने उसे बुलाया और उससे दुष्कर्म किया। उसने शिकायत करने की बात कही तो शादी कर लेने का वादा करते हुए उसे चुप करा दिया।

युवती का आरोप है कि कुछ दिनों बाद में सिपाही दिलीप के साथी विशाल ने भी उससे दुष्कर्म किया। वह काफी रोयी और गिड़गिड़ाई लेकिन सिपाही शादी का झांसा देकर बरगलाता रहा। कुछ दिनों के बाद सिपाही दिलीप का तबादला हो गया तो वह शादी करने से मुकर गया। अधिक दबाव डाला तो उसे धमकाना शुरू कर दिया।

मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने के उनके आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है ।अधिकारियों के मुताबिक दोनों सिपाहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जिससे निकले निष्कर्ष के आधार पर ही अगली कार्रवाई की जाएगी ।

## कछुआ तश्करी करने वाले पांच आरोपियों को वनविभाग ने दबोचा, कार्यवाही कर भेजा जेल

### 06नग कछुआ लेकर ग्राहक की तलाश में थे आरोपी, ग्राहक बनकर वनविभाग ने दबोचा

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बिरसा/बालाघाट।(20अक्टूबर)वन मंडल अधिकारी उत्तर सामान्य वन मंडल अभिनव पल्लव के मार्गदर्शन एवं उप वन मंडल अधिकारी बैहर सामान्य राकेश शाक्यवार के निर्देशन में परीक्षेत्र अधिकारी सौरभ शरणागत एवं वन अमला बिरसा एवं वन अमला क्षेत्र पश्चिम बैहर सामान्य की सहायता से

मुखबिर की सूचना एवं निशानदेही पर 18 अगस्त को कछुआ की तस्करी करने वाले पांच आरोपियों छः नग इंडियन फ्लैश सेल टर्टल की तस्करी करते हुए पांच आरोपियों वन विभाग ने जाल बिछाकर धर दबोचा।

**ग्राहक की तलाश कर रहे थे आरोपी**

बिरसा वनपरिक्षेत्र अधिकारी सौरभ शरणागत ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर हमें जानकारी मिली थी कि पांच आरोपी दो बाइक से कछुआ बेचने की फिराक में लांजी से मलाजखंड आ रहे हैं।उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी देकर उनके निर्देश पर बिरसा व बैहर वनपरिक्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों ने जाल बिछाकर कर खुद ही ग्राहक बनकर आरोपियों से बात किया और तय स्थान पर बुलाकर धर दबोचा।आरोपियों के पास से छः नग कछुआ, दो बाइक बरामद की गई।आरोपियों ने बताया कि सभी कछुए को गांव के आस पास बहने वाली नदी नालों से पकड़ा है जिसको धन झड़ती करवाने वालों को बेचने की फिराक में थे लेकिन इसकी जानकारी वनविभाग को लग गई और सभी आरोपियो को जेल की हवा खानी पड़ी।



**इनकी हुई गिरफ्तारी**

यशवंत वल्द मुन्नालाल दांदरे उम्र 28 वर्ष जाति मरार साकिन पौसेरा तहसील लांजी, रमन सिंह वल्द बुध सिंह धुर्वे उम्र 32 वर्ष जाति गोंड साकिन बेलगांव तहसील लांजी, दिनेश कुमार वल्द चुन्नीलाल टिकेश्वर उम्र 30 वर्ष जाति मरार साकिन बेलगांव तहसील लांजी, सचिन कुमार वल्द बंसीलाल वहाने उम्र 28 वर्ष जाति महार साकिन नेवरवाही तहसील लांजी, शिवकुमार वल्द भिवराम खरे उम्र 48 वर्ष जाति मरार साकिन नेवरवाही तहसील लांजी को वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2,9,39,40,50,51 के अधीन कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया एवं माननीय बैहर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात सभी को जेल भेज दिया गया` उक्त कार्रवाई में इनका सराहनीय योगदान रहा परिक्षेत्र सहायक बिरसा बी आर नारनौरे एवं परिक्षेत्र सहायक मछुरदा बीडी खांडेकर,परिक्षेत्र सहायक दमोह जीवनलाल वरकडे, परिक्षेत्र सहायक बैहर मनोज चौहान , वनरक्षक नदीम हुसैन परिक्षेत्र पश्चिम बैहर सामान्य, वनरक्षक कुमारी जाहनवी फूलबाँधे,इन्दु बिसेन , गुलाबचंद गौतम, अमर पन्द्रे, लक्ष्मण सिंह पन्द्रे, जगदीश मिश्रा ,तुकाराम नेवारे, स्थायीकर्मी देवीप्रशाद शुक्ला , मदन काकोटे , चिंतादास आदि की मदद से आरोपियों को पकड़ा गया।

## युद्ध अभ्यास में एन.सी.सी. कैडेट्स ने कैम्प में सीखी युद्ध की कार्यवाही

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(20अक्टूबर) 6 म प्र स्वतंत्र कंपनी एन सी सी कंपनी, बालाघाट के कमान अधिकारी कर्नल एम. रविचंद्रन के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर -10 में बालाघाट की विभिन्न संस्थाओं और छिंदवाडा से आए एन.सी.सी. कैडेट्स को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। एन.सी.सी के सीनियर कैडेट्स ने हवलदार राजेश कुमार के निर्देश पर युद्ध अभ्यास किया। जवाहर नवोदय विद्यालय के समीप चन्दन नदी के किनारे कराए गये इस युद्ध अभ्यास में 50 कैडेट्स ने भाग लिया, जिसमे छात्राए भी शामिल थी। इस युद्ध अभ्यास के बारे में कैम्प एजुटेन्ट कैप्टन हेमन्त कुमार मण्डाले ने बताया कि आज कैम्प के सीनियर कैडेट्स को युद्ध कौशल एवं जमीन कौशल के अभ्यास के अंतर्गत दूरी का अन्दाज लगाना सिखाया गया, साथ ही युद्ध के मैदान में सैनिकों द्वारा दुश्मन को नेस्तानाबूत करने की जमीनी कार्यवाही का अभ्यास कराया गया। आज की इस अभ्यास गतिविधि में थर्ड आफिसर अशोक रावडे का सहयोग सराहनीय रहा, साथ ही सीनियर अंडर आफिसर रेशमा ठाकरे एवं अजय गिरी ने अपनी भूमिका निभाई।



## ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा वृहद स्तर पर विप्र विभूतियों का सम्मान समारोह पं देवकीनंदन दीक्षित सभागार में आयोजित

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर।ब्राह्मण युवा आयाम के संस्थापक एवं अध्यक्ष ज्योतिन्द्र उपाध्याय ने बताया कि ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा प्रदेश स्तर पर विप्र विभूति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसमे 120 विप्रजनों का अलग अलग क्षेत्र वालो का सम्मान किया गया इस सम्मान समारोह के अतिथियों में श्री एस डी बड़गैया रिटायर्ड डीएफओ, श्री शैलेन्द्र दुबे सदस्य बार कॉउंसिल ऑफ इंडिया, श्री संजय बसंत शर्मा अधीक्षण अभियंता, डॉ विनोद तिवारी डायरेक्टर संजीवनी हॉस्पिटल, श्री विवेक रंजन तिवारी वरिष्ट अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधिक परिषद, श्री अपुर्व तिवारी समाज सेवक आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किये सम्मान प्राप्त करने वालो में नीलोत्पल तिवारी अधीक्षण अभियंता न.नि बिलासपुर, अशोक तिवारी असिस्टेंड कमिश्नर जीएसटी रायपुर, प्रवीण शर्मा जोन कमिश्नर, कीर्ति तिवारी जी.एम एसईसीएल, अनिकेत तिवारी डेटा साइंटिस्ट अमेरिका, डॉ निहारिका गौरहा स्वीडन, डॉ चंद्रशेखर गौरहा आयुर्वेद जिलाधिकारी जांजगीर, मंजू महेन्द्र पाण्डेय उप पंजीयक, चंचल तिवारी एडिशनल एस पी रायपुर, शैलेन्द्र दुबे रजिस्ट्रार अटल वि.वि, राजीव लोचन तिवारी सहायक खाद्य निरीक्षक,अपुर्वधर बड़गैया फिल्म डायरेक्टर मुंबई, निहारिका गौरहा स्वीडन, हर्ष पाण्डेय संपादक, हरीश शर्मा डायरेक्टर श्यामा टेंट, परिवेश तिवारी टी आई, ऋचा तिवारी गायनोलॉजिस्ट, मृणमयी शुक्ला, सहायक संचालक वृत्त, डॉ गायत्री पाण्डेय, निशा तिवारी प्राचार्य, डॉ रीता तिवारी प्राचार्य, अंजनी तिवारी,नीरज शर्मा, नीरज शुक्ला तीनो पत्रकार, दीप्ती तिवारी पिस्टल शूटिंग में गोल्ड, अंजनी मिश्रा अंतराष्ट्रीय कत्थक नृत्यांगना, अंकित गौरहा सभापति जिला पंचायत,विनय शुक्ला बिल्डर एवं कांग्रेस नेता, सिधांशु मिश्रा समन्वयक राजीव मितान क्लब, प्रशांत त्रिपाठी बिल्डर, अभिनव पाठक बिल्डर, आदित्य उपाध्याय प्रदेश अध्यक्ष सरपंच संघ, प्रिया शर्मा गोल्ड मेडलिस्ट कराटे, राघवेन्द्रधर दीवान संपादक सरयुद्विज, अशोक तिवारी डायरेक्टर श्रीहरि हॉस्पिटल, डॉ अजित मिश्रा डायरेक्टर होमियो क्लीनिक, उमंग गौरहा, रमाकांत पाण्डेय, दिलीप शर्मा, डॉ सुधीर शर्मा, अंशुल गौरहा, हर्ष पाण्डेय, डॉ क्रांति शास्त्री, डॉ सुरेश तिवारी, डॉ विमल शर्मा, डॉ निलय तिवारी, डॉ प्रज्ञा द्विवेदी, डॉ हिमांशु पाण्डेय, पवन चौबे, अलोक तिवारी, स्वेता तिवारी,डॉ अनामिका तिवारी, राजेश पाण्डेय, अमित पाण्डेय, शिवाली शर्मा, भूमिका तिवारी,संस्कृति शास्त्री, राघव शर्मा, पलक जोशी, यश तिवारी, बसंत पाण्डेय, डॉ ऋचा पाण्डेय, वर्षा तिवारी, आदि के साथ ही न्यायधीशो, प्रशाशनिक अधिकारियो, पुलिस अधिकारियो, अभियंताओं, श्रम अधिकारी, पी डब्लू डी के अधिकारियो, शिक्षाविदो, राजस्व विभाग के आर आई एवं पटवारीयो, अधिवक्ता, खेल के क्षेत्र में, संगीत के क्षेत्र में, शिक्षा के क्षेत्र में, पत्रकार, आर्किटेक्ट इंजिनियर, आयकर अधिकारी, समाजसेवा के क्षेत्र में,राजनीती के क्षेत्र में, वन विभाग आदि क्षेत्रों में आदि क्षेत्रों उत्कृष्ट कार्य करने वाले विप्र विभूतियों का सम्मान मोमेंटो और श्री परशुराम चालीसा देकर किया गया कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को मोमेंटो और श्री परशुराम चालीसा देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम का संचालन सस्मिता शर्मा एवं रविन्द्र उपाध्याय द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन ज्योतिन्द्र उपाध्याय ने किया इस समारोह में ब्राह्मण युवा आयाम के रविन्द्र उपाध्याय, सत्येन्द्र शर्मा,ज्योतिन्द्र उपाध्याय, एम.एम पाण्डेय, रतिन्द्र उपाध्याय, डॉ क्रांति शास्त्री, कमलेश दुबे, शुभम पाठक, आकाश तिवारी, आशुतोष मिश्रा, ऋषभ शर्मा, हरिशंकर तिवारी, हर्ष तिवारी, गौरव दुबे, यश मिश्रा,मानस मिश्रा, अभिषेक चौबे, अलोक जोशी, पीयूष शुक्ला, दीपक तिवारी, प्रबुद्ध शर्मा, लक्ष्य उपाध्याय, अभ्युदय तिवारी महिला विंग से सस्मिता शर्मा, डॉ वीणा तिवारी, रजनी शुक्ला, मुक्ता उपाध्याय, भाविनी त्रिपाठी, सपना शुक्ला, स्वाति उपाध्याय, संगीता तिवारी, माधुरी पाठक, अनीता तिवारी,रंजीता मिश्रा, शारदा त्रिपाठी, आकांक्षा शुक्ला, बिन्दु त्रिपाठी, रश्मि पाण्डेय, भाव्या शुक्ला, काव्या दुबे, ओजल शुक्ला, मुस्कान तिवारी, शगुन तिवारी, प्रज्ञा पाण्डेय, सोनी मिश्रा आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे




## अधिक किराया लेने की शिकायत भोपाल में हुई,बालाघाट में हुई कार्यवाही

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(20अक्तूबर)कोरोना काल के बाद से निजी बस संचालकों ने लंबी दूरी के लिए धड़ाधड़ कई बसे उतारकर खूब मुनाफा कमाया और कमा रहे है।दीपावली के चलते दूसरे प्रदेशों में जाकर मजदूरी करने वाले अपने अपने घर वापस आ रहे हैं जिसका बस संचालक खूब फायदा उठा रहे है।ऐसा ही एक मामला बालाघाट से भोपाल जाने वाली एक निजी बस ने कर दिखाया जो भोपाल से आने वालों से 1300 सौ की बजाय 2000 हजार रुपये उसूल कर रहे है जिसकी शिकायत किसी ने भोपाल में गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा से कर दिया जिससे गृह मंत्री ने तुरंत जांच का आदेश दिया।गृहमंत्री के आदेश से परिवहन विभाग हरकत में आ गया और भोपाल से आने वाली निजी बस नंदन बस को रोककर जांच किया जिसमें सारी हकीकत सामने आ गई। यातायात थाना प्रभारी शैलेन्द्र यादव ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली कि नंदन बस समेत अन्य बसों के द्वारा अधिक किराया वसूल किया जा रहा है और क्षमता से अधिक सवारी को बैठाया जा रहा है। इस शिकायत के मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक अंजुल अंकेश मिश्रा के मार्गदर्शन में बस स्टैंड से नंदन की दो बसे व एक अन्य बस को यातायात लाया गया। जहां यात्रयों द्वारा अधिक किराया लिए जाने की शिकायत की गई। जिसके बाद इसकी सूचना जिला परिवहन विभाग को दी गई उनके मौके पर पहुंचने के बाद यात्रयों के बयान दर्ज किए जिसके बाद यात्रयों से लिया गया अधिक किराया वापस कराया गया। साथ ही क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, परिवहन के नियमों का उल्लंघन किए जाने के चलते दोनों बसों से 21 हजार रुपये का किराया वसूल किया गया है और बसों के संचालनकताओं को चेतावनी दी गई है कि बसों के वापस लौटने पर उन्हें यातायात थाना में जमा करवा दिया जाए जिसके बाद इन बसों पर विधिवत तरीके से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि एक बस में स्थिति सही मिलने पर उसे छोड़ दिया गया है।




भोपाल निवासी मजदूर ने बताया कि नंदन बस से बालाघाट आए थे तो 1330 रुपये डबल स्लीपर का किराया लिया गया था लेकिन जब नंदन बस से ही वापस हो रहे थे दो हजार से अधिक किराया लिया जा रहा है।परिवहन विभाग की कार्यवाही से निजी बस संचालकों में हड़कंप मच गया जिससे अधिक किराया उसूल करने वालो में हड़कंप मच गया।बहरहाल इस कार्यवाही से आमजन को व मजदूरों को काफी राहत मिलेगी।

## बिरसा,मलाजखंड एवं लालबर्रा में खाद्य विभाग ने मिष्ठान प्रतिष्ठान पर मारा छापा

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(20अक्टूबर)मिठाइयों में हो रही मिलावट को ध्यान में रखकर खाद्य विभाग मिष्ठान प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्यवाही कर अमानक मिठाइयों को नष्ट करवाकर जुमार्ना वसूला जा रहा है।दीवाली त्योहार के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा प्रशासन बालाघाट की टीम द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की आकस्मिक जांच की जा रही है और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला भेजे जा रहे है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश डोंगरे एवं वाजिद मोहिब की टीम ने गत दिवस लालबर्रा के अग्रवाल मिष्ठान एवं अनवर होटल से पेड़ा एवं मगज के लड्डू, मॉडर्न बेकरी बालाघाट से नमकीन, कदम डेरी से दही एवं पूजा बेकरी मलाजखंड से पनीर, टोस्ट एवं फूड बिस्किट तथा कान्हा हेरिटेज रेस्टोरेंट बिरसा से पनीर, कटंगी के गुप्ता होटल एवं जैन गिरनार होटल से पेड़ा एवं कुंदा के नमूना लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच के दौरान अनियमितता के कारण कान्हा हेरिटेज को नोटिस दिया गया एवं त्यौहारों के दौरान साफ, स्वच्छ, गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री का ही विक्रय करने के लिए निर्देशित किया। टीम ने खाद्य सामग्री विक्रेताओं को चेतावनी दी कि गुणवत्ता हीन एवं अस्वच्छ खाद्य सामग्री विक्रय करने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।



## कलेक्टर ने की धान उपार्जन संबंधी तैयारियों की समीक्षा

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(20अक्टूबर)कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने खरीफ सीजन में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए जिले में की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी ज्योति बघेल, उप संचालक कृषि राजेश खोब्रागढ़े, उप पंजीयक सहकारी संस्थायें अंजली धुर्वे, जिला विपणन अधिकारी हीरेन्द्र रघुवंशी, नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक पियूष माली, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्रभारी सीईओ पी जोशी, बैंक के विपणन प्रबंधक असाटी एवं सहायक आपूर्ति अधिकारी सुनील किरार उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर डॉ मिश्रा ने अधिकारियों से कहा कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर तक अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन कराया जाये। सहकारी समितियों में पंजीयन बायो मेट्रिक डिवाईस से किया जाये। जिन किसानों का पंजीयन हो चुका है उनके धान के रकबे का शीघ्रता से सत्यापन कराया जाये। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होने के पहले धान के परिवहन के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण करने एवं सभी खरीदी केन्द्रों पर बारदानों का इंतजाम करने के निर्देश दिये गये। समर्थन मूल्य पर खरीदी जाने वाली धान के भंडारण के लिए वेयर हाउस का सत्यापन शीघ्रता से करने कहा गया। गत वर्ष की धान खरीदी में जिन सोसायटी से वसूली की जाना है उन्हें नोटिस जारी कर राशि वसूल करने के निर्देश दिये गये।



## किसान सम्मान निधि की 12वीं किस्त की 16 हजार करोड रुपए देशभर में 12 करोड़ किसानों के खातों में,,, कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में आमजन के साथ सम्मिलित हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की 12वीं किस्त की 16 हजार करोड रुपए देशभर 12 करोड़ किसानों के खातों में जमा किया.. देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का प्रसारण पूरे देश में किया गया .

इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में आमजन के साथ सम्मिलित होकर देखा..

मीडिया से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार देश के किसानों की उन्नति और बेहतरी के लिए लगातार काम कर रही है इसी के तारतम्य में आज प्रधानमंत्री मोदी ने दीपावली त्योहार से पहले देश के किसानों को 16 हजार करोड रुपए का तोहफा दिया है..

इसके साथ ही देशभर में 600 कृषि समृद्धि केंद्रों का उद्घाटन भी किया गया है.. किसी समृद्धि केंद्रों में उचित मूल्य पर खाद एवं अन्य सामग्री उपलब्ध होगी जिससे किसानों को कम दामों में कृषि संबंधित सामग्री मिलेगी इससे किसानो को बेहतर व्यवस्था के साथ अपनी आय दोगुनी करने का अवसर भी मिलेगा.

सांसद ने यह भी कहा की निश्चित ही देश में किसानो को पहले की अपेक्षा लाभ मिलने लगा है और किसान भी खुश है,उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र की तारीफ करते हुए कहा की यहाँ पर भी किसानो को बहुत सी जानकारियों का लाभ लेते है,जिससे फसल खेती और उत्पादन में काफी फायदा मिलता है.

वही बेलतरा विधायक रजनीश सिंह ने भी पीएम की जमकर तारीफ की और किसानो की सरकार कहा,उन्होंने कहा की देश अब विकास की तरफ बढ़ते जा रहा है और किसानो को भी खेती किसानी करने में अच्छा लग रहा है. इस अवसर पर किसान नेता राकेश तिवारी,केवीके प्रमुख डॉ ,एसपी सिंह,डॉ शिल्पा कौशिक,डॉ अमित शुक्ला,डॉ निवेदिता पाठक, पंकज मिंज,अंजुली मिश्रा.स्वाति शर्मा, श्रीमती सुशीला ओहदार चंचला रानी पटेल,समेत अन्य लोग मौजूद रहे.



## नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण के लिए समय सारिणी जारी।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 लखनऊ के अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) राकेश कुमार मिश्र ने अवगत कराया है कि जनपद की नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली समय सारिणी के अनुसार पुनरीक्षण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ड्राप्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन की तिथि 31 अक्टूबर 2022, ड्राप्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण तथा दावे एवं आपत्तियॉ प्राप्त करने की तिथि 01 नवम्बर 2022 से 07 नवम्बर 2022 तक, दावे और आपत्तियों का निस्तारण की तिथि 08 नवम्बर 2022 से 12 नवम्बर 2022 तक, दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की पाण्डुलिपियों की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने की कार्यवाही की तिथि 14 नवम्बर 2022 से 17 नवम्बर 2022 तक एवं अन्तिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए प्रकाशन की तिथि 18 नवम्बर 2022। उन्होंने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार किया जायेगा तथा सार्वजनिक जानकारी हेतु सम्बन्धित कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि मतदाता अपना नाम सम्मिलित किये जाने हेतु 01 नवम्बर 2022 से 04 नवम्बर 2022 तक की अवधि में आयोग की वेबसाइट ँ३३स्त्रः//२ी.४स्त्र.ल्ल्रू.ल्ल पर भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते है एवं निर्धारित समय सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जायेगा। किसी भी परिस्थिति में समय सीमा बढ़ायी नही जायेगी व निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यवाही पूर्ण करायी जायेगी।

# अनिरुद्ध आचार्य के खिलाफ अखिल भारत हिंदू महासभा ने एफआईआर दर्ज करा लड़ाई जीती

**रिपोर्ट :- रजत शर्मा मथुरा**। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश प्रवक्ता संजय हरियाणा ने कहा है भागवत आचार्य अनिरुद्ध आचार्य ने मां सीता और द्रोपती जी के



खिलाफ जो शब्दों का इस्तेमाल किया निश्चित रूप से निंदनीय, भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला, अश्लीलता की हद से बाहर जाने वाला मुद्दा था। भागवत पीठ का अपमान करने वाले भागवत आचार्य के खिलाफ शनिवार को ही जिलाधिकारी महोदय से मिले और एसएसपी महोदय से मिले शाम को थाना कोतवाली मथुरा में जाकर एफआईआर दर्ज कराने के लिए इस्पेक्टर साहब को कहा। उन्होंने हमारी एफआईआर को वृंदावन दर्ज करने के लिए भेजा। निश्चित रूप से उस समय जब हम थाना कोतवाली खड़े थे। वहां वृंदावन में हमारे साथी पवन शर्मा और कुछ समाजसेवी उनका पुतला दहन कर रहे थे और हमारे आग्रह पर उन्होंने एक एफआईआर लिख कर तुरंत थाना कोतवाली वृंदावन में दी। हमारी व उनकी एफआईआर के साथ में ,क्योंकि पवन की है शनिवार रात को पहुंच गई थी और हमारी एफआई 'आर सुबह पहुंची और हम सभी अखिल भारत हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष युवा जिला अध्यक्ष विजय पाल सिंह के साथ थाना कोतवाली वृंदावन रविवार जाकर, इंस्पेक्टर क्राइम और इस्पेक्टर कोतवाली से मिले। उन्होंने आश्वासन दिया मुकदमा जरूर कायम होगा।। निश्चित तौर पर मानवाधिकार आयोग के द्वारा एफआईआर दर्ज कराने का आदेश किया गया और अखिल भारतीय हिंदू महासभा के पदाधिकारियों का पुलिस प्रशासन पर दबाव ने काम किया और उस एफ आई आर की कॉपी हमको मिली। निश्चित रूप से हिंदू संगठनों, वास्तविक संतो ,महंतों, धमार्चार्य का सम्मान हुआ। बाहर से आए हुए आयतित भागवताचार्य के गाल पर तमाचा है।

निश्चित रूप से ऐसे लोगों को भागवत आचार्य पीठ का अपमान करने के साथ-साथ ऐसी भागवत आचार्य पीठ पर बैठने का अधिकार नहीं है।

अखिल भारत हिंदू महासभा ने कहा कि उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है, ऐसे भागवताचार्य को सजा दिलाने की जिम्मेदारी है निश्चित रूप से अखिल भारत हिंदू महासभा की है। वह न्यायालय में अपना अधिवक्ता खड़ा करेगी। भागवत आचार्य को सजा दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

संजय हरियाणा ने कहा था ना रुकेंगे झुकेंगे। असत्य पर सत्य की जीत। निश्चित रूप से यहां आस्था के ऊपर चोट करने वालों पर ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए। जिससे ऐसे भागवताचार्य को मुंह खोलने से पहले यह समझना चाहिए कि अगर वह गलत बोलेंगे, तो निश्चित उनके खिलाफ कार्रवाई होगी और अब ऐसी घटना होने पर लगाम लगेगी और व्यास पीठ पर बैठकर कुछ भी कहने से पहले सौ बार सोचेंगे।

अखिल भारत हिंदू महासभा ने ऐसे समस्त भागवताचार्य का बहिष्कार करने का भी निर्णय लिया है।। जो व्यास पीठ पर बैठकर गलत शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा व्यासपीठ और भागवत जी का सम्मान करना सर्वोपरि है, उन्होंने शासन प्रशासन से मांग की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों के खिलाफ स्वयं कार्यवाही करें।

बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश सचिव संजय पाराशर, प्रदेश प्रवक्ता संजय हरियाणा, जिला अध्यक्ष छाया गौतम, युवा जिला अध्यक्ष विजय पाल सिंह अन्य पदाधिकारी और कार्यकताओं के साथ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।।

# पशु क्रूरता अधिनियम के दृष्टिगत किसानों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले ब्लेड/कटीले तार पूर्णतया प्रतिबंधित.......जिलाधिकारी।

**किसान भाई अपने खेतों में ब्लेड/कटीले तारों के स्थान पर साधारण तार या रस्सी का करें प्रयोग.......डीएम।**

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठीः अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि शासन द्वारा पशु क्रूरता रोके जाने हेतु किसानों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले ब्लेड/कटीले तारों को पूर्णतया प्रतिबंधित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में उन्होंने जनपद के किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा है कि अपने खेतों में ब्लेड/कटीले तारों के स्थान पर साधारण तार या रस्सी का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि पशु क्रुरता अधिनियम 1960 के अध्ययय-3 में "साधारणतया पशुओं के प्रति क्रूरता" (धारा-11) के अंतर्गत पशुओं के प्रति क्रूरता पूर्ण बर्ताव करना पशुओं को अनावश्यक पीड़ा या यातना पहुंचाना, पशुओं का अंग विच्छेद करना या किसी अन्य अनावश्यक ढंग से पशुओं को मार डालना या किसी पशु को सताने के लिए उद्दीप करना आदि दंडनीय अपराध है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम 1955 (यथा संशोधित अधिनियम 2020) की धारा 5 (ख) के अंतर्गत किसी गाय या उसके गोवंश को शारीरिक क्षति पहुंचाना, गोवंश का अंग भंग करना, उसके जीवन को संकटापन्न करने वाली किसी परिस्थिति में लाना आदि भी दंडनीय अपराध है। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त के दृष्टिगत जनपद अमेठी में किसानों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले ब्लेड/कटीले तारों को पूर्णतया प्रतिबंधित करते हुए उक्त के स्थान पर साधारण तार अथवा रस्सी का प्रयोग किया जाए। जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारियों तथा समस्त पशु चिकित्सा अधिकारियों तथा शहरी क्षेत्रों में समस्त अधिशासी अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत किसानों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले ब्लेड तारों/कटीले तारों के स्थान पर साधारण तार या रस्सी का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ बुंदेलखंड इंसाफ सेना का अनशन 32वे दिन भी रहा जारी।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।** बांदा ।बुंदेलखंड इंसाफ सेना के अनिश्चितकालीन अनशन पर युवा किसान नेता श्री सुधीर कुमार, अपने सम्मानित किसानों के साथ पहुंच कर समर्थन देते हुए कहां की ,आज प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के खंडीय लेखा अधिकारी के भ्रष्टाचार के खिलाफ बुंदेलखंड इंसाफ सेना के अनशन को 32 दिन बीत गए हैं लेकिन इसके बावजूद भी भ्रष्ट अधिकारियों का स्थानांतरण जनपद बांदा से नहीं हुआ है, यह बहुत ही अफसोस की बात है, इससे यह साबित होता है कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है! ए एस नोमानी ने कहा कि यदि 1 हफ्ते के भीतर लेखा अधिकारी को सस्पेंड या जिले से बाहर नहीं किया जाता है तो बुंदेलखंड इंसाफ सेना के अनशनकारी किसानों के साथ मिलकर एक बड़ी रैली बुलाकर प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग का घेराव करेंगे! इस मौके पर अनशनकारी राम सजीवन, सुनील पाल, रामेश्वर कुमार, जगदीश प्रसाद, उग्रसेन सिंह, सुधीर कुमार, बीरन कुमार, सोनू ,साहिल यादव, मनोज यादव, रामबरन, रामबाबू, बलराम, कल्लू सिंह आदि लोग उपस्थित रहे!




# स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन करें योगा - शिक्षक वीरेंद्र दीक्षित

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला। बांदा। ब्रह्म विज्ञान इ का अतर्रा बांदा में छात्रों को पीटी एवम् योगा कराते हुए शान्ति भूषण यादव एवं जेपी कोमल, बच्चों को कई प्रकार की पीटी तथा योगा कराया गया तथा कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक वीरेंद्र दीक्षित ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए कि स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योगा करें, जिससे मानसिक एवम् शारीरिक विकास होता है रोगों से लडने की क्षमता का विकास होता है, ब्राह्मे मुहूर्ते बुध्येत धर्मार्थौ चानुचिन्तयेत के आधार पर हमें ब्रह्म मुहूर्त में जागना चाहिए तथा पठन पाठन में लग जाना चाहिए जो विद्यार्थियों के हित में है, योगःकर्मसु कौशलम्, कर्म में कुशलता ही योग है, विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी ने कहा कि प्रतिदिन योगा करने से हमेशा स्वस्थ शरीर रहता है। कालीचरण बाजपेयी, अरुण कुमार, चेतराम, सुरेन्द्र शर्मा, सुशील कुमार, मधु सविता, प्रेमलता, गिरिजेश मिश्र, सुरेश चंद्र, राजेश कुमार, राजेन्द्र कुमार, कमलेश कुमार, राममिलन यादव आदि सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे




# जेपी शर्मा इंटर कॉलेज में हुआ वृहद रोजगार मेले का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।** बांदा ।कस्बे के जेपी शर्मा इंटर कॉलेज में वृहद रोजगार मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा किया। जिसमें युवा और छात्राओं शामिल रहे नौ कंपनियों ने प्रतिभाग किया

जेपी शर्मा इंटर कॉलेज बबेरू में रोजगार मेले में 9 कंपनियों ने प्रतिभाग किया जिसमें एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, अयूर हर्वल्स मैनपॉवर सर्विसेज, एचडीएफसी इंडियाप्राइवेट लिमिटेड, ब्राइट फ्यूचर आर्गनिक हर्वल्सएंड आयुर्वेद प्रा० लिमिटेड, वी के ए के बायोप्लान टेक प्रा० लि०, ब्लैक हाण्ड सिक्योरिटी सर्विसेज प्रा० लिमिटेड ,पुखराज हेल्थ केयर प्रा० लि, कैरियर ब्रिज स्किल साल्यूशन ,एक्स जेण्ट एक्वा प्रा० लि०कंपनियां शामिल रहेइन कंपनियों में छात्र-छात्राएं शामिल रहे और रोजगार के अवसर प्राप्त करेंगे गामीण क्षेत्र होने के कारण जानकारियां नहीं प्राप्त हो पाती हैं क्षेत्र में लगने से रोजगार का अवसर मिलेगा मुख्य अतिथि ने कहा हमारे क्षेत्र में रोजगार मेला लगने से बेरोजगारों को अवसर प्राप्त होंगे जिसमें बेरोजगार युवक रोजगार का सुनहरा अवसर मिलेगा नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाल सिंह, अजय पटेल, जिला महामंत्री विवेकानंद गुप्ता ,प्रधानाचार्य श्याम मनोहर राव, जिला सेवा योजना अधिकारी ओमप्रकाश पांडे, प्रधान सहायक लाल सिंह ,वरिष्ठ सहायक नीरज गुप्ता ,संदीप कुमार सहित रहे कार्यक्रम का संचालन राजेश तिवारी ने किया इस मौके पर प्रदुम कुमार, धर्मेंद्र चतुवेर्दी, रजनीश सहित शिक्षक मौजूद रहे !

# नंदनगरी व गाजियाबाद के बीच 37वर्षीय महिला के साथ हैवानियत की पराकाष्ठा

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः- लगता है कि उत्तर पूर्व दिल्ली के नंदनगरी क्षेत्र में रहने वाली महिला के साथ हैवानियत की पराकाष्ठा ने निर्भया के दुःइतिहास के जीवंत होने के फलसफे को बरकरार रखा हुआ है ।वह अपने भाई के बर्थ डे पर नंदनगरी से बहुत दूर नहीं,गाजियाबाद गई थी ।जहां 37 साल की महिला को पहले अगवा किया गया और फिर उसके साथ पांच-पांच लोगों ने दो दिन तक बेइंतहां दरिंदगी की ।इल्जाम है कि उन पांच दरिंदों ने उस महिला के जिस्म को बुरी तरह से नोंच डाला और वो उसकी आबरू से लगातार खेलते रहे तथा जब हवस का खेल खत्म हुआ तो उसके प्राइवेट पार्ट में रॉड डाल दी। उक्त जानकारी दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष ने ट्वीट कर दी ।37 साल की पीड़िता दिल्ली के नंदनगरी इलाके में रहती है ।बीती 16 अक्टूबर को उसके भाई का जन्मदिन था। वो अपने भाई की खुशी में शरीक होने के लिए उसी दिन गाजियाबाद पहुंची थी। शाम को उसके भाई का जन्मदिन मनाया गया। सारा परिवार खुश था। जन्मदिन की पार्टी के बाद उसका भाई उसे वापस जाने के लिए आश्रम रोड के ऑटो स्टैण्ड पर छोड़ आया था ।पीड़िता के भाई ने बताया कि 16 अक्टूबर की रात को वो अपनी बहन को छोड़ने के लिए आश्रम रोड जा रहा था ।उससे पहले उन दोनों ने नंदग्राम मार्केट में शॉपिंग कीऔर कुछ राशन खरीदा था। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिल गया है। इसके बाद पीड़िता का भाई



9 और साढ़े 9 बजे के बीच अपनी बहन को आश्रम रोड के ऑटो स्टैण्ड पर छोड़कर चला गया ।भाई का कहना है कि उसने पी रखी थी ।अतः वह उसे छोड़ने दिल्ली नहीं गया ।भाई ने बताया कि आटो स्टैंड पर आटो चालक ने कहा कि जब और सवारियां आएगी तब वह चलेगा ।महिला बाहर खड़ी हो गई ।इतने में एक स्कार्पियो गाड़ी में,चार लड़के सवार होकर आएं। वह उसे अज्ञात जगह पर ले गए,जहां एक और लड़का पहले से ही मौजूद था ।उन्होंने उसके साथ बेइंतहा गलत काम किया और उसके जिस्म को नौचा भी तथा जब हवस पूरी हो गई तो उसके प्राइवेट पार्ट में रॉड डाल दी ।18 तारीख को भाई भानजे को फोन से पता चला तो होश उड़ गए ।पीड़िता को एम एम हास्पिटल से जी टी बी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पीड़िता की हालत गंभीर है ।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# कर-करेत्तर, राजस्व वसूली व राजस्व कार्यो की डीएम ने किया समीक्षा।

## राजस्व कार्यो व राजस्व वसूली की प्रगति में सुधार लाएं संबंधित अधिकारी.......डीएम।

**समाज जागरण**
**अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कर-करेत्तर, राजस्व वसूली व राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में परिवहन, आबकारी, विद्युत, व्यापार कर, खनन, स्टाम्प, नगर निकाय सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा किया तथा कम वसूली वाले विभागों को प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि अपनी-अपनी तहसील अंतर्गत सबसे कम वसूली करने वाले रेगुलर व सीजनल अमीनो को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आडिट आपत्तियों का समयांतर्गत निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने जन शिकायतों व



राजस्व वादों के निस्तारण को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का संबंधित लेखपालों द्वारा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया जा रहा है जिसके कारण संपूर्ण समाधान दिवस व जनता दर्शन में दूर-दराज के गांव से शिकायतकताओं को बार-बार आना पड़ता है, यह स्थिति संतोषजनक नहीं है, उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी भूमि, चकमार्ग, खलिहान आदि पर कब्जों की शिकायत पर तत्काल संबंधित लेखपाल द्वारा निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही अवैध कब्जे को लेकर एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार स्वयं गांव में जाकर अवैध कब्जों, वरासत व अन्य राजस्व के कार्यों को लेकर जन समस्याएं सुने एवं उनका मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार, जिला आबकारी अधिकारी, एआरटीओ, एक्सईएन विद्युत, एआईजी स्टाम्प, अधिशासी अधिकारी, सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जनपद बांदा में एंटी रोमियो स्क्वाड टीम ने सार्वजनिक स्थलों पर मारा छापा।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला। बांदा। कालेजों एवं कोचिंग सेंटरों का वही महिला थाना प्रभारी संगीता सिंह महिलाओं एवं छात्राओं को जागरूक करते हुए महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 व 112 के बारे में जानकारी दी इसी क्रम में संगीत सिंह ने बताया कि महिला व बेटियों की सुरक्षा हेतु शासन के निर्देश पर जिले के सभी थानों में महिला एंटी रोमियों स्क्वायड टीम का गठन किया गया है। थानों में महिलासिपाहियों की तैनाती की गई है। मनचलों के खिलाफकर महिला अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस ने सक्रियता तेज कर दी है । बुधवार को कालू कुंआ, किस कालेज, डिग्री कालेज रोड, समेत अन्य जगहों पर ऐटी रोमियो टीम ने भ्रमण कर 'चेकिंग की ।इस दौरान महिला थाना प्रभारी संगीत सिंह ने मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं और महिलाओं को महिलाजागरूक किया।



# अवैध खनन में लिप्त कैम्पर ने बाइक सवारों को मारी जोरदार टक्कर एक की मौत, परिवार में मचा कोहराम।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।** बांदा। वाह रे अवैध खनन आज तेरी बदौलत फिर एक परिवार आखिर तवाह हो ही गया आखिर कितनी लापरवाही के साथ फरार्टा भरते है अवैध खनन माफियाओं के वाहनआपको बतादें कीआज दोपहर समय लगभग 2:30 बजे प्यारे पुत्र रामआसरे प्रजापति उम्र 30 वर्ष कोतवाली क्षेत्र नरैनी के नि०ग्राम बिज्जू पुरवा सेअपनी बहन रामप्यारी पत्नी कमलेश उम्र 28 वर्ष तथा छोटी भांजी को बाइक द्वारा लेकर नरैनी से अजयगढ़ की ओर बहन को छोड़ने उसकी ससुराल आ रहा था किन्तु जैसे ही वह ग्राम लहुरेटा के समीप पहुंचा ठीक उसी समय लहुरेटा खदान से मशीनों का डीजल देकर खदान से वापस अनियंत्रित गति से आ रही कैम्पर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार सभी लोग छिटककर दूर जा गिरे और गम्भीर रूप से घायल हो गये स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुँची डायल 112 ने सभी घायलों को उपचार हेतु सामु० स्वास्थ्य केंन्द्र नरैनी पहुँचाया जहाँ गम्भीर रुप से घायल रामप्यारी को डाक्टरों ने मृतक घोषित कर दिया तथा घायलों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है सूचना पर पहुंची कोतवाली नरैनी पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर शव को विच्छेदन हेतु मेडिकल कालेज भिजवाने की तैयारी में नजर आयी तथाअचानक हुयी महिला की इस मौत की सूचना परिजनों को मिलते ही मायके एवं ससुराल के दोनों पक्षों में कोहराम मचा हुआ है!



# साहू समाज का निर्वाचन कार्यक्रम हुआ संपन्न।

**दैनिक जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।** बांदा ।सर्व वैश्य चेतना समिति के मंडल अध्यक्ष श्री रामशरण साहू जी द्वारा आयोजित साहू राठौर चेतना महासभा बांदा के तत्वाधान में साहू समाज निर्वाचन कार्यक्रम 2022 का चुनाव कार्यक्रम होटल सारंग सभागार में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ कैलाश नाथ साहू उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ डी सी गुप्ता जी,सह निर्वाचन अधिकारी मनोज साहू जी,वरिष्ठ निर्वाचन अधिकारी पूर्व चीफ इंजीनियर श्रीकांत गुप्ता साहू जी, के सानिध्य में संपन्न हुआ जिसमें रामबिहारी साहू जिलाध्यक्ष पद पर महासचिव पद पर पवन साहू, युवा जिलाध्यक्ष पद पद विष्णु साहू,युवा जिला महासचिव पद पर अंकित साहू, महिला जिलाध्यक्ष पद पर रामदेवी महिला जिला महासचिव मंजू देवी नगर अध्यक्ष बांदा राम नारायण साहू निर्वाचित हुए चुनाव कार्यक्रम के उपरांत बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम व मेधावियों का सम्मान समारोह रखा गया कार्यक्रम सयोजक सर्व वैश्य चेतना समिति के मंडल अध्यक्ष रामशरण साहू जी ने आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान जिलाध्यक्ष सत्यनारायण साहू जी ने की इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य कमलेश साहू रामस्वरूप साहू राम गोपाल साहू संजय साहू पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अतर्रा अनुज साहू अमित साहू जितेंद्र साहू अशोक साहू सोनू साहू आकाश साहू अखिलेश साहू दिलीप साहू आदि मौजूद रहे !



# दिल्ली पत्रकार महासंघ का दीपावली मिलन समारोह।

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-आज उत्तर पूर्वी दिल्ली के ए-33/33 गांवड़ी रोड, नोर्थ घोंडा स्थित कार्यालय में,दिल्ली पत्रकार महासंघ के तत्वावधान में दीपावली मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया ।इस समारोह की अध्यक्षता दिल्ली पत्रकार महासंघ के संस्थापक और लीड न्यूज नेटवर्क चैनल के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय जैन ने की ।इस मौके पर लगभग पचास इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के जर्नलिस्टों को संस्था का मोमेंटो व गिफ्ट आदि से सम्मानित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष अजय जैन ने हमें बताया कि इस समारोह में प्रियंका, इसरार अहमद,सुरेंद्र तिवारी,कपिल ढाका व ओमप्रकाश प्रजापति सहित तमाम मीडिया कर्मियों को सम्मान से नवाजा गया ।इस अवसर पर लजीज जलपान का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में,अजय जैन ने सभी आंगुतकों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



# मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-आखिरकार चुनावी औपचारिकता पूरी हुई ।खड़गे अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए ।इस चुनाव में मल्लिकार्जुन खड़गे ने जीत हासिल की है। उन्हें कुल 7,897 वोट मिले हैं। इसके अलावा शशि थरूर को भी 1,000 से ज्यादा वोट मिले हैं। थरूर ने अपनी हार को स्वीकार कर लिया है। मल्लिकार्जुन खड़गे को लेकर माना जा रहा था कि उन्हें पार्टी हाईकमान की ओर से भी समर्थन मिला है। यही वजह है कि ज्यादातर अन्य नेताओं का समर्थन भी उन्हें ही मिला है। कर्नाटक से 9 बार विधायक रहने और कई बार सांसद रहने वाले मल्लिकार्जुन खड़गे को गांधी परिवार के वफादार नेताओं में शुमार किया जाता है ।मल्लिकार्जुन खड़गे का कांग्रेस अध्यक्ष चुना जाना पार्टी में बड़े बदलाव की शुरूआत माना जा रहा है। उनके अध्यक्ष बनने के साथ ही गांधी परिवार बैकसीट पर पहुंच गया है ।जो लगातार 24 सालों से कांग्रेस अध्यक्ष था।1998 से अब तक सोनिया गांधी ही कांग्रेस अध्यक्ष थीं, जबकि बीच में दो साल के लिए 2017 से 2019 के दौरान राहुल गांधी ने यह पद संभाला था। लोकसभा चुनाव में हार के बाद राहुल गांधी ने पद से इस्तीफा दे दिया था। यही नहीं तभी उन्होंने साफ कर दिया था कि अब गांधी परिवार से कोई अध्यक्ष नहीं होगा। अंत तक वह इस जिद पर अड़े रहे और फिर चुनाव हुआ ।जिसमें मल्लिकार्जुन खड़गे को चुना गया है।



# आबकारी टीम ने 15 ली अवैध शराब बरामद कर दो कुंतल लहन किया नष्ट

**समाज जागरण अभिषेक तिवारीअमेठी**

अमेठी जनपद में त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए शासन के निर्देश पर अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध डीएम व उप आबकारी आयुक्त के निर्देश पुलिस व विभागीय टीमें लगातार दबिश देकर कार्यवाही करने में जुटी है। डीएम राकेश कुमार मिश्र के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को आबकारी विभाग की टीम ने तहसील क्षेत्र देवकली पश्चिम मऊ अतवारा व रूदापुर में दबिश के दौरान 15 लीटर अवैध शराब बरामद करते हुए 02 कुंतल लहन नष्ट करवाया ।मामले को लेकर आबकारी अधिनियम के तहत दो मामले भी दर्ज कराए गए ।इसके साथ ही विभागीय अधिकारियों ने लोगों को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए लोगो से सहयोग की अपील की ।टीम में देवल पांडेय साबिर सिद्दीकी अनुराग वर्मा प्रेम शंकर शर्मा अभय सिंह बृजेश पांडेय शामिल रहे ।



## भव्य बिश्नोई की जीत को भव्य बनाना है : राजीव जैन

# भाजपा युवा मोर्चा की बैठक का आयोजन

हिसार (राजेश सलूजा) : भाजपा युवा मोर्चा की बैठक गोपीराम धर्मशाला आदमपुर में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल की अध्यक्षता में हुई। इसमें आदमपुर उपचुनाव को लेकर मोर्चा पदाधिकारियों व कार्यकताओं की ड्यूटी



लगाई गई। इस बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता राजीव जैन और श्रीनिवास गोयल ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन के प्रत्याशी भव्य बिश्नोई उपचुनाव में सबसे युवा और उच्च शिक्षित प्रत्याशी हैं और युवाओं की हितों के बारे मे सबसे बेहतर जानते हैं। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इसलिए मोर्चा कार्यकताओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन ने उपचुनाव में भव्य बिश्नोई को एक लाख वोट दिलाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी है और भव्य बिश्नोई की जीत को भव्य बनाने का काम करना है। मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल ने कहा कि मोर्चा भव्य बिश्नोई की जीत को भव्य बनाने का काम करेगा। इस अवसर पर मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सुमित हुडडा, गगन शर्मा, रविंद्र रॉकी, जिला महामंत्री अनिल भैरू, आशीष जोशी, विपिन गोयल, लक्ष्मी, मुकेश शर्मा सुलखनी, नितिन आजाद, नरेश धतरवाल ,मनोज, पीयूष, रोहित नंगथला, आदमपुर मंडल अध्यक्ष नवीन शर्मा , विनोद चानौत, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट तरुण महत्ता, विशाल सैनी व परमाल कुंडु समेत मोर्चा के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गौ रक्षा समिति बांदा ने लंपि वायरस से पीड़ित 6 गौवंश का कराया इलाज ।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला ।**

बांदा विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के पदाधिकारियों के द्वारा निरीक्षण के दौरान शहर में विभिन्न क्षेत्रों में लंपि वायरस से पीड़ित गोवंश पाए गए नगर पालिका कर्मचारी बुलाकर सभी गोवंश को पकड़ा कर आइसोलेशन किया गया और पशु चिकित्सा टीम बुलाकर सभी गायों को ट्रीटमेंट करवाया गया जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि इस तरह से केस पूरे नगर में विभिन्न क्षेत्रों मिल रहे हैं और पूरे जिले में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में एवं नगरीय क्षेत्र में भी गोवंश लगातार इस वायरस से पीड़ित मिल रहे हैं इसमें जिम्मेदार अधिकारी लगातार लापरवाही से काम कर रहे हैं अगर यह वायरस तेजी से फैलता है इसका जिम्मेदार सिर्फ जिम्मेदार अधिकारी होंगे जो कि यह पूरे जिले में यह वायरस बहुत तेजी से फैल रहा है लेकिन अभी भी इससे संबंधित विभाग ने अभी तक उचित कदम नहीं उठाया है !

# जिलाधिकारी के निर्देश पर पशु अस्पताल में खरीदी गई दवाओं की हुई सैंपलिंग

**-औषधि निरीक्षक ने छह दवाओं के नमूनों को जांच के लिए भेजा**
**-रिपोर्ट आने के बाद ही दवाओं का किया जा सकेगा इस्तेमाल**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : सदर पशु अस्पताल में पशुओं के लिये खरीदी गयी दवाओं की जांच के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर डीआई ने सैंपल लिया और जांच के लिए भेजा। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने निर्देश दिया है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही दवाओं का प्रयोग किया जाए। जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम बनायी गयी थी. टीम में डिप्टी कलेक्टर सीमा पाण्डेय, औषधि निरीक्षक सिधेश्वर शुक्ल व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी गीतम सिंह शामिल हैं। जिलाधिकारी ने कहा है कि खरीदी गई दवाओं के नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद उसे प्रयोग में लाया जाय। इसी क्रम में बुधवार को औषधि निरीक्षक सिधेश्वर शुक्ल ने सम्बंधित अलग-अलग दवाओं के 6 नमूने लिये। सभी नमूनों को जांच के लिये प्रेषित किया गया।



## बीरबल बनें तुरैहा समाज के सिकन्दरपुर तहसील अध्यक्ष

रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण सिकन्दरपुर (बलिया) : पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार की दोपहर को स्थानीय पम्पा पूरी स्थित शनिचरा बाबा मंदिर के प्रांगण में तुरैहा समाज के उत्थान के लिए तुरहा समाज के तहसील अध्यक्ष तथा अन्य पदों के लिए समाज के लोगों द्वारा चुनाव कराया गया। खेजूरी थाना क्षेत्र के हरपुरा गांव निवासी बीरबल तुरैहा को निर्विरोध तहसील अध्यक्ष चुना गया, सि-कंदरपुर कस्बा निवासी खिचड़ी तुरैहा व बहादुरा निवासी राजाराम को निर्विरोध उपाध्यक्ष, तथा गोंसाईपुर महेन्द्र कुमार को महामंत्री बनाया गया। विश्राम प्रसाद व रघुनाथ प्रसाद निवासी हरपुर को मंत्री तथा राजकुमार प्रसाद निवासी हरपुर को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से निर्विरोध चुना गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मनाथ प्रसाद जिला उपाध्यक्ष राजू प्रसाद जिला संयोजक नथुन मास्टर, गामा प्रसाद, अवधेश कुमार, शंभू ,रविंद्र कुमार ,दीवान जी आदि तुरैहा समाज के लोग मौजूद रहे।



## दुर्दशा अस्पताल की: नरही सीएचसी में दो बजे ही सन्नाटा, पर्ची काउंटर भी बंद,मरीज हुए लाचार

**ओपीडी में ना चिकित्सक दिखे ना फार्मासिस्ट, सब हुए फरार**

विवेक राय, दैनिक समाज जागरण नरहीं (बलिया) : सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरहीं पर बुधवार को दोपहर दो बजे अस्पताल का पर्ची काउंटर बंद था ओपीडी में न डाक्टर थे न फार्मासिस्ट मौजूद रहे मरीज इधर उधर भटकते रहे। करोड़ों की लागत से बना 30 शैय्या वाला सीएचसी नरहीं अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है इस अस्पताल पर आधा दर्जन डाक्टरों की तैनाती हैं लेकिन यहां डाक्टरों की अनुपस्थिति हमेशा सुर्खियों में रहती है। अस्पताल का समय 10 से चार बजे तक है लेकिन बुधवार को सीएचसी में दोपहर दो बजे ओपीडी में डाक्टर नहीं थे पर्ची काउंटर बंद कर दिया गया था फार्मासिस्ट भी गायब थे। नरहीं गांव निवासी हरिओम चौरसिया, बृजेश पांडेय, दाऊ जी जब इलाज कराने पहुंचे तो कोई नहीं था। बता दें कि सीएचसी पर डां वेंकेटेश मौआर अधीक्षक, डॉ वीएल मंडल, डॉ ब्रजकुमार, डॉ शत्रुघ्न पाण्डेय, रीना पाण्डेय, अभिषेक राय की तैनाती हैं लेकिन अक्सर यहां डाक्टरों की अनुपस्थिति की शिकायत रहती है। इलाके के बड़ी संख्या में मरीज यहां इलाज कराने आते हैं इस अस्पताल पर एक्स रे मशीन भी है लेकिन इस अस्पताल से मरीजों का माकूल इलाज नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में जब अधीक्षक डॉ वेंकेटेश मौआर से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि अस्पताल पर सभी कर्मचारी तैनात हैं हो सकता है कि थोड़ी देर के लिए भोजन करने चले गए हों।



## कांग्रेस नेता अभिजीत तिवारी की प्रोन्नति, बने प्रदेश महासचिव

कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : नगर निवासी युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अभिजीत तिवारी सत्यम की पदोन्नति हुई है। उन्हें प्रदेश युवा कांग्रेस (पूर्वी) का प्रदेश महासचिव बनाया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस (पूर्वी) कनिष्क पाण्डेय ने पत्र जारी कर जानकारी दी हैं। सत्यम के महासचिव बनने पर कांग्रेस नेता उमाशंकर पाठक, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, पुनीत पाठक, सचित्तानन्द तिवारी, मिंटू पाण्डेय, रूपेश चौबे, श्री प्रकाश मिश्र, मुखिया पाण्डेय आदि ने बधाई दी हैं।



## टेनिस बाल क्रिकेट संघ की बैठक हुई संपन्न

ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण गड़वार (बलिया) : क्षेत्र के बभनौली स्थित एपेक्स स्कूल में जिला टेनिस बाल क्रिकेट संघ की एक आवश्यक बैठक बुधवार को आहूत की गई। बैठक में यह तय किया गया कि आगामी 22अक्टूबर को विद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले टेनिस बाल क्रिकेट प्राइजमनी बालक/बालिका प्रतियोगिता गत दिनों हुए बारिश के कारण विद्यालय में खेल के मैदान की खराबी की स्थिति को देखते हुए प्रतियोगिता अब 22नवम्बर को आयोजित की जाएगी।इस अवसर पर प्रबंधक इंजीनियर धनन्जय उपाध्याय, सचिव असलम वारसी,जिला कोषाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह,मुर्शिद वारसी,नरेंद्र प्रताप सिंह,रवि प्रकाश पांडेय,शशिमोहन पांडेय,अर्जुन द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## उच्चकों ने मेडिकल दुकान के सामने से उड़ाई बाइक

ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण

रसड़ा (बलिया) : रसड़ा क्षेत्र के जाम गांव की चट्टी पर स्थित एक मेडिकल की दुकान के सामने खड़ी जाम निवासी अभिषेक कुमार की काले रंग की पैसन प्रो बाइक को मंगलवार की सायं उच्चकों ने उड़ा दी। बाइक चोरी की भनक लगते ही पूरे चट्टी पर सनसनी फैल गई। पीड़ित ने इसकी लिखित सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी है।

# जिलाधिकारी ने किया जय विज्ञान रथ वैन को रवाना

**बच्चों के अंदर वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक की पहल**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए जय विज्ञान रथ कार्यक्रम की शुरूआत गंगा बहुउद्देशीय सभागार परिसर से की। हरी झंडी दिखाकर रथ वैन को रवाना भी किया।

जय विज्ञान रथ कार्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक (कक्षा 1 से 5) एवं उच्च प्राथमिक (कक्षा 6 से 8) में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अंदर वैज्ञानिक स्वभाव उत्पन्न करना है। वैज्ञानिक स्वभाव का आशय है कि वह व्यक्ति के स्वभाव उसके आचरण एवं सोच को प्रभावित करें। जय विज्ञान रथ के संचालन के माध्यम से बड़े पैमाने पर विज्ञान लोकप्रियकरण के कार्यों गतिविधियों को आरंभ करना, वैज्ञानिक एवं तर्कसंगत दृष्टिकोण को बढ़ावा देना और प्रचार प्रसार करना तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार हेतु संसाधन-सह सुविधा केंद्र के रूप में कार्य करना है। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने बच्चों के अंदर अंतरिक्ष विज्ञान की सोच विकसित करने के लिए एक टेलीस्कोप को भी जय विज्ञान रथ के साथ रवाना किया। इस अवसर पर सुधीर सिंह समन्वयक जिला विज्ञान क्लब बलिया, अतुल तिवारी जिला समन्वयक जिला विज्ञान क्लब बलिया तथा रमेश सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक उपस्थित थे।



# आम जन को राहत: अंत्योदय कार्डधारकों को ₹ 18 की दर से तीन किग्रा चीनी भी मिलेगी

***-बोले डीएसओ 20 से 31 अक्टूबर तक प्राप्त करें अपना खाद्यान्न***

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना अन्तर्गत अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को अगस्त महीने के सापेक्ष वितरित होने वाले खाद्यान्न (केवल चावल) का वितरण 20 से 31 अक्टूबर के बीच निःशुल्क होगा। वहीं अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को माह जुलाई-अगस्त-सितम्बर के सापेक्ष निर्धारित मूल्य 18 रुपये प्रति किग्रा की की दर से प्रति कार्ड तीन किग्रा चीनी का भी वितरण किया जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी रामजतन यादव ने बताया है कि जिन कार्डधारकों के अंगूठा ई-पॉस मशीन पर आधार प्रमाणीकरण में असफल हो जाएंगे, उन्हे मोबाइल ओटीपी आधारित प्राक्सी के माध्यम से दिनांक 31 अक्टूबर को वितरण किया जायेगा। सितम्बर में विकास खण्डवार या उचित दर विक्रेतावार लगाए गए नोडल/पर्यवेक्षणीय अधिकारी की ड्यूटी वितरण हेतु लगायी गयी थी, उन्हीं के द्वारा इस बार भी वितरण का पर्यवेक्षण सुनिश्चित किया जायेगा।




# द होराइजन स्कूल में कराटे प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण

गड़वार (बलिया) : कस्बा स्थित द होराइजन स्कूल में बुधवार को एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व में वाराणसी जनपद में हुए 14 वां ओपेन एसएसकेएफआई स्टेट चैंपियन शिप प्रतियोगिता के विजयी पदक विजेताओं को विद्यालय परिवार की तरफ से सम्मानित किया गया।

मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में सौम्या सिंह काता कुमीते में एक सिल्वर, एक ब्रांज मेडल, अंजलि दुबे काता कुमिते में दो ब्रांज मेडल अंवेषा पाण्डेय एक ब्रांज, दिव्यांगी सिंह एक ब्रांज, मांशी श्रीवास्तव एक ब्रांज, रामकृष्ण सिंह एक ब्रांज, विश्वदीप जायसवाल एक ब्रांज मेडल जीतने वालों को विद्यालय के प्राचार्य संजय सिंह ने मेडल, प्रमाण पत्र और एक -एक टी शर्ट देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा की पढ़ाई के साथ साथ खेल भी जरुरी जिससे आपका शरीर और मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहता है। प्रबंधक मनोज सिंह ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वरिष्ठ शिक्षक जीतेन्द्र मिश्रा, पियूष, मीनू सिंह, आकांक्षा पाण्डेय, निशांत खेल प्रशिक्षक अभिषेक तिवारी, कृष्णमोहन यादव तथा कोच एल बी रावत आदि उपस्थित रहे। संचालन अभय गुप्ता ने किया।




# जिलाधिकारी ने ददरी मेला और छठ पर्व की तैयारियों को लेकर की बैठक

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

**बलिया :** जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने आने वाले ददरी मेला और छठ पर्व की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की। बैठक का उद्देश्य ददरी मेला में होने वाली तैयारियों और उसकी सुरक्षा व्यवस्था को पहले से ही अधिक मजबूत बनाना था।



जिलाधिकारी ने बताया कि पशुओं में चल रहे लंपी डिजीज के चलते इस बार ददरी मेले में पशु मेला नहीं लगेगा। ददरी मेला अपनी दो बातो के लिए जाना जाता है एक पशु मेला और दूसरा मीना बाजार। लंपी डिजिज के चलते पशु मेला तो नहीं लगेगा लेकिन मीना बाजार की रौनक पहले की तरह ही बनी रहेगी। इस संबंध में उन्होंने ईओ नगरपालिका को निर्देश दिया कि मेले की तैयारी पहले से ही कर ली जाए और वहां पर साफ सफाई की व्यवस्था करा ली जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि मेले में स्वास्थ्य कैंप लगाए जाएं और एंबुलेंस की व्यवस्था की जाए । विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मेले में प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो लेकिन इस बात का ध्यान रहे कि कहीं भी कटे-फटे तार पड़े ना हो क्योंकि इनसे लोगों को करंट लगने का डर बना रहता है। नगर पालिका को उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगा कर घाटों की सफाई कर ली जाए क्योंकि ददरी मेले और छठ पर्व के दिन लोग भारी मात्रा में घाटों पर स्नान करने के लिए आते हैं। वहां पर महिलाओं के लिए शौचालय, कपड़े बदलने के कैम्प आदि पहले से तैयार कर लिया जाए। साथ ही घाटों पर बैरिकेटिंग कर दी जाए। जिससे कि किसी प्रकार की परेशानी ना हो। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी तहसीलों के एसडीएम भी अपने-अपने तहसील क्षेत्र में घाटों पर साफ सफाई की व्यवस्था करवा लें और कहीं पर भी पशु मेला न लगने दें। जनपद से सटे तहसीलों के उप जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जनपद में कहीं से भी पशु बाहर से ना आने पाए। मेले में आने वाले दुकानदारों को दुकानें आवंटित करते समय पूरी पारदर्शिता बरतने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया।

पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर ने मेले की सुरक्षा को लेकर निर्देश दिया कि सभी सीओ अपने अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दे। साथ ही मेले में पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। लाउडस्पीकर से लोगों को सूचित किया जाता रहेगा। साथ ही खोया-पाया कैंप भी लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे न केवल मेला परिसर में लगाया जाए बल्कि आने जाने वाले रास्तों, पार्किंग आदि पर भी लगाया जाए। उन्होंने परिवहन विभाग से कहा कि क्योंकि इस बार मेला कोरोना के बाद लग रहा है इस कारण मेले में भीड़ अधिक होगी अतः परि-वहन विभाग गाड़ियों की संख्या बढ़ा दे।

बैठक में सीएमओ जयंत कुमार,अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी के अतिरिक्त सभी उप जिलाधिकारी, सीओ और विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पिता की पुण्यतिथि पर गरीबों में बांटा कंबल

ऋतुराज तिवारी
दैनिक समाज जागरण

रेवती (बलिया) : नगर के वार्ड नं तीन निवासी दिव्य प्रकाश चौबे ने अपने आवास पर अपने पिता स्व. शिवजी चौबे के पुण्य तिथि पर अपने भाईयों के साथ विधवा तथा विकलांगों के बीच कम्बल का वितरण किया।

दिव्य प्रकाश ने बताया कि कुल पचास कम्बल वितरित किए गए। बताया कि मेरे पिता को परोपकार करने में रूचि थी। वे गरीब,असहायों की सेवा करने में पीछे नहीं हटते थे। वे हमें भी ऐसा करने के लिए आजीवन प्रोत्साहित किया करते थे। इसके पूर्व सुन्दर काण्ड का पाठ किया गया। इस अवसर पर मनीष चौबे, राहुल तथा मोहित चौबे सहित, अंजनी पाण्डेय, अशोक केश-री,अवधेश पाण्डेय बब्लू पाण्डेय आदि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु प्री- ट्रायल बैठक

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में बुधवार को समस्त सम्मानित पीठासीन अधिकारीगण की प्री-ट्रायल बैठक, आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से हुई। 12 नवंबर को आयोजित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु विचार विमर्श किया गया। श्जितेन्द्र कुमार पाण्डेय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त पीठासीन अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने न्यायालय में लम्बित मामलों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण करें, तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हांकित किये गये वादों की सूची यथासम्भव शीघ्र कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया को प्रेषित करें। उक्त बैठक में दिनेश कुमार मिश्रा प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश, हुसैन अहमद अंसारी अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-3/नोडल अधिकारी लोक अदालत बलिया, श्रीमती मनीषा विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी.एक्ट), महेश चन्द वर्मा, विशेष न्यायाधीश (ई0सी0 एक्ट) अपर जनपद न्यायाधीश, गोविन्द मोहन अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-8 (पोक्सो एक्ट) , ओमकार शुक्ला विशेष न्यायाधीश (गैगेस्टर एक्ट)/अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-5, ओम प्रकाश अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0 7 (एन0डी0पी0एस0 एक्ट), नितिन कुमार ठाकुर अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-2, अरूण कुमार-तृतीय अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-4, प्रशान्त बिलगैया अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी. प्रथम, विनोद कुमार अपर जनपद न्यायाधीश एफटीसी-।।, नरेन्द्र पाल राणा अपर जनपद न्यायाधीश /एफटीसी-।।।, हरीश चन्द्र मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुरेन्द्र प्रसाद सिविल जज सी0डि0 बलिया, सुश्री शाम्भवी यादव अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, सर्वेश कुमार मिश्र सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया, श्रीमती तपस्या त्रिपाठी सिविल जज सी0डि0/एफटीसी, आशीष थिरानिया सिविल जज (जू0डि0) पश्चिमी, राजीव रंजन मिश्रा न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय, धम्म कुमार सिद्धार्थ अपर सिविल जज (जू0डि0) रसडा, प्रवीण कुमार प्रियदर्शी अपर सिविल जज (जू0डि0), धर्मेन्द्र कुमार भारती सिविल जज (जू0डि0)/एफटीसी, एवं अनिल कुमार मिश्रा विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट बलिया उपस्थित रहे। संचालन सर्वेश कुमार मिश्र न्यायाधीश ने किया।



# समस्त नगर पालिका/नगर पंचायतों के निर्वाचन नामावली का कार्य होगा समय से: जिलाधिकारी

**कहा जनसामान्य के लिए 18 नवंबर को हो जाएगा अंतिम प्रकाशन**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (स्था0नि0) सौम्या अग्रवाल ने बताया है कि जनपद की समस्त नगर पालिका/नगर पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का निम्नांकित समय-सारणी के अनुसार पुनरीक्षण किया जाएगा।

इस संबंध में निर्वाचको के पंजीकरण एवं निर्वाचक नामावली तैयार करने विषयक विस्तृत निर्देश आयोग से प्राप्त होने पर उपलब्ध कराए जाएंगे। जिसमें ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 31 अक्टूबर को, ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण तथा दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करना 01 नवंबर से 07 नवंबर तक, दावे और आपत्तियों का निस्तारण 08 नवंबर से 12 नवंबर तक, दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरांत पूरक सूचियों की पांडुलिपियों की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने की कार्यवाही 14 नवंबर से 17 नवंबर तक एवं अंतिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों की जन सामान्य के लिए प्रकाशन 18 नवंबर तक निर्धारित किया गया है।



# विद्युत उपकेंद्र माल्दह क्षेत्र के गांवों में विभाग ने चलाया अभियान

रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण

सिकंदरपुर (बलिया) : विद्युत वितरण उपकेंद्र माल्दह क्षेत्र के जजौली गांव में बिजली विभाग ने चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने कम बकाया वाले लोगों को बिल जमा करने की चेतावनी दी। जबकि बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काट दिए। टीम ने एक लाख से ऊपर वाले 8 लोगों के कनेक्शन काटे। चेतावनी दी कि बिना बकाया अगर किसी ने दोबारा बिजली लाइन को जुड़वाया तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

माल्दह उपकेंद्र के एसडीओ विधुत विभाग अजय कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान शुरू किया गया। बिजली बकाया, मीटर रीडिंग, बिजली कनेक्शन, ओवरलोड आदि की जांच की गई। जो भी बकाएदार मिले उनकी बिजली कटती गई। विभागीय जांच के दौरान काफी भीड़ एकत्रित हो गई। गांव में जांच करने वाली टीम में तहसीलदार सिकंदरपुर, एसडीओ सिकंदरपुर, जेई विद्युत विभाग सहित विजली विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। सभी बकायेदार से कहा गया कि समय रहते सभी लोग अपना बकाया जमा कर दें, नहीं तो संबंधित का कनेक्शन काट दिए जाएगा।



**जारी रहेगा चेकिंग अभियान-**

अभियान के दौरान एसडीओ अजय कुमार ने कहा कि चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।जो भी बकायेदार होंगे, उनकी बिजली काट दी जाएगी, यहीं बगैर बकाया जमा किए अगर फिर बिजली जलाई तो एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। बिजली चोरी करने वालों को चेतावनी दी गई कि अगर बिजली मीटर से बाइपास अथवा कटिया कनेक्शन से चोरी करते कोई पकड़ा गया तो उसके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# कथावाचक नीलमणि ने सत्संग को बताया जीवन की अमूल्य निधि

ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण

गड़वार (बलिया) : क्षेत्र के श्री जंगली बाबा धाम पर संत श्री उड़िया बाबा विश्व कल्याण संस्थान के तत्वावधान में व स्वामी श्री परमेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज(उड़िया बाबा)के सानिध्य में चल रहे सात दिवसीय महारुद्र यज्ञ में यज्ञ मंडप की परिक्रमा व बाबा का दर्शन पूजन हेतु श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा पूजन का कार्य आचार्य पं.अजय कुमार ओझा, छोटेलाल उपाध्याय अपने सहयोगी आचार्यगणों के साथ करा रहे हैं। इस अवसर पर यज्ञ स्थल पर अयोध्या से पधारे सियाबिहारी रसिक ,सत्यनारायण दास व प्रयागराज से पधारे कथाव्यास प्रपनाचार्य नीलमणि माधव धर्म रक्षा व जनकल्याण के लिए अपने आशीर्वचन से भक्तजनों को अभिभूत कर रहें हैं। यज्ञ के तीसरे दिवस कथाव्यास प्रपनाचार्य नीलमणि माधव ने उपस्थित श्रोताओं को सत्संग की महिमा बताते हुए कहा कि सत्संग मानव जीवन की अमूल्य निधि है। किसी भी प्रकार की ऊंचाई अगर किसी को प्राप्त हुई है तो उसके मूल में सत्संग ही रहा है। कहा कि सत्संग के माध्यम से ही भगवान की प्राप्ति सरलता से हो सकती है।सत्संग के द्वारा भगवान के चरणों की भक्ति और प्रेम की प्राप्ति हो सकती है। प्रवचन को सुनकर श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो जा रहे है।



# सर्पदंश से महिला की मौत, हाहाकार

ऋतुराज तिवारी बिन्दू, दैनिक समाज जागरण

रेवती (बलिया) : स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर मशरीक का गांव में खाना बनाते समय सर्पदंश से एक 35 वर्षीय महिला की मृत्यु हो गई। महिला के मृत्यु से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

रेवती थाना क्षेत्र के रामपुर मशरीक गांव निवासिनी 35 वर्षीय चंपा देवी पत्नी जोगिंदर यादव मंगलवार की रात खाना बना रही थी। इसी बीच कहीं से पहुंचा विषधर ने चंपा को डस लिया। चंपा ने सांप काटने की सूचना परिजनों को दी। परिजन आनन-फानन में चंपा को लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने चंपा को मृत घोषित कर दिया। चंपा के जीवन की चाह में परिजन चंपा के शरीर को लेकर बांसडीह रोड स्थित अमवा की सती माई स्थान पर पहुंचे। जहां देर रात तक परिजन अमवा के सती माई का जयकारा लगाते रहे लेकिन सफलता नहीं मिलने पर परिजन चंपा के शव को लेकर गांव पहुंचे। मृतिका चंपा के दो पुत्र रवि किशन तथा राजा एवं दो पुत्रियां कंजल एवं अंजल है। मृतिका के सभी संताने अविवाहित हैं। मृतिका चंपा का सबसे छोटा 4 वर्षीय पुत्र राजा लोगों को रोता देख रो रहा है, तो कभी चुप हो जा रहा है। इस मासूम को यह भी पता नहीं कि मेरे सर से मां का आंचल उठ चुका है। मृतिका के पति, पुत्र,पुत्रियों सहित श्वसुर रुदल यादव तथा सास लालमुनिया देवी का रोते-रोते बुरा हाल है।



# मुलायम सिंह यादव की श्रद्धांजलि सभा 21 को

ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण

रसड़ा (बलिया) : समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर उनकी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 21 अक्टूबर को स्थानीय गांधी पार्क में अपरान्ह 1 बजे से आहूत की गई है। यह जानकारी देते हुए समाजवादी पार्टी रसड़ा विधान सभा के अध्यक्ष विजयशंकर यादव ने बताया कि इस सर्दलीय श्रद्धांजलि सभा में नेता जी मुलायम सिंह यादव के कृतित्व एवं व्यक्ति पर चर्चा करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांलजि अर्पित की जायेगी। उन्होंने पार्टी के कार्यकत्ताओं सहित अन्य पार्टी के नेताओ से श्रद्धांजलि सभा में भाग लेने का आह्वान किया है।

## स्वच्छता अभियान पर प्रधान ने दिया विशेष जोर

**नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : गांव देहात में साफ-सफाई को लेकर अब सरकार बेहद ध्यान दे रही है। प्रधानों के निर्वाचित होने के बाद शासन का गांवों की साफ-सफाई पर विशेष फोकस है। इसलिए शासन स्तर से मेरा गांव स्वच्छ गांव अभियान, का एलान कर दिया गया है। गांव देहात में साफ-सफाई को लेकर अब सरकार बेहद ध्यान दे रही है। इसी क्रम में बैरिया ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटवां के प्रधान वंदना गुप्ता द्वारा अपने ग्राम पंचायत के 12 पुरवा गांव में साफ सफाई एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करते हुए पुरानी रानीगंज बाजार का गड्ढा का कूड़ा कचरा से पुरी तरह भर जाने से गांव का पानी निकास का समस्या बन गया था साथ ही आस पास के किसानों का उपजाऊ खेत में गड्ढे से निकल कर खेत मे पानी भर जाने से किसानो का खेतों मे जलभराव का समस्या हमेशा लगा रहता था। इसको ध्यान देते हुए प्रधान प्रतिनिधि रोशन गुप्ता ने गड्ढे की सफाई कर कचरे को ट्रैक्टर-ट्राली द्वारा बाहर निकालने का कार्य तेज कर दिया है ताकि गड्ढे में गांव का पानी का ठहराव हो सके।



इनसेट..

कोटवा प्रधान प्रतिनिधि रोशन गुप्ता ने देश व समाज को एक नई दिशा और स्वच्छता अभियान को मात देने के लिए गांव की नालियों व नाले की सफाई करा कर स्वच्छता अभियान चलाया रास्तों की सफाई कराई उन्होंने ग्रामीणों को भी महामारी के बारे में जागरूक करते हुए आसपास साफ सफाई रखने के लिए जागरूक किया। उनका कहना था कि सफाई अभियान लगातार जारी रहेगा।

## उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक होंगे गड़हा महोत्सव के मुख्य अतिथि

### बोले गड़हा विकास मंच के अध्यक्ष कहा भोजपुरी के स्टार सांसद रवि किशन और निरहुआ भी लगाएंगे चार चांद

**शंकर सिंह**
**दैनिक समाज जागरण**

लक्ष्मणपुर (बलिया) : बहुचर्चित एवं बहुप्रतीक्षित स्व हरिशंकर राय स्मृति गड़हा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सूबे के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, अनिल राजभर, खेल कूद युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव,आयुष एवं खाद्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु दानिश आजाद, बलिया के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, राज्य सभा सदस्य नीरज शेखर , पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी, विधायिका केतकी सिंह,सहित यूपी बिहार के अनेक मंत्री विधायक शामिल होंगे।



5 नवंबर की ही रात गोरखपुर के सांसद और अभिनेता रविकिशन तथा आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। उक्त बातों की जानकारी गड़हा विकास मंच के अध्यक्ष चन्द्र मणि राय ने दी। गड़हा महोत्सव का आयोजन 4एवं 5 नवंबर को भरौली में होना है। 4 नवम्बर को पहले दिन कृषि मेला, स्वास्थ्य शिविर एवं गीत संगीत की प्रतियोगिता ट्वेंटी ट्वेंटी का आयोजन दिन में होगा जबकि दूसरे दिन रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

## पीस कमेटी की बैठक में सौहार्द बनाने की अपील

**जुनेद अहमद**
**दैनिक समाज जागरण।**

रतसर (बलिया) : स्थानीय नगर पंचायत स्थित चौकी परिसर में धनतेरस और दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने को लेकर बुधवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे गड़वार एसएचओ राजकुमार सिंह ने दीपावली पर्व को आपसी भाईचारे के साथ सादगी एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील किया। वहीं सर्राफा, पटाखा व्यापारियों सहित मूर्ति संस्थापकों से भी वार्ता करते हुए उन्हें दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। दीपावली की खरीदारी के मद्देनजर सभी दुकानदारों से सतर्कता बरतने पर जोर दिया गया। कहीं पर समस्या आती है तो तुरंत प्रशासन को अवगत कराने की बात कही गई। जिससे समय रहते समाधान कराया जाए। शांति बिगाड़ने का प्रयास करने वालों को कड़ी चेतावनी दी गई। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि आबादी से दूर पटाखा की दुकान लगाएं, क्योंकि इससे कभी भी दुर्घटना का खतरा बना रहता है। आबादी में जहां जगह चिह्नित की गई है, वहीं पर पटाखा की दुकानें लगाएं और अपने आसपास सुरक्षा की दृष्टि से सभी इंतजाम रखें। सराफा व्यवसायियों से धनतेरस व दीपावली पर होने वाली खरीदारी को देखते हुए सतर्कता बरतने को कहा गया। चौकी प्रभारी गिरिजेश सिंह ने कहा कि प्रशासन त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर प्रतिबद्ध है। त्योहार के दौरान किसी प्रकार का भी अफवाह फैलाने वाले लोगों पर पुलिस कड़ी नजर रखेगी।इस अवसर पर कां.राकेश कुमार, प्रमोद,विशाल,राहुल,रवि, पूर्व प्रधान नईम अख्तर, महेश प्रसाद, रामा शीष गौतम,सुनील सोनी, बैजनाथ सोनी,राकेश कुमार सोनी,गोपाल जी, नीरज यादव,हिमांशु वर्मा एवं विशाल कुमार मौजूद रहे।




## जिलाधिकारी ने की डेथ नोटिफिकेशन सर्विस की शुरूआत

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ,**
**दैनिक समाज जागरण**

बलिया : जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने मृतक परिवारों जनों के लिए डीएनएस (डेथ नोटिफिकेशन सर्विस) ऐप की शुरूआत गंगा बहुउद्देशीय सभागार से की। इस ऐप की शुरूआत करने का उद्देश्य मृतक व्यक्ति के अभिलेख को तैयार करने और परिवार जनों को सरकारी विभागों की भाग दौड़ से बचने के लिए किया गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से मृतक परिवार के लोगों को मृतक व्यक्ति के अभिलेखों को बनवाने में आसानी होगी। अब मृतक परिवार के लोग इस ऐप के माध्यम से सभी विभागों को एक साथ ,एक ही प्लेटफॉर्म के माध्यम से सूचना प्रेषित कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सूचना तकनीकी के दौर में सभी लोगों को इसका लाभ मिलना चाहिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने पांच परिवार के लोगों को मृतक प्रमाण पत्र भी दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि मृतक परिवार जनों के दुख को खत्म तो नहीं किया जा सकता परंतु उनकी पीड़ा को अवश्य कम किया जा सकता है। आज तकनीकी युग का दौर है, आधार से सबकुछ जुड़ा है, आधार से हमारी पूरी व्यवस्था लिंक है। मृत्यु के बाद परिवार के लोगों को विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस ऐप के लांच हो जाने से मृतक परिवार के लोगों को सारी सुविधाएं एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध हो जाएंगी। केवल व्यक्ति का नाम और उसकी आधार सूचना ऐप पर डालने पर ही उस व्यक्ति को जो भी सुविधाएं मिल रही थी उसकी जानकारी हो जाएगी। मृतक व्यक्ति की सूचना देने की जिम्मेदारी न केवल मृतक परिवार के लोगों को बल्कि परिवार के अन्य सदस्य, आस-पड़ोस के लोग ,रिश्तेदार कोई भी दे सकता है।

सरकारी कर्मचारी आपके घर आकर सत्यापन करेगा और योजनाओं का लाभ आप लोगों को मिलेगा। जैसे कि वरासत, कृषि योजनाओ का लाभ तथा सरकारी योजनाओं का लाभ आपके दरवाजे पर पहुंचेगा। राजस्व, स्वास्थ्य, समाज कल्याण विभाग की जो भी योजनाएं हैं वह सभी मृतक व्यक्ति के परिवार जनों को मिलेंगी। इस बैठक में राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी तथा मृतक व्यक्ति के परिवार जन आदि उपस्थित थे।

## दीपावली के मद्देनजर सतरामगंज बाजार भदौरा में मिठाई की दुकान पर जांच करते उपजिलाधिकारी सेवराई राजेश प्रसाद चौरसिया व फूड इंस्पेक्टर

**शैलेंद्र कुमार चौधरी दैनिक समाज जागरण**

सेवराई। दीपावली पर्व के मद्देनजर खाद्य सामग्री की दुकानों पर होने वाली मिलावट को देखते हुए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देश पर एसडीएम सेवराई एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा सेवराई स्थित सतरामगंज बाजार के दुकानों पर बुधवार दोपहर छापेमारी की गई। छापेमारी की जानकारी मिलते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया । बाजार के दुकानों का धड़ाधड़ शटर गिरने लगे ।

एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद के नेतृत्व में जनपद के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामपाल सिंह के नेतृत्व में 5 सदस्यीय विभाग की टीम के साथ ही आपूर्ति विभाग द्वारा भारी पुलिस बल के साथ मिठाई एवं खाद्य सामग्री की दुकानों पर छापा मार जांच पड़ताल की गई। इस कार्रवाई में दी मिठाई की दुकानों से पनीर, दूध, लड्डू, रस मलाई आदि खाद्य उत्पादों के नमूने लेकर सील किया गया।



एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामपाल सिंह के टीम द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान सतरामगंज बाजार में मिठाई के दुकानदार संजय गुप्ता के यहा से पनीर व दूध का सैम्पल लेने के बाद कामर्सियल गैस की जगह घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग होने पर आपूर्ति विभाग द्वारा उक्त सिलेंडर को जब्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कारवाई की गई। खाद्य विभाग द्वारा बस स्टैंड स्थित गहमरी स्वीट्स के दुकान पर छापा मारकर कई प्रकार के मिठाई के नमूने लिए गए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर पी सिंह ने बताया है कि सभी नमूने जांच के लिए लखनऊ भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम राजेश प्रसाद के साथ ही पूर्ति निरीक्षक गोविंद सिंह ,मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामपाल सिंह व पांच सदस्यीय जांच टीम में अवधेश कुमार, गोपाल चंद, समला प्रसाद यादव, राजीव कुमार सिंह एवं वीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

## भांवरकोल पुलिस ने दो युवकों को नाजायज असलहों के साथ किया गिरफ्तार

**बिकास राय संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के भांवरकोल पुलिस ने बीती रात थाना क्षेत्र के धर्मपुरा मोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान दो युवकों को दो अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक अजीत राय उर्फ गोलू एवं नितेश राय थाना क्षेत्र के शेरपुर कला गांव के रहने वाले हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष भांवरकोल सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि थाना के एस-।आई विकास सिंह अपने हमराहियों के साथ क्षेत.में भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान में धर्मपुरा मोड़ पर पहुंचे जहां दो युवक संदिग्ध परिस्थितियों में खडे.दिखे।पुलिस को देखते ही भागने लगे ।पुलिस ने दोनों युवकों को धर दबोचा। तलाशी लेने पर अजीत के पास 315 बोर का अवैध तमंचा तीन जिंदा कारतूस तथा नीतेश के पास 315 बोर का तमंचा और दो कारतूस बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों युवकों को 25 आर्म्स एक्ट के तहत कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में अम्बुज मित्रा,जितेश आदि कांस्टेबल शामिल रहे।




## भारत मे कुपोषण एक गम्भीर समस्या –:डॉक्टर भानु

**ओंकार नाथ चौधरी समाज जागरण**

शरीर के लिए आवश्यक सन्तुलित आहार लम्बे समय तक नहीं मिलना ही कुपोषण है, कुपोषण के कारण बच्चों और महिलाओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है जिससे वे आसानी से कई तरह की बीमारियों के शिकार हो जाते हैं, बच्चों और स्त्रियों के अधिकांश रोगों की जड़ में कुपोषण ही होता है, स्त्रियों में रक्ताल्पता या घेंघा रोग अथवा बच्चों में सूखा रोग या रतौंधी और यहाँ तक कि अंधत्व भी कुपोषण के ही दुष्परिणाम हैं। इसके अलावा ऐसे पचासों रोग हैं जिनका कारण अपर्याप्त या असन्तुलित भोजन होता है।

उपरोक्त बाते जनपद हरदोई के सुरसा ब्लाक अंतर्गत टिकरी ग्राम पंचायत में मेडिकल कैम्प के उदघाटन समारोह में पीजीवीएस के सचिव डॉक्टर भानु ने कहा।

उन्होंने बताया कि एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से पूर्वांचल ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा संचालित गृह आधारित बाल पोशाहार सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रि एवं पोषण मित्रो के सहयोग से चिन्हित कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चो को मेडिकल कैंप में बुलाया गया है जिनका वजन एवं लम्बाई के साथ साथ चिकित्सा जांच किया जाएगा।



बच्चो को निःशुल्क दवा का वितरण किया जाएगा एवं आवश्यकता पड़ने पर नूट्रिशन रिहैबिटेशन सेंटर रेफर किया जाएगा।

मेडिकल कैम्प का उदघाटन/शुभारम्भ टिकरी के ग्राम प्रधान श्री मोहम्मद नफीस जी द्वारा फीता काट कर किया गया।

ग्राम प्रधान द्वारा अपने संबोधन में इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए हर सम्भव मदत का भरोसा दिया गया।

परियोजना समन्वयक विनियेश कुमार द्वारा कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी देते हुए बताया गया कि बच्चों में साफ सफाई के साथ- साथ उचित खानपान जैसे 6 माह तक लगातर स्तानपान, 6 माह के बाद स्तनपान के साथ ऊपरी संतुलित आहार, हरी सब्जियां आदि खिलाकर कुपोषण को रोका जा सकता है।

इसके साथ ही गर्भ धारण से लेकर बच्चा पैदा होने तक 1000 दिन लगातार क्या क्या करना आवश्यक है, जैसे टीकाकरण, जांच, आयरन की गोली खाना आदि के विषय मे विस्तृत जानकारी दी गई।

इस मौके पर पूर्वांचल ग्रामीण विकास संस्थान से आकाश, प्रोजेक्ट एसोसिएट मो आरिफ, शिशुपाल, विजय यादव, व सभी ग्राम पंचायत के पोषण मित्रो का सहयोग सराहनीय रहा।

## आदित्य हॉस्पिटल को एसडीएम सेवराई ने रजिस्ट्रेशन फेल होने पर सीज कर दिया।

दिलदारनगर (गाजीपुर) : बड़ी नहर पुलिया के पास संचालित आदित्य हॉस्पिटल को एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद ने रजिस्ट्रेशन फेल होने पर सीज कर दिया।

एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद सेवराई सीएचसी प्रभारी डॉ धनंजय आनंद संग आदित्य हॉस्पिटल पहुंचे। वहां जांच के दौरान हॉस्पिटल रजिस्ट्रेशन का पेपर फेल पाया गया।हॉस्पिटल में चिकित्सक गायब मिले जबकि छह मरीज भर्ती पाए गए।एसडीएम ने हॉस्पिटल में मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ कर अस्पताल को सीज करने का निर्देश दिया।वही भर्ती मरीजों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया गया।सीएचसी प्रभारी डॉ धनंजय आनंद ने बताया कि अस्पताल का रजिस्ट्रेशन फेल हो गया।अस्पताल में एक भी चिकित्सक नहीं मिले जिस पर प्रबंधक तौसीफ खां उर्फ भोलू सहित चिकित्सक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया।टीम में दिलदारनगर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ काजिम,थाना निरीक्षक अशेषनाथ सिंह,निरीक्षक जितेंद्र कुमार,उपनिरिक्षक शिवपूजन बिंद आदि रहे।

## कण्ट्रोलरूम में बाढ़ पीड़ितों की आयी समस्याओं को सूचीबद्ध कर कराया जाय त्वरित निराकरण–आयुक्त

**ओंकार नाथ चौधरी समाज जागरण**

श्रावस्ती, मंगलवार को देवीपाटन मण्डल के आयुक्त एम0पी0 अग्रवाल ने बाढ़ पीड़ितों के त्वरित मदद और सहायता के लिए जिला स्तर पर बने कलेक्ट्रेट स्थित बाढ़ कण्ट्रोलरूम का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान आयुक्त ने वहां पर शिकायत पंजिका, उपस्थिति पंजिका व महत्वपूर्ण नम्बरों की सूची आदि का भी अवलोकन किया। और निर्देश दिया कि कन्ट्रोलरूम में जो भी शिकायतें प्राप्त होती है, उन्हें सूचीबद्ध किया जाए, और उनका त्वरित निराकरण भी सुनिश्चित किया जाय।



इस दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने आयुक्त को अवगत कराया कि बाढ़ कन्ट्रोलरूम में शिफ्टवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है, जो 24७7 घण्टे तैनात रहकर प्राप्त होने वाली शिकायतों को सूचीबद्ध कर शिकायतों का निस्तारण कराया जा रहा है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(वि/रा) डी0पी0 सिंह, उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरी, उपजिलाधिकारी आशुतोष सहित कन्ट्रोलरूम में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ढाबा मालिकों दुकानदारों को जागरूक किया गया एवं रेस्क्यू अभियान भी चलाया गया

**ओंकार नाथ चौधरी जनपद बलरामपुर** महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत भारत नेपाल बॉर्डर पर स्थित 75 सीमावर्ती जनपदों में बाल तस्करी से आजादी के संबंध में अभियान चलाए जाने हेतु जनपद में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कराये जाने विषयक बालविवाह, भिक्षावृत्ति, बाल श्रम व मानव तस्करी की रोकथाम हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के निर्देश दिए गए हैं। जिसके अनुपालन में कार्ययोजना तैयार कर,जिसमे जनपद बलरामपुर के समस्त थानों के अंतर्गत आने वाले इस तरह के ग्राम जो नेपाल बॉर्डर से सटे हुए है उन ग्रामो में तिथि वार बाल तस्करी से आजादी जागरूकता / संवाद कार्यक्रम के दौरान आज दिनांक 19.10.2022 को थाना- तुलसीपुर में तुलसीपुर बाजार के ढाबा मालिको , दुकानदारो को जागरूक किया गया तथा बच्चों का रेस्क्यू किया गया जिसमे म0 उ0 नि 0नीलोफर बानो थाना अऌळव मय टीम,चाइल्ड लाइन व श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलरामपुर भूपेंद्र मिश्रा साथ में मौजूद रहे।



## रेस्क्यू अभियान चलाकर दो बालको को बालश्रम से कराया मुक्त

जनपद श्रावस्ती श्रम प्रवर्तन अधिकारी के संयुक्त निर्देशन में श्रावस्ती जनपद के मल्हीपुर बाजार में रेस्क्यू अभियान चलाया गया,जिस दौरान मल्हीपुर बाजार से 2 बालको को बालश्रम से मुक्त कराया गया। उक्त रेस्क्यू कार्यक्रम में श्रमप्रवर्तन अधिकारी श्री दिनेश विश्वकर्मा जी, टी आर पी नया सवेरा से मनोज कुमार तिवारी, एएचटीयू थाना से प्रियंका जी,नेहा जी और देहात चाइल्डलाइन श्रावस्ती से मनोज कुमार,पंकज श्रीवास्तव,सुषमा जी आदि लोगो द्वारा प्रतिभाग किया गया, चाइल्डलाइन श्रावस्ती टीम द्वारा दोनो बालको को बाल कल्याण समिति श्रावस्ती के समक्ष प्रस्तुत किया और समिति ने अग्रिम कार्यवाही करते हुए बालको को रात्रि प्रवास हेतु चाइल्डलाइन श्रावस्ती के सुपुर्द कर दिया।

## राजस्व की शत–प्रतिशत वसूली कर लक्ष्य पूरा करें सम्बन्धित अधिकारीगण–जिलाधिकारी।

**ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती,** राजस्व वसूली से जुडे समस्त विभागीय अधिकारियों का दायित्व है कि दिये गये लक्ष्यों के अनुरुप वसूली सुनिश्चित करायें। यदि किसी भी विभागीय अधिकारियों द्वारा वसूली में शिथिलता बरती गयी तो निश्चित ही उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

उक्त निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में वसूली से जुडे विभागीय अधिकारियों के साथ कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की गहन समीक्षा करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने दिया है। उन्होंने जोर देते हुऐ कहा कि राजस्व वसूली से ही सरकार द्वारा तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जाता है। इसलिए राजस्व वसूली को सभी विभागीय अधिकारी प्राथमिकता से लें और विशेष रुचि लेकर वसूली करके अपने लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि क्रमशः वाणिज्य कर, परिवहन विभाग, अलौह खनन एवं आबकारी की वसूली लक्ष्य से कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को प्रत्येक दशा में वसूली कर लक्ष्य को भी पूरा करने का निर्देश दिया है। बैठक में जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर विभाग की वसूली कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने वसूली में तेजी लाकर शत-प्रतिशत वसूली के निर्देश दिये। और जनपद के बड़े बकायदारों को सूचीबद्ध करके शत-प्रतिशत वसूली करायी जाए। स्टाम्प चोरी की शिकायत पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्टाम्प की जांच कराकर कार्यवाही अमल में लायी जाए। आबकारी विभाग को निर्देशित किया कि प्रवर्तन कार्य में तेजी लाकर अवैध नकली शराब रोकने हेतु कार्यवाही की जाए तथा वसूली से जुड़े विभागों को निर्देश दिया गया है कि वसूली स्टेट एवरेज से कम न हो। परिवहन एवं वाणिज्य कर विभाग टीम बनाकर वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

**बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) डी0पी0 सिंह ने किया।**

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी क्रमशः भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, इकौना रोहित एवं जमुनहा सौरभ शुक्ला, उपजिलाधिकारी रोहित, तहसीलदार भिनगा रामप्यारे, जमुनहा मो0 अहमद फरीद खान, असिस्टेंट कमिश्नर वाणिज्य कर कृष्ण मुरारी यादव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विनीत कुमार मिश्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भिनगा यदुनाथ, नाजिर अनूप

## विधायक ने बांटा बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री

**कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

बांसडीह(बलिया) : स्थानीय विधायक केतकी सिंह ने बुधवार को बांसडीह क्षेत्र के सारंगपुर, सुल्तानपुर आदि गांवों के घाघरा की बाढ़ से प्रभावित सैकड़ों लोगों को राहत सामग्री का वितरण किया। केतकी सिंह ने बाढ़ प्रभावित लोगों से कहा कि प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार आपदा की घड़ी में सभी पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी हैं। टीएस बंधा के किनारे के सभी प्रभावित गांवों में नाव, स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ ही प्रशासन के लोग सहायता के लिए उपलब्ध है। सभी प्रभावित गांवों में राशन सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर एसडीएम राजेश गुप्ता, विश्राम सिंह, अरूण सिंह, पिण्टू बाबा, सुग्रीव यादव, दिनेश साहनी, राजू दूबे, सिन्टू मिश्र, अजीत मिश्र आदि थे।



## स्थानीय तहसील के सुरहा एवं अमौरा गांव को जोड़ने वाली पुलिया पिछले साल कर्मनाशा नदी में आई बाढ़ से टूट कर गिर गई

**शैलेंद्र कुमार चौधरी दैनिक समाज जागरण**

सेवराई। स्थानीय तहसील क्षेत्र के अमौरा गांव एवं सुरहां गांव को जोड़ने वाली पुलिया करीब 6 वर्ष पहले कर्मनाशा नदी में आई बाढ़ की वजह से बाढ़ के पानी में धंस गई थी लेकिन अभी तक इस नहर पुलिया का निर्माण नहीं हो सका है जिससे दोनों गांव का पुलिया नहीं होने से दूरी बढ़ गई है पुलिया होने की वजह से सुरहा गांव एवं अमौरा गांव की दूरी मात्र 1 किलोमीटर थी लेकिन पुलिया टूट जाने से इस गांव की दूरी 3 किमी दूर हो गई है वहीं दोनों गांव के लोगों को आने जाने में परेशानी चल रही है अमौरा गांव के नाले पर बनाई गई पुलिया धंसने की वजह से लोगों को आने-जाने में परेशानी झेलनी पड़ रही है यह पुलिया 2 गांव को जोड़ती थी जिससे दोनों गांव की दूरी बहुत कम था लेकिन पुलिया धंसने की वजह से इन दोनों गांव की दूरी अब बढ़ गई है वहीं स्कूल के बच्चों को विद्यालय जाने में भी काफी दूरी तय करनी पड़ेगी क्योंकि इस पुलिया की वजह से सुरहा और अमौरा गांव की दूरी 1 किलोमीटर था लेकिन पुलिया धंस ने की वजह से लोगों को अब अमौरा जाने के लिऐ लोगो को 3 किलोमीटर दूरी तय कर जाना पड़े गा वही अब पुलिया के उस पर किसानों को अपने खेत की जोताई करने के लिये पूरे गाँव घूम कर जाना पड़ेगा जिससे किसानों को खेती करने में काफी परेशानी उठानी पड़ेगी। क्योंकी पुलिया के ऊपर से कोई भी वाहन नहीं जा रहा है इसकी वजह से किसानों को खेती करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा



गांव के लोग बसंत सिंह, विजई राम, सीता राम ,लाल बचन सिंह, रामबचन, नारायण सिंह, सुरेंद्र सिंह, ललन राम आदि लोगों ने बताया कि यह पुलिया करीब 20 वर्ष पहले अमौरा गांव के नाले पर बनाई गई थी जिससे नाले के उस पार के किसानों को खेती करने में सुविधा और सुरहा गांव की दूरी कम हो लेकिन नाले पर बनी पुलिया के धंसने की वजह से अब किसानों सहित लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है ।

## एक दिवसीय ग्राम प्रधान उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न

**संवाददाता इंद्रसेन प्रसाद दैनिक समाज जागरण**

उत्तराव मोड़ बाराचवर--स्थानीय कृष्णा मैरिज लॉन में बेसिक शिक्षा विभाग बाराचवर द्वारा आयोजित एक दिवसीय ग्राम प्रधान उन्मुखीकरण कार्यशाला बुद्धवार को सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य अथिति ब्लॉक प्रमुख श्री ब्रजेन्द्र कुमार सिंह एवम विशिष्ट अथिति बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री हेमंत राव जी रहे। कार्यशाला में विकासखंड बाराचवर के समस्त ग्राम प्रधान, विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवम संकुल प्रमुखों ने प्रतिभाग किया। ग्रामप्रधानों के समक्ष एआरपी द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प की प्रगति, कार्य करने के तरीके , डीबीटी और निपुण भारत अभियान के बारे में विस्तृत चर्चा पॉवरपॉइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से की गई। जनपद के एस आर जी श्री रितेश सिंह ने निपुण लक्ष्यों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए बच्चों के सीखने का आकलन निपुण लक्ष्य ऐप से करके दिखाया। बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव जी ने सभी ग्राम प्रधानो द्वारा कायाकल्प के तहत विद्यालयों पर कृत कार्यो की सराहना करते हुए उनसे अनुरोध किया कि विद्यालय में हो रहे विकास कार्य अंतिम विद्यालय के संतृप्त होने तक चलते रहे। साथ ही सभी शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवम स्वच्छ वातावरण प्रदान करना ही शिक्षकों का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए ताकि वह आगे चल कर देश के सुयोग्य नागरिक बन सके।खंड विकास अधिकारी मनोज वर्मा ने भी प्रधान साथियो को प्रेरित करते हुए ऑपरेशन कायाकल्प के कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। ब्लॉक प्रमुख श्री ब्रजेन्द्र कुमार सिंह ने भी ब्लॉक स्तर से ऑपरेशन कायाकल्प में सहयोग देने की बात की। अंत मे खंड शिक्षा अधिकारी श्री सुनील कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।इस दौरान सुधीर कुमार सिंह,चतुर्भुज सिंह अनिल राय,अनिल यादव प्रसून सिंह,ओमप्रकाश सिंह फैजान अंसारी,अजय यादव,पवन सिंह,संजय यादव,प्रथमेश सिंह,रामदत्त राम,बिरेश यादव,राजेश राय,लक्ष्मीशंकर राय,इन्दल राय,अजय सिंह,रणधीर पाण्डेय, हृदयनारायण यादव,ग्रामप्रधान दीपक उपाध्याय,प्रवीण वर्मा,योगेन्द्र पाल,योगेश यादव,रामकृत राजभर,अमादसिद्दीकी,पृथ्वी सिंह,गया सिंह चौहान,रामओतार राम,आदि लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामप्रधान आलोक राय ने किया।संचालन राजदेव सिंह यादव ने किया।



## आधा दर्जन गांवों में विद्युत विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान, 44 का कटा कनेक्शन,15 पर मुकदमा दर्ज

प्रदीप शर्मा, संवाददाता दैनिक समाज जागरण जमानियां (गाजीपुर)। विद्युत विभाग की टीम ने मंगलवार को अधिशासी अभियंता हेमंत सिंह के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया। अधिशासी अभियंता हेमंत सिंह ने बताया कि सुहवल उपकेंद्र अंतर्गत सुजानपुर में, सब्बलपुर उपकेंद्र अंतर्गत सब्बलपुर एवं देवलपुर एवं ढढ़नी उपकेंद्र अंतर्गत चक मेदनीपुर में चेकिंग और डिस्कनेक्शन अभियान चलाया गया जिसमें 96 कनेक्शन चेक किए गए। 44 बकायेदार उपभोक्ताओं का डिस्कनेक्शन कराया गया। 13 उपभोक्ताओं का बकाया में काटे गए कनेक्शन के बाद पुनः लाइन जोड़कर चलाते हुए पाया गया। जिनके विरुद्ध धारा 138 बी में एफआईआर दर्ज कराया जा रहा है। दो उपभोक्ता बिना संयोजन के विद्युत प्रयोग करते पाए गए, जिनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया जा रहा है। इस तरह का अभियान लगातार चलता रहेगा। और बिना कनेक्शन के बिजली उपभोग करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जायेगा। चेकिंग अभियान में एसडीओ विजय यादव, एसडीओ प्रवीण मौर्य, जेई दुर्गविजय, जेई ताराशंकर सिंह, संजय, बाबू खान एवं उपकेंद्र ढढनी, सुहवल, सब्बालपुर के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।